हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

चाहे कुछ भी हो जाए मैं नहीं बदलूंगा, रोहित शर्मा का इरादा साफ, श्रीलंका से हार के बाद...

Page 10



देश

सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए आधुनिक तकनीक का पूर्ण उपयोग किया...

शुक्ल पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 06 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 237 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹70,580 | ₹85,700 |



## आज का इतिहास

- 1892 : दादाभाई नौरोजी पहले भारतीय ब्रिटेन में संसद सदस्य के रूप में चुने गए।
- 2006 : भारत और चीन को जोड़ने वाले हिमालय में एक पहाड़ी दर्रा नाथू ला, जो चीन-भारतीय युद्ध के दौरान सील किया गया था, 40 से अधिक वर्षों के बाद व्यापार के लिए फिर से खुल गया।

## न्यूज बाइट्स

### बीमा भारती के पति का कोर्ट में सरेंडर

**पूर्णिया (नि.सं.)** । पूर्णिया के हाई प्रोफाइल गोपाल यादुका मर्डर मामले में पूर्व विधायक बीमा भारती के पति अवधेश मंडल ने सोमवार को पूर्णिया सिविल कोर्ट में सरेंडर किया है। कोर्ट ने अवधेश मंडल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में आरोपी बेटा अब भी फरार है। अवधेश मंडल भी मामले में आरोपी बनाए जाने के बाद से ही फरार था। हालांकि, आज उसने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। पूर्णिया पुलिस ने अवधेश मंडल पर हत्या की साजिश के आरोप में गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही थी। अवधेश मंडल रुपौली विधानसभा क्षेत्र से 5 बार की पूर्व विधायक बीमा भारती के पति हैं। हत्याकांड में शामिल बेटा राजा अब भी फरार है, जिसको पुलिस तलाश रही है।

### दुग्ध, मछली उत्पादन में भारत बना दुनिया का अगुवा

**नई दिल्ली (ए.)**। देश ने बीते 10 वर्षों में दुग्ध उत्पादन तथा मछली पालन के क्षेत्र में कई गुनी वृद्धि की है और निर्यात भी बढ़ा है। केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन (लल्लन सिंह) ने लोकसभा में आम बजट 2024-25 में अपने विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मत्स्य उत्पादन की नीली क्रांति के लिए पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्रप्रदेश सहित सभी तटवर्ती राज्यों को भरपूर सहायता दी है। उन्होंने इन राज्यों को दी जाने वाली सहायता की राशि भी बतायी। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत ये सहायता दी जा रही है।

### जीवन एवं चिकित्सा बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी वापस लेने की मांग

**नई दिल्ली (ए.)**। बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के परिसंघ 'जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज ऑल इंडिया एसोसिएशन' ने जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने का विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के परिसंघ 'जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज ऑल इंडिया एसोसिएशन' के महासचिव त्रिलोकसिह तथा क्लास-1 अधिकारियों के संगठन के महासचिव दर्शन कुमार वाधवा ने सोमवार को यहां संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि सरकार का यह फैसला अनुचित है और इससे स्वास्थ्य तथा जीवन बीमा पर 18 प्रतिशत की जीएसटी नीति बीमाधारकों की सामाजिक सुरक्षा पर बड़ा बोझ बन गया है।

» 15 सेकेंड तक चिपके रहे, करंट से शव जलने लगे » लोगों ने कहा- लाउडस्पीकर नीचे बांधो, वो बोला- आगे वाले से तेज बजना चाहिए

# तीसरी सोमवारी : हाईटेंशन तार की चपेट आया डीजे, नौ श्रद्धालुओं की हुई मौत





निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

सावन की तीसरी सोमवारी पर हाजीपुर के हरिहरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे 9 श्रद्धालुओं की करंट लगने से मौत हो गई। डीजे ट्रॉली के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ये हादसा हुआ। ट्रॉली में लगा लाउडस्पीकर 11 हजार वोल्ट की तार से उलझा और चंद सेकेंड में 9 श्रद्धालुओं की जान चली गई। जत्थे में शामिल लोगों ने बताया कि हादसा ऐसा था कि तार के संपर्क में आते ही ट्रॉली में आग लग गई। तार में तेज स्पार्क होने लगा। 9 लोग मौत के बाद भी लगभग 15 सेकेंड तक ट्रॉली से चिपके रह गए। करंट से शव जलने लगे थे। लोगों का कहना है कि डीजे संचालक की लापरवाही से ये हादसा हुआ। लोगों ने पहले ही लाउडस्पीकर ऊपर लगाने से रोका था, लेकिन वो नहीं माना।

हादसे में मारे गए चंदन की मामी शैली देवी ने बताया कि लोगों ने कहा था कि ट्रॉली में बाजे को थोड़ा नीचे बांधे। लेकिन डीजे संचालक ने कहा कि नहीं ज्यादा ऊंचा लगाएंगे। इसी चक्कर में 11 हजार वोल्ट के तार से झटका लगा। इसमें ट्रॉली वाले की गलती है। लोग नीचे बांधने को बोल रहे थे, इसपर संचालक बोला कि दूसरे डीजे वाले को टक्कर देनी है, ऊंचा बांधेंगे। घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर पर ही डीजे संचालक मुन्ना कुमार का घर है। घटना के वक्त सभी पहलेजा घाट के लिए निकलने की तैयारी ही कर रहे थे। ट्रॉली पर डीजे बांधा जा रहा था। साथ जाने वाले श्रद्धालु जुट रहे थे। फिलहाल घटना के बाद डीजे संचालक के घर पर भी सन्नाटा है। गलती से हुए हादसे के बाद उसके परिजन भी घर छोड़कर फरार हैं। स्थानीय लोगों की माने तो ये हादसा काफी बड़ा हो सकता था, क्योंकि ट्रॉली के महज 30-35 मीटर पीछे करीब 150 लोगों का जत्था चल रहा था। हादसे के बाद तार से तेज चिंगारी निकलने लगी, जिससे बाकी लोग डर कर और पीछे हो गए। मृतक आमोद कुमार के पिता देवी लाल ने बताया कि ट्रॉली जा रही थी। उसमें तार सटने से करंट लगा। लाइट आधे घंटे के बाद कटी है। सभी बाबा हरिहरनाथ जा रहे थे। पीछे बहुत लोग थे। आगे कम ही लोग थे जो भी उसकी चपेट में आए उनकी मौत हो गई। ज्यादा लोग होते आगे तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था। हादसा हाजीपुर इंडस्ट्रियल थाने के सुल्तानपुर गांव में रात करीब 12 बजे हुआ है। चंद सेकेंड में हादसा हो गया। 15 सेकेंड तक शव ट्रॉली से चिपके रहे। करंट लगने के बाद लोगों के शव जलते रहे। बताया जा रहा है कि डीजे ट्रॉली पर 12-15 लोग सवार थे। 9 की मौत हुई, 2 घायल हुए हैं, बाकी लोग बच गए।

### 4-4 लाख का मुआवजा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर दुख जताया है। सीएम के निर्देश पर नॉर्थ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की अनुग्रह राशि का भुगतान कर दिया गया है। वही लालू परिवार ने भी हादसे पर अपनी संवेदना जताई है।

## बाइक की टक्कर : सड़क हादसे में चार कांवड़ियों की हुई मौत



निज संवाददाता | कटिहार

बिहार के कटिहार जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें चार कांवरियों की जान चली गई है। यह दुर्घटना मनिहारी थाना क्षेत्र के कुमारीपुर कजरा के पास हुई, जहां दो बाइकों की सीधी टक्कर हो गई। हादसे के समय सभी कांवरिये सावन की तीसरी सोमवारी पर मनिहारी घाट पर गंगा स्नान कर जल भरने गए थे। मृतकों में एक बाइक पर सवार लोग कटिहार के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उदामारहिका के रहने वाले थे, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक पूर्णिया के सरसी इलाके के निवासी बताए जाते हैं। घटनास्थल पर यह भी पता चला कि दोनों बाइकों पर कुल पांच लोग सवार थे। परिजन राजू कुमार ने बताया कि यह हादसा सोमवार की सुबह उस समय हुआ जब बाइक सवार युवक मनिहारी गंगाघाट जा रहे थे। इस दौरान, बाइकों के अनियंत्रित होने के कारण वे आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक दो युवकों की मौत हो चुकी थी। बाकी घायल युवकों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। इस घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस के पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों में उदामारहिका के सूरज कुमार सिंह और कृष्णा राम की पहचान हो गई है, जबकि सरसी के कांवरियों की पहचान अभी बाकी है।

# पंजाब नेशनल बैंक में 22 लाख कैश की लूट



निज संवाददाता | पटना

राजधानी पटना में अपराधियों ने दिन के उजाले में बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। यहां दिनदहाड़े अपराधियों ने पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा में करीब 22 लाख रुपये की लूटपाट की है। सरेआम पीएनबी में हुई लूटपाट की घटना से सनसनी फैल गई है। बैंक के बाहरी दरवाजे को बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि अपराधी वहां से हथियार लहराते हुए आराम से फरार हो गए हैं।

पटना के पालीलंगज के पीएनबी शाखा में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। दुल्हिनबाजार इलाके के कोरैया में बैंक की यह शाखा स्थित है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अपराधी आराम से बैंक के अंदर घुसे थे। बैंक के अंदर अपराधियों ने हथियार के बल पर बैंक कर्मियों और ग्राहकों को अपने वश में कर लिया था। इसके बाद लूटपाट की इस घटना को अंजाम दिया गया है। इधर बैंक में दिनदहाड़े लूटपाट की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि पुलिस ने बैंक के अंदर मौजूद लोगों से पूछताछ की है। अभी मामले की छानबीन की जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा जा रहा है कि यह अपराधी नकाब पहन कर बैंक में घुसे थे। इन अपराधियों ने हथियार के दम पर इस लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस इस मामले में अपराधियों को पकड़ने और घटना की विशेष जानकारी हासिल करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की भी निगरानी कर रही है। पुलिस ने कहा है कि करीब 3-4 की संख्या में अपराधी बैंक के अंदर घुसे थे। अपराधियों ने हथियार के दम पर बैंक में मौजूद लोगों को एक कमरे में बंधक बना लिया था और फिर इस लूटपाट को अंजाम दिया है।

### बिहार में बैंक के लुटेरे...

बिहार में इस साल अब तक कई बार बैंक लूट की वारदात को अंजाम दिया जा चुका है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो 15 जून को भोजपुर जिले में 1.20 लाख की लूट सीएसपी ग्रामीण बैंक में हुई थी। इसी जिले में 8 जुलाई को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में भी लूटपाट हुई थी। शेखपुरा में 1 जुलाई को 30 लाख रुपये की लूट हुई थी। यह लूटपाट ऐक्सिस बैंक में हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी पटना में 15 जून को ऐक्सिस बैंक में 17.50 लाख रुपये की लूट हुई थी। बेगूसराय जिले में 21 मार्च को एचडीएफसी बैंक में करीब 20 लाख रुपये की लूटपाट हुई थी। इसी तरह अररिया जिले में ऐक्सिस बैंक से 90 लाख रुपये की लूट हुई थी।

## तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

निज संवाददाता | किशनगंज

किशनगंज के कुर्लीकोर्ट थाना क्षेत्र के हाजीबस्ती में तालाब में नहाने के दौरान 3 बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। बच्चो के शव को करीब 17 घंटों के बाद एसएसबी के जवान और एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार को कुर्लिकोर्ट थाना क्षेत्र के हाजीबस्ती अंतर्गत स्थित ईट भट्ठे के सामने एक बड़े तालाब में तीन बच्चे नहाने गए। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से तीनों बच्चे डूब गए। तीनों की मौत हो गई है। तीनों बच्चो की पहचान शानिया (7 साल) आशिया (8 साल) और फिरदौस (7 साल) के रूप में हुई है। तीनों हाजीबस्ती के ही रहने वाले थे। घटना के बाद एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर ने छानबीन शुरू कर दी। जहां करीब 17 घंटे के बाद सोमवार को तीनों बच्चों के शव को बरामद किया गया है। एक ही गांव के तीनों बच्चे के शव को देख परिजनों के साथ साथ पूरे गांव में कोहराम मचा गया है। शव को देखने के लिए घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं, बच्चो के शव मिलते ही मौके पर कुर्लीकोर्ट थाना की पुलिस पहुंच चुकी है और तीनों बच्चो के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल किशनगंज भेज दिया गया है। साथ ही पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं, इस पर अंचल अधिकारी सुचिता कुमारी ने बताया कि बच्चों के परिजनों को मुआवजा राशि के 4 लाख रुपए दिए जाएंगे। उक्त मामले पर ठाकुरगंज के अंचल अधिकारी सुचिता कुमारी ने बताया कि तीनों बच्चों के शव की बरामदगी हो गई है। तीनों में दो बच्चियां है और एक बच्चा है। जिसके बाद तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चर्चित आईपीएस काम्या मिश्रा ने 22 की उम्र में आईपीएस बनी, 28 में दिया इस्तीफा

निज संवाददाता | पटना



बिहार की लेडी सिंघम कही जाने वाली आईपीएस काम्या मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। वो दरभंगा में ग्रामीण एसपी के पद पर तैनाता हैं। इस्तीफे के पीछे पारिवारिक कारण बताए जा रहे हैं। वीआईपी चीफ मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के मर्डर केस में बनाई गई एसआईटी को काम्या मिश्रा ही लीड कर रही थीं। और बहुत जल्द इस केस का खुलासा भी हो गया था। लेकिन अचानक उनके इस्तीफे पर पुलिस विभाग में चर्चा तेज हो गई है। आईपीएम काम्या ने एक साल पहले भी इस्तीफे की पेशकश की थी।

आपको बता दें। 2019 बैच की आईपीएस अधिकारी काम्या मिश्रा महज 28 साल की हैं। 22 साल की उम्र में उन्होने अपने पहले प्रयास में ही यूपीएसपी की परीक्षा क्लियर कर ली थी। ओडिशा की मूल निवासी काम्या ने अखिल भारतीय रैंक 172 हासिल की थी। पुलिस सेवा की शुरूआत में उन्हें हिमाचल कैडर आवंटित किया गया था। फिर बाद में बिहार कैडर में ट्रांसफर कर दिया गया। काम्या ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया है। ग्रेजुएशन में ही उन्होने तय कर लिया था कि उन्हें आईपीएस अधिकारी बनना है। इसलिए उन्होंने यूपीएससी की तैयारी स्नातक के दौरान ही शुरू कर दी थी। काम्या मिश्रा ने अपराध जांच विभाग में सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी), एएसपी (सदर) और एएसपी (सचिवालय) के रूप में भी काम किया है।

शिक्षा विभाग ने बदल दिया पुराना आदेश, कैलेंडर में छह नई छुट्टियां जोड़ी

## अब रक्षाबंधन, तीज-अनंत चतुर्दशी की भी छुट्टी

निज संवाददाता | पटना



आईएएस केके पाठक के आदेश को शिक्षा विभाग के नए एसीएस डॉ. एस सिद्धार्थ पलट रहें हैं। एसीएस के द्वारा जारी आदेश के अनुसार बिहार के स्कूलों में रक्षाबंधन, जिऊतिया, कार्तिक पूर्णिमा, तीज और अनंत चतुर्दशी को छुट्टी रहेगी। डॉ. एस सिद्धार्थ के आदेश पर शिक्षा सचिव डॉक्टर बैजनाथ यादव ने स्कूल कैलेंडर संशोधन संबंधित आदेश जारी किया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय निदेशक बैद्यनाथ यादव के हस्ताक्षर से जारी पत्र में कहा गया है कि रक्षाबंधन, अनंत चतुर्दशी, जीवित पुत्र जिउतिया, तीज, गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा को अवकाश रहेगा। कुल 6 दिनों की छुट्टी होगी। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2024 अवकाश तालिका कैलेंडर में संशोधन किया जाता है। शेष छुट्टियां पहले की तरह रहेगी।

शिक्षा विभाग के तत्कालीन एसीएस केके पाठक ने स्कूल कैलेंडर 2024 जारी किया था। 27 नवंबर 2023 को नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसमें कई पर्वों की छुट्टियों को समाप्त कर दी गई थी। रक्षाबंधन, अनंत चतुर्दशी जिऊतिया, कार्तिक पूर्णिमा के अलावा कई ऐसे महत्वपूर्ण पर्व रहे थे जिन पर स्कूलों में छुट्टियां को खत्म की गई थी। स्कूल में पढ़ाई नहीं कराने का आदेश था, लेकिन टीचर को उपस्थित रहने का आदेश दिया गया था। महापुरुषों की जयंती पर भी बच्चे स्कूल नहीं आए, लेकिन शिक्षकों को बुलाया गया। इसको लेकर नीतीश सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। शिक्षकों में नाराजगी भी थी।

### किस दिन को कितनी कितनी छुट्टियां

रक्षाबंधन पर एक दिन की छुट्टी। 19 अगस्त दिन सोमवार को एक दिन की छुट्टी। तीज के मौके पर दो दिन की छुट्टी होगी। 6 सितंबर दिन शुक्रवार और 7 सितंबर दिन शनिवार के दिन छुट्टी होगी। 17 सितंबर, मंगलवार को अनंत चतुर्दशी की छुट्टी होगी। 25 सितंबर दिन बुधवार को जिउतिया की छुट्टी रहेगी। 15 नवंबर दिन शुक्रवार को गुरु पूर्णिमा स्कूल में पढ़ाई नहीं होगी।

## डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर करने का प्रस्ताव, सीएम हेमंत सोरेन ने दी सहमति

निज संवाददाता | रांची



झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन किए जाने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी है। अब इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। सीएम की सहमति मिलने से पलामू के लोगों में खुशी की लहर है। झारखंड के पलामू जिले में डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन है। लंबे समय से इस रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग की जा रही है। शहर का नाम डाल्टनगंज से बदलकर मेदिनीनगर पहले ही कर दिया गया है, लेकिन रेलवे स्टेशन का नाम नहीं बदला गया था। पलामू के लोगों की ये पुरानी मांग थी। आखिरकार सीएम हेमंत सोरेन ने पलामूवासियों की सुध ली और डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन किए जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दे दी।

सीएम हेमंत के इस निर्णय के बाद अब इसे आगे की कार्रवाई के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री की सहमति मिलने से पलामू जिले के लोगों में खुशी की लहर है। उन्हें उम्मीद है कि इससे उनके क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी।

## सीबीआई मुकदमे में अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं



**नयी दिल्ली (ए.)**। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द किये जाने और जमानत के लिए दायर उनकी याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि सीबीआई के पास श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था।

बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने भारी उपद्रव और हिंसा के बीच देश छोड़ा

## बांग्लादेश से भागकर भारत पहुंचीं शेख हसीना, डोभाल से की मुलाकात

निज संवाददाता | नई दिल्ली



बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर मचे बवाल के बाद हालात बेकाबू हो गए हैं। हिंसा इतनी ज्यादा भड़क गई है कि उपद्रवियों की भीड़ ने पीएम आवास पर ही हमला बोल दिया है। शेख हसीना ने पीएम पद से इस्तीफा दे दिया है और देश छोड़कर भारत आ चुकी हैं।अब वह दिल्ली से लंदन की फ्लाइट लेने की तैयारी में है। इस बीच बांग्लादेश की सेना ने कमान संभाल ली है और अंतरिम सरकार के गठन की तैयारी है। सेना के मुखिया वकार-उज-जमां ने कहा कि सत्ता का हस्तांतरण चल रहा है। एक अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा। सभी हत्याओं की जांच की जाएगी। सेना पर जनता को भरोसा रखना होगा। इसके साथ ही उन्होंने जनता से शांति की अपील भी की। उन्होंने जनता से अपील की, 'आप हम लोगों पर भरोसा करें। साथ मिलकर काम करेंगे। कृपया मदद करें। हमें लड़ने से कुछ भी फायदा नहीं होगा। संघर्ष को टालिए। हम मिलकर एक सुंदर देश बनाएंगे।' आरक्षण को लेकर मचा बवाल बांग्लादेश में इतना ज्यादा बढ़ गया है कि अब तक 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इसके अलावा शहर दर शहर जल रहे हैं।

### बांग्लादेश पीएम हसीना का इस्तीफा

बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन हिंसक होने के बाद पीएम शेख हसीना ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने ढाका में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अब सेना अंतरिम सरकार बनाएगी। उधर, ढाका में हालात बेकाबू हैं। सेना प्रमुख ने लोगों से शांति बहाली की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम हालात काबू में ले आएंगे।



# घर में घुसकर लड़की को मारी गोली, भीड़ ने की पिटाई

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सोमवार को एक युवक ने घर में घुसकर युवती के सीने में गोली मार दी। जिसके बाद भीड़ ने भाग रहे आरोपी को पकड़ा और पुलिस के सामने ही उसकी पिटाई कर दी। लड़की और युवक दोनों की हालत गंभीर है। इलाज के लिए दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक ने कहा कि हमदोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लड़की मुझ पर शादी के लिए दबाव बना रही थी। घरवालों के कहने पर मेरे खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि फायरिंग के बाद आरोपी युवक भागने लगा। गांव वाले भी उसका पीछा करने लगे। आरोपी घबराकर पास के एक गोदाम के ऑफिस में छिप गया। उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसी बीच बाहर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।आक्रोशित लोग ऑफिस की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और आरोपी युवक को बाहर निकालकर बेरहमी से पिटाई कर दी। बेहोश होने तक भीड़ उसकी पिटाई करती रही। कोई लाठी तो कोई लात-मुक्के से उसे मारता रहा। भीड़ के सामने पुलिस बेबस दिखी। युवक को बचाने के चक्कर में पुलिस को



भी चोट लगी है। घटना परवलपुर थाना क्षेत्र के पीलीच गांव की है।

**डेढ़ साल से हम दोनों के बीच संबंध था- घायल युवकः** आरोपी युवक ने कहा कि डेढ़ साल से उसके साथ संबंध में थे। वो बोलती थी शादी वो मुझसे ही करेगी। हम बोले जब तक रिलेशन चलता है चलाओ। फिर हम अपनी पसंद से शादी कर लेंगे और तुम अपनी पसंद के लड़के से शादी कर लेना। वो बोलती थी कि जब शादी नहीं करोगे तो मेरे साथ रिलेशन में क्यों रहोगे। हम उसको बोले थे कि बात करोगी तो शादी करना पड़ेगा। फिर नहीं बोलना कि परिवार वाले नहीं मान रहे हैं। वो बोली जान दे देंगे पर किसी और से शादी नहीं करेंगे। तब हमको अपना जैसा फील हुआ। उसको 40 हजार का वन प्लस मोबाइल दिए। वो जीजू को दे दी। उसके पास खराब मोबाइल था। फिर उसको 15 हजार का मोबाइल दिया। कहीं भी ले जाना होता था तो सेफ्टी से ले जाते थे। पिछले महीने भी 20 हजार खर्च किए।

**परिवार वालों के प्रेशर से थाने में की थी शिकायतः** वो बोली थी किसी और से शादी करेगा तो तुमको और तुम्हारे परिवार को छोड़ेंगे नहीं। हम बोले थे कि तुम्हीं से शादी करेंगे। लड़की परिवार वालों के प्रेशर से थाने में शिकायत की थी। वो परिवार वाले के सपोर्ट में आ गई। सब से गुहार लगाए कि शादी करवा दीजिए। वो लोग कहते थे कि मरा जाओगे। आज बोली थी कि दोनों साथ में मरेंगे। उसको एक गोली मारे। फिर जब हम अपने आप पर गोली चलाने लगे तो गोली चली ही नहीं।

❒ युवक बोला- शादी के लिए दबाव बना रही थी, घरवालों के कहने पर किया था केस

**घायल युवती का चल रहा इलाजः** घायल युवती 20 साल की प्रीति कुमारी है। युवती को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस युवती से बयान लेने की कोशिश में है। वहीं, आरोपी युवक मानपुर थाना क्षेत्र के पुतनिया गांव निवासी नीतीश कुमार है।

**प्रेम-प्रसंग का मामला लग रहाः** हिलसा डीएसपी-2 गोपाल कृष्ण ने बताया कि पीलीच गांव में एक युवती को गोली मारी गई है। गोली मारने वाला युवक गांव से बाहर एक गोदाम में छिपा गया था। ग्रामीण युवक को घेरे थे। पुलिस ने युवक को अपने कब्जे में लेकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

# नालंदा के पेनीपुर टोला में एक महीने से बत्ती गुल

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में स्थित पेनीपुर टोला के निवासी पिछले एक महीने से घोर अंधकार में जीने को मजबूर हैं। 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जलने के कारण लगभग 100 परिवार बिजली की सुविधा से वंचित हो गए हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बिजली विभाग की उदासीनता के कारण उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, 8 जुलाई से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। स्थानीय निवासी सनुज कुमार ने बताया, "दिन ढलते ही गांव में अंधेरा छा जाता है। बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। साथ ही, अंधेरे का फायदा उठाकर सांप और बिच्छू जैसे जानवर घरों और गलियों में घुस आते हैं, जो हमारी सुरक्षा के लिए खतरा है।जब ग्रामीण कल्याण बिगहा आपूर्ति प्रशाखा के जूनियर इंजीनियर (जेई) शिवशंकर सिंह से मिले, तो उन्होंने बिजली बिल बकाया होने का हवाला देते हुए ट्रांसफॉर्मर बदलने से इनकार कर दिया। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि बिल जमा करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।एक अन्य निवासी, रूपा देवी ने कहा, "हमने बिल का भुगतान कर दिया है, लेकिन जेई साहब आज-कल, आज-कल कहकर टालते रहे। एक महीना बीत गया, लेकिन न तो ट्रांसफॉर्मर बदला गया और न ही मरम्मत की गई।"

● बिल जमा करने का हवाला देकर नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर, समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण करेंगे प्रदर्शन

**क्या बोले अधिकारीः** इस मामले में जब बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता रूपक कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा की एक महीने से बिजली आपूर्ति ठप है, यह सोचने वाली बात है। जेई से संपर्क कर जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।ग्रामीणों ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों और जिला कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि जैसे तैसे करके गांव के बाहर बिजली के खंभे के पास बोर्ड लगा के मोबाइल चार्ज कर रहें हैं।

# JDU MLC भगवान सिंह कुशवाहा पहुंचे गया

निज संवाददाता। गया

बिहार विधान परिषद सदस्य जदयू के भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि आने वाले दिनों में बिहार के चार विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होने हैं। उपचुनाव को देखते हुए सन्गठन की ओर से मगध और शाहाबाद में बिछुड़े और नाराज साथियों को जोड़ने के लिए आए हैं। कहीं कुछ कमी रह गई थी। इसी वजह से लोकसभा चुनाव में हम आउट हो गए। उन्होंने कहा कि अगहन में धान की फसल पर हसुआ चल जाना चाहिए। यदि किसी वजह से हसुआ नहीं चल सका तो इसका मतलब कहीं न कहीं कमी है। उस कमी को अब दूर कर लिया गया है। ये बातें भगवान सिंह कुशवाहा ने सर्किट हाउस में मीडिया के समक्ष कहीं।



**तेजस्वी यादव पर साधा निशानाः** इस मौके पर भगवान सिंह कुशवाहा ने राजद के तेजस्वी यादव का नाम लिए बगैर कहा कि बीते 17 महीने में राजद की सरकार में एक डिप्टी चीफ मिनिस्टर थे। उनके पास 5 मलाईदार विभाग थे। उन सभी विभागों में जब भ्रष्टाचार का खेल होने लगा। डेढ़- डेढ़ करोड़ रुपए में ट्रांसफर व पोस्टिंग होने लगी तो जदयू के लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बातें रखीं।

# गया रोटरी क्लब के अध्यक्ष बनाए गए सुबोध प्रसाद, कहा- संस्थान को नई ऊंचाई पर ले जाएंग

निज संवाददाता। गया

रोटरी क्लब का इंस्टालेशन कार्यक्रम के तहत सुबोध प्रसाद को गया जिला रोटरी क्लब का प्रेसिडेंट चुना गया इस मौके पर 6 नए सदस्य ने भी सदस्यता ग्रहण की। 6 नए सदस्य वे हैं जिनकी शहर में अच्छी पहचान है। सुबोध प्रसाद को 2024-25 के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सुबोध प्रसाद ने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल ने हमें गया जिले के प्रेसिडेंट की जिम्मेदारी दी है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। संस्था की ओर से दी गई जिम्मेदारी को पूरे लगन और मेहनत के साथ और सदस्यों के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल ने पोलियो उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई




है। इस बात से पूरा विश्व वाकिफ है। संस्था 7 कोर इश्यूज पर काम करती है। उसके तहत गया जिले में भी सात इश्यूज पर काम किए जाएंगे और संस्थान को नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। इसमें संस्था के सहयोगियों के महत्वपूर्ण भूमिका भी अनिवार्य होगी। उनके बगैर कोई भी काम सहजता से पूरा नहीं हो सकता है।

**पांच बच्चियों को गोद लिया जाता हैः** उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से पांच बच्चियों को गोद लिया जाता है। उन पांच बच्चियों को गोद लिया जाएगा। उन्हें मुफ्त में शिक्षा भी दी जाएगी। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण के तहत शोषित व वंचित महिलाओं को निशुल्क व्यावसायिक ट्रेनिंग देकर निपुण किया जाएगा। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष कार्य किए जाएंगे। स्टूडेंट को न केवल शिक्षित किया जाएगा बल्कि उनके अंदर भारतीय संस्कार और संस्कृति की भावना जागृत की जाएगी। ताकि भविष्य में हुए एक अच्छे नागरिक बन सकें।

# चिराग-जीतनराम मांझी नहीं बचाएंगे आरक्षण, इन्होंने वोट का किया सौदा

निज संवाददाता। गया

बोधगया के विधायक पूर्व कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने चिराग पासवान और जीतनराम मांझी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान और जीतनराम मांझी आरक्षण नहीं बचाएंगे। इन लोगों ने चुप्पी साध ली है। इनसे आरक्षण बचाने की उम्मीद छोड़ देनी चाहिए। इनसे भला नहीं होनेवाला। आरक्षण के लिए सड़कों पर उतरना होगा। अब तक आंदोलन का रूप ऐसा होना चाहिए था कि पूरा देश देखता। लेकिन पता नहीं क्यों अति पिछड़ा और अनुसूचित जाति ने खुद को कमजोर कर लिया है। यही वजह है कि आरक्षण की हकमारी का खेल रचा जा रहा है।

**अति-पिछड़ा और अनुसूचित जाति ने खुद को किया कमजोरः** RJD नेता कुमार सर्वजीत ने कहा कि जब महागठबंधन के लोगों ने आरक्षण समाप्त किए जाने की बात कही थी। तब चिराग पासवान ने कहा था कि राजद के लोग झूठ बोल रहे हैं। लोगों को गुमराह कर रहे हैं। लेकिन अब जो भी स्थिति बनती जा रही है, उस पर क्या चिराग और जीतनराम मांझी सदन में आरक्षण की बात रखेंगे। अति-पिछड़ा और अनुसूचित जाति ने खुद




को कमजोर कर लिया है।

**सत्ता के लालच में लोगों ने जमीर बेच दियाः** विधायक कुमार सर्वजीत ने आगे कहा कि वोटों का सौदा ऐसे लोगों से कर रखा है, जो दिल से चाहते हैं की आरक्षण समाप्त हो जाए। इनसे आरक्षण के क्षेत्र में कोई भला नहीं होने वाला है। सत्ता के लालच में आकर लोगों ने जमीर बेच दिया है। संविधान में आरक्षण का अधिकार मिला है। यही बड़ी बात है। इसके लिए सड़क पर उतरना होगा। लेकिन राजद आरक्षण के लिए आवाज उठाएगी, क्योंकि मंडल के दौरान सबसे अधिक आरक्षण के लिए संघर्ष किसी ने किया था तो वे राजद के लोग थे। सबसे अधिक केस इन्ही पर हुआ था।

# नालंदा के किसान 'विशेष अतिथि' के रूप में आमंत्रित

**नालंदा** । एक ओर जहां देश स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ की तैयारियों में जुटा है। वहीं नालंदा के एक किसान ने इतिहास रच दिया है। सोहडीह के प्रगतिशील किसान राकेश कुमार को इस साल दिल्ली के लाल किले पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में 'विशेष अतिथि' के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह नालंदा के लिए गौरव का क्षण है। राकेश कुमार एक ऐसे किसान हैं, जिन्होंने खेती को एक कला का रूप दिया है। आलू उत्पादन में उनका नाम प्रदेश में चर्चित है।



इतना ही नहीं, उन्होंने जिले में सबसे पहले जैविक खेती की शुरुआत की। आज वे शेरे बिहार सोहडीह कृषक समूह के अध्यक्ष हैं। उनका जोश और कृषि के प्रति समर्पण ही है कि उनके प्रयासों से सोहडीह में 2 साल पहले पहली बार साल भर फूलगोभी की खेती संभव हुई। आज जिले के कई किसान उनकी राह पर चल रहे हैं। केंद्र सरकार ने इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में किसानों को विशेष महत्व दिया है। देश के विभिन्न राज्यों से चुने गए किसानों को लाल किले पर आमंत्रित किया गया है।

# फायरिंग में जख्मी युवक खतरे से बाहर, एयरटेल कर्मी से 14 लाख की हुई थी लूट

निज संवाददाता। गया

गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के नई बाजार में एयरटेल कम्पनी के कर्मी को गोली मारकर 14 लाख रुपए की लूट के मामले में तीसरे अपराधी की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस की दबिश जारी है। फरार चल रहे तीसरे अपराधी के बाबत लूट की वारदात के कुछ ही देर बाद पकड़े गए दो बदमाशों ने पुलिस को डिटेल जानकारी दी है। उसी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पकड़े गए दोनों अपराधी मानपुर के रहने वाले हैं। एक मुफस्सिल थाना क्षेत्र का जलालुद्दीन है तो दूसरा बुनियादगंज थाना क्षेत्र का सोनू



कुमार गुप्ता है। इनके पास से लूट की 14 लाख रुपए भी शेरघाटी पुलिस ने बरामद की है। साथ में 1 कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। क्या बरमाद किए गए कट्टे से ही एयरटेल कर्मी को लूट के दौरान गोली मारी गई थी के सवाल के जवाब में एसपी सिटी प्रेरणा कुमार ने कहा कि इस बात की जांच के लिए कट्टे को जांच के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि जलालुद्दीन के खिलाफ पहले से मानपुर के मुफस्सिल थाने में केस दर्ज हैं। वहीं सोनू कुमार के बाबत जानकारी जुटाई जा रही है।

**क्या बोले एसपी सिटीः** एसपी सिटी ने बताया कि 14 लाख लूट की वारदात के पीछे काम कर रहे लाइनर का पता लगाया जा रहा है। उसके बारे में ठोस जानकारी अभी नहीं मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क की राशि गबन करना पड़ा महंगा, सदस्य व सचिव गिरफ्तार

**डुमरिया**। डुमरिया प्रखंड क्षेत्र के सेवरा पंचायत के वार्ड नंबर 12 के वर्तमान वार्ड सदस्य और पूर्व वार्ड सचिव द्वारा क्रियान्वयन समिति योजना से पीसीसी सड़क की राशि गबन करने के मामले मैगरा थाने की पुलिस में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मैगरा थानाध्यक्ष सौरव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के छोटकी मैगरा गांव से सरकारी पैसा गवन करने के मामले में सेवरा पंचायत के वार्ड नंबर 12 के वर्तमान वार्ड सदस्य सरवण कुमार गुप्ता पिता बसंत साव और पूर्व वार्ड सचिव कुंदन कुमार पिता राजमोहन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड सदस्य और वार्ड सचिव दोनों मिलकर पांच वर्ष पहले क्रियान्वयन समिति योजना से पीसीसी सड़क बनाने के नाम पर सात लाख पचास हजार रुपया निकासी कर गवन कर गए थे। इस मामले में स्थानीय बीडीओ के द्वारा थाना में प्राथमिक दर्ज करवाया गया था। वहीं जब इन दोनों के ऊपर प्राथमिक की दर्ज हुई तो इसके दोनों मिलकर कुछ काम को करवाए फिर वैसे ही छोड़ दिए। इसके बाद यह दोनों पुलिस से बचने के लिए फरहा चल रहे थे। वही दोनों को गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एस ड्राइव में 66 अभियुक्त गिरफ्तार

**गया**। गया पुलिस की ओर से शनिवार को जिले में अपराधियों की गिरफ्तारी सहित अवैध खनन व शराब तस्करी पर लगाम को लेकर विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। इसमें 66 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। वहीं वाहन जांच में दो लाख 21 हजार रुपए शमन राशि वसूली गई। इस अभियान के दौरान हत्या कांड में एक, हत्या के प्रयास कांड में दस, महिला प्रताड़ना में दो, एससी/एसटी में दो, रंगदारी कांड में एक, दहेज प्रताड़ना कांड में दो, चोरी कांड में एक, पशु क्रुरता अधिनियम के कांड में एक, धोखाधड़ी में दो, अन्य कांड में सात, वारंट की कार्रवाई में 30 व शराब कांड में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अभियान के दौरान 40 वारंट का निष्पादन किया गया।

### कुष्ठ आश्रम में रहने वाले रोगियों को खिलाया भोजन




**गया**। शहर के कुष्ठ आश्रम में वाईएमसीए गया के बैनर तले मदर टेरेसा संस्था द्वारा लगभग सौ रोगियों को भोजन कराया गया। वाईएमसीए के सचिव प्रियरंजन डायर ने कहा कि वाईएमसीए द्वारा समय-समय पर कुछ सकारात्मक कार्य किए जाते रहे हैं। मौके पर उपाध्यक्ष, प्रतीक विल्सन, पत्रकार राकेश सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता और सदस्य पुरंदर सावर्ण्य, कुष्ठ आश्रम के इंचार्ज ब्रदर प्रताप आदि मौजूद थे।

### मेवालाल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज



**गया**। बोधगया के कालचक्र मैदान में बोधिसत्वा फाउंडेशन के बैनर तले लेट सी. प्रसाद मेवालाल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हुआ। इसकी जानकारी बोधिसत्वा फाउंडेशन के डायरेक्टर आर.के.सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस फुटबॉल टूर्नामेंट में करीब आठ से दस टीमें शामिल है। रविवार को इसका शुभारंभ किया गया।

### जांच शिविर में 52 मरीजों का इलाज कर दी गई दवा



**गया**। मगध होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन गया की ओर से बुनियादगंज थाना क्षेत्र के कुकरा स्थित मगध होम्योपैथिक अस्पताल में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में 52 मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवा भी दी गई। संघ के सचिव डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि प्रत्येक रविवार को इस केन्द्र पर मरीजों का निःशुल्क चिकित्सा व दवा वितरण किया जाता है। बताया कि आज के सत्र में संघ के संरक्षक डॉ. मनोज कुमार, प्रेस प्रभारी डॉ. संजय प्रसाद व अस्पताल के सहायक विनय कुमार उपस्थित रहे, जिनकी भूमिका सराहनीय रही।

### दुर्लभ मूर्ति : गया के संग्रहालय में है महाबोधि मंदिर का धातु का मॉडल



**बोधगया**। गया संग्रहालय में कई दुर्लभ मूर्तियां हैं, जो देश के अन्य संग्रहालय में नहीं दिखता। गया संग्रहालय में संरक्षित सरस्वती की मूर्ति दुर्लभ है। यहां के अलावा लखनऊ संग्रहालय में ऐसी मूर्ति है। दोनों पत्नी के साथ कामदेव की मूर्ति अन्यत्र नहीं मिलती। गया संग्रहालय के अध्यक्ष डॉ अरविंद महाजन ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया, इसके अलावा 7-8वीं सदी की महाबोधि मंदिर का धातु निर्मित मॉडल अन्यत्र नहीं है। डॉ महाजन ने बताया, संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने 01 से 03 अगस्त 2024 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में युग युगीन भारत संग्रहालय पर 3 दिवसीय राज्य संग्रहालय सम्मेलन में उन्होंने इसकी जानकारी दी और गया संग्रहालय से जुड़ी अन्य जानकारी साझा की। वे बिहार के उस टीम के सदस्य थे, जिसमें पटना संग्रहालय व पटना संग्रहालय के प्रतिनिधि भी शामिल थे। इस कॉन्क्लेव में सभी 29 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की टीम ने भाग लिया और अपने संग्रहालय की जानकारी प्रस्तुत किए। निदेशक, पुरातत्व और संग्रहालय राहुल कुमार (आईएएस) के नेतृत्व में बिहार से एक तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने इसमें हिस्सा लिया, जिसमें क्यूरेटर, गया संग्रहालय डॉ अरविंद महाजन और क्यूरेटोरियल एसोसिएट, बिहार संग्रहालय डॉ रविशंकर गुप्ता भी साथ थे।

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **सीनि. डीईएन/1/हावड़ा। क्रमांक 1, एनआईटी सं. 115_2024-25, दिनांक 31.07.2024; कार्य का विवरणः** बीईएसवाई डिपो की चाहरदीवारी, निकासी प्रणाली, सड़क सतह, सेवा भवन एवं गोदाम का नवीनीकरण तथा उन्नयन। **अनुमानित लागतः** रु. 4,99,51,504.51; **बयाना राशिः** रु. 3,99,800। **समापन अवधिः** 12 महीने। **क्रमांक 2, एनआईटी सं. 123_2024-25, दिनांक 31.07.2024; कार्य का विवरणः** लिलुआ - आरपीएफ डॉग स्क्वाड/एलएलएच के केनल, स्टाफ रूम, स्टोर रूम का नव निर्माण। **अनुमानित लागतः** रु. 62,30,512.40; **बयाना राशिः** रु. 1,24,600। **समापन अवधिः** 6 महीने। **क्रमांक 3, एनआईटी सं. 125_2024-25, दिनांक 31.07.2024; कार्य का विवरणः** एईएन/बीडीसी के अधीन बीडीसी-एनएच अनुभाग में पुल सं. 5 (स्पैन सं. 10, 11, 12, 22 एवं 27) की जैकेटिंग एवं मजबूतीकरण करण। **अनुमानित लागतः** रु. 3,28,06,437.05; **बयाना राशिः** रु. 3,14,000। **समापन अवधिः** 12 महीने। **निविदा प्रपत्र की कीमत;** प्रत्येक के लिए शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक के लिए 20.08.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-203/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** / **www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज बाइट्स

### डीएम कार्यालय में नहीं रिसिभ करते आवेदन

**नवादा (नि.सं.)।** जिला प्रशासन को आरटीआई से इतना भय क्यों? क्यों वापस किये जा रहे आवेदन? यह यक्ष प्रश्न पूछे जाने लगे हैं। प्रशासन द्वारा वापस किये जा रहे आवेदन के पुख्ता प्रमाण इसकी गवाही दे रहा कि प्रशासन आम लोगों के लिए उपलब्ध करायी गयी सूचना के अधिकार से परेशान है। ऐसे में सूचना अधिकार क़ानून मजाक बन कर रह गया है। ऐसा सिर्फ प्रशासनिक पदाधिकारियों तक सीमित नहीं है बल्कि पुलिस प्रशासन भी ऐसा ही कर रहा है। पत्रकार उत्पीड़न से संबंधित मांगी गयी सूचना तो उपलब्ध करायी नहीं, अब मानवाधिकार आयोग द्वारा मांगे गये आरोपों का जवाब तक उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। आखिर ऐसा क्यों? आपने जब नियमानुकूल कार्य किया तो फिर जबाव देने में भय किस बात का? जाहिर है जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है। आवेदन के आलोक में आरोपों की जांच तक नहीं करायी जा रह, फिर कार्रवाई तो दूर की बात है। आम लोगों को किसी भी जानकारी के लिए सूचना का अधिकार कानून लागू किया गया। समय निर्धारित की गयी।अधिकार का प्रयोग जब आरंभ हुआ तब कई की गर्दन फंसने लगी। कई निलम्बित हुए तो कई को नौकरी तक से हाथ धोना पड़ा तो अधिकारियों के हाथ पैर फूलने लगे। फिर नया तरीका ढूंढ निकाला और आवेदन को वापस करना आरंभ कर दिया गया। ऐसे में सूचना का अधिकार जिले में मखौल बनकर रह गया है। फिर अदालत में चुनौती देने की तैयारी आरंभ कर दी गयी है।

### रेलवे सुरक्षा बल का पूर्व मध्य रेल दौरा



**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** मनोज यादव, महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली सोमवार को पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर पहुचे। उन्होंने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के साथ मुलाकात कर ट्रेनों एवं स्टेशनों पर यात्री सुरक्षा, सुगम रेल परिचालन में कानून व्यवस्था के कारण आने वाले व्यवधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इसके पूर्व महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल ने मुख्यालय हाजीपुर में प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार तथा मुख्यालय एवं मंडलों के सुरक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की जिसमें सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने पूर्व मध्य रेल के देश के विभिन्न शहरों में यात्रियों की आवाजाही अत्यधिक है जिसके मद्देनजर यात्री सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने का दिशा-निर्देश दिया एवं टीम वर्क बनाए रखना की सलाह दी। रेल मदद पर आने वाली शिकायतों के त्वरित निष्पादन में रेल सुरक्षा बल की महत्ता को रेखांकित करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक ने कहा कि विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों को तुरंत निष्पादन पर बल दिया। उन्होंने रेल सुरक्षा बल के रिक्त पदों को भरने का आश्वासन दिया।

### बाढ़ में फंसे लोगों को एसडीआरएफ ने निकला

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड के चुटिया थाना इलाके के तियरा सोन डीला में बाढ़ में फंसे लगभग 50 लोगों को एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित निकाल लिया है। तो वही नौहट्टा थाना क्षेत्र के बेलौंजा सोन डीला से बाढ़ में फंसे लोगों को रेस्क्यू किया गया।बताया गया कि रविवार की शाम सोन नदी में आई तेज बाढ़ के कारण तियरा खुर्द के सोन डीला में लगभग 50 मजदूर किसान बाढ़ में फंस गए थे। जो अपनी जान बचाने के लिए एक छत के सहारे थे। वही बीते रात तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के द्वारा उन्हें बचाने के लिए अथक प्रयास किया गया साथ ही कुछ लोगों को निकाला भी गया था। वहीं इसकी सूचना अंचलाधिकारी सहित रोहतास जिले के बड़े अधिकारियों को दिया गया था। वहीं सोमवार की सुबह एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तियारा सोंन डिला में फंसे लगभग 50 लोगों को बाहर सुरक्षित निकाल लिया है।

### फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की हुई शुरुआत



**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित सूचना प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में आज पाइथन प्रोग्रामिंग का उपयोग करके मशीन लर्निंग पर केंद्रित एक सप्ताह का फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया गया। आज कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमार आलोक प्रताप, अकैडमीक डायरेक्टर सुदीप कुमार सिंह, आईटी के डीन डॉ अरूणावा डे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह एफ डी.पी.ए आई सी टी ई प्रशिक्षण और लर्निंग ए टी ए एल एकेडमी द्वारा प्रायोजित है और सूचना प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी संकाय गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम छः दिनों तक जारी रहेगा। आज के इस कार्यक्रम में समन्वयक डॉ अजय कुमार एवं डॉ कन्हैयालाल अम्बष्ठा रहे। आज आयोजित पहले सत्र में पाइथन प्रोग्रामिंग और दूसरे सत्र में मशीन लर्निंग के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। इस प्रकार की जानकारी से सभी प्रतिभागी काफी लाभान्वित हुए। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में लगभग पचास प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जबकि इसमें कुल 10 सत्र आयोजित होंगे। इन छात्रों के लिए देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित विषयों पर अपना-अपना व्याख्यान देंगे। विदित हो कि दक्षिण बिहार प्रांत में यह पहला निजी विश्वविद्यालय है जहां इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह, प्रतिकुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं बोर्ड सदस्य मोनिका सिंह ने आशा व्यक्त की है कि निश्चित रूप से यह प्रोग्राम विश्वविद्यालय एवं बिहार के सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** रविवार की संध्या मे रास्ते को ले दो पाटीदारो मे जमकर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष के एक 35 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति कोचस नगर पंचायत का रहने वाला 35 वर्षीय कद्दू केशरी बताया जाता है। घटना के बारे मे बताया जाता है कि घर से निकासी रास्ते को ले दो भाईयो मे कहा सुनी हुई, बात बढ़ते बढ़ते तू तू मै मै होते होते लाठी डंडों से मारपीट तक बात पहुंच गई, जिसमे कद्दू केशरी गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही आस पास मौजुद लोगो के सहायता से घायल को स्थानीय सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित डॉक्टर तुषार कुमार ने उपचार उपरांत शरीर मे आंतरिक चोटे आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए बहार रेफर कर दिया है। वही पीड़ित अनुसार कद्दू केसरी ने बताया कि इसके बड़े भाई के द्वारा एक साल पूर्व भी मारपीट कर घायल किया गया था जिसके बाद रविवार की संध्या मे जमीनी विवाद का हवाला देकर मारपीट कर सर फोड़ दिया गया है।

# कृषि चौपाल में अधिकारियों ने सुनी किसानों की समस्याएं



**निज संवाददाता**

**राजपुर/दावथ/संझौली/दिनारा/शिवसागर/नोखा (रोहतास)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित किसान भवन के सभागार में सोमवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ अजीत कुमार, कृषि विभाग के डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा सौरभ कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अखिलेश कुमार, सहकारिता पदाधिकारी जनार्दन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। चौपाल के दौरान पदाधिकारियों के मौजूदगी में क्षेत्र के किसानों से खेती समेत अन्य सभी प्रकार की समस्याओं की जानकारी ली गई एवं उनके समस्याओं का त्वरित समाधान करने का अश्वासन दिया गया। बीएओ ने बताया कि क्षेत्र में अभी तक 80 प्रतिशत खेतों में हीं धान का रोपनी सम्भव हो पाया है। जो चिन्त का विषय है। सरकार ने किसान चौपाल के माध्यम से इसका कारण जानने का प्रयास किया गया।

चौपाल के दौरान किसानों को मिल रहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि, खाद बीज, कृषि यंत्रों एवं उर्वरक की उपलब्धता का किसानों से जानकारी ली गई। उनके जीवन के अन्य समस्याओं को भी सरकार को प्रेषित करने के लिए नोट किया गया।मौके पर बिजली विभाग के जेई मृत्युंजयकुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी बिष्णु शंकर सिंह, पंचायत सचिव विकास कुमार, कृषि समन्वयक मनोज कुमार सिंह, सुदर्शन सिंह, संजीव कुमार लाल, किसान सलाहकार नगेन्द्र कुमार सिंह, रूपेश कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, अवधेश कुमार सिंह, शेषनाथ सिंह, परशुराम सिंह, राजस्व कर्मी कुन्दन कुमार साह, शनि कुमार, आत्मा एटीएम अरविंद कुमार पाल, शनि कुमार पटेल, किसान लाल बहादुर सिंह, प्रशांत रंजन कुमार, संतोष पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

**दावथ (रोहतास)।** प्रखंड परिसर स्थित मनरेगा भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में तथा अंचलाधिकारी की उपस्थिति में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से कृषि चौपाल में किसानों की समस्या सुनी गई। मुख्य रूप से खेतों में सिंचाई, जल की उपलब्धता, कृषि कार्य के लिए बिजली की उपलब्धता, कृषि कार्य हेतु विद्युत संयोजन, विद्युत वितरण की त्रुटि, एलपीसी परिमार्जन, दाखिल खारिज, भूमि विवाद, कृषि कार्य से संबंधित बीज, खाद वितरण, कृषि आधुनिकरण यंत्र- संयंत्र, कृषि अनुदान की शिकायत संबंधित समस्याओं के निष्पादन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के किसानों का जमावड़ा रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी एवं अंचल अधिकारी सौरभ कुमार सभा को संबोधित करते हुए किसानों की समस्याओं का निराकरण के संदर्भ में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों, कर्मियों को इस पर कार्रवाई करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया।

सोमवार को आयोजित इस कृषि चौपाल कार्यक्रम में सर्वाधिक शिकायत बिजली विभाग एवं नहर विभाग से मिली। कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने बिजली विभाग पर यह आरोप लगाया कि कृषि फिडर से लगे ट्रांसफार्मर एवं तार खेतों में वर्षों से लगाए गए हैं, लेकिन उसमें आज तक बिजली प्रवाहित नहीं की गई। मजबुर न लोग आधे किलोमीटर, एक किलोमीटर निजी तार के जुगाड़ से मोटर चलाकर खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य करते हैं। जबकि इसी चौपाल कार्यक्रम में यह बतलाया गया कि एक भी मोटर के कनेक्शन रहने पर सप्लाई देना है। वही प्रखंड राजद अध्यक्ष गंगासागर सिंह ने यह आरोप लगाया कि बिना जांच पड़ताल किए कनेक्शन कैसे कर दिया जाता है और जब कनेक्शन (कागज में )कर दिया गया तो उसे कमर युक्त तार से क्यों नहीं जोड़ा गया। वही सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र यादव ने आरोप लगाया कि विभाग अब सर्वे करेगा तो खेती कब होगा।

**संझौली(रोहतास)।** संझौली प्रखंड के सभागार में सोमवार की कृषि चौपाल का आयोजन आत्मा के द्वारा प्रखण्ड कार्यालय में किया गया। जिसमें प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों व विभिन्न गांवों के किसानों ने भाग लिया। आयोजित कृषि चौपाल की अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख समीरचन्द ने किया। इस दौरान कृषि समन्वयक अखिलेश कुमार सिंह ने सरकार द्वारा कृषि विभाग से सम्बंधित सभी प्रमुख योजनाओ की जानकारी दी। उन्होंने किसानों की उत्कृष्ट खेती के लिए मिट्टी जांच योजना, बीज वितरण योजना, कृषि यांत्रिकीकरण योजना सहित अन्य योजनाओं को विस्तृत रूप से बताया। किसानों ने करमैनी में सिचाई के लिए बिजली तार लगाने, मथुरापुर में भोजपुर रजवाहा की सफाई व रजवाहा में सिचाई के लिए फॉल निर्माण करने, तिलई में कुआं सफाई, सिचाई के लिए बिजली कनेक्शन, संझौली में करहा पर अतिक्रमण व सफाई, उदयपुर में फॉल की सफाई आदि कई समस्याओं से अवगत कराया। जिसे सुन चौपाल में उपस्थित सीओ किशोर पासवान ने किसानों की समस्याओं के सम्बंध में शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया। बीडीओ प्रभा कुमारी ने किसानों की समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों से कम्पेनिग कर इसके निराकरण का निर्देश दिया। कृषि चौपाल में बीडीसी सदस्य मंटू कुमार उर्फ नरेंद्र सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य रबिन्द्र सिंह, सिचाई विभाग से मनोज कुमार,अरबिंद सिंह, अक्षयवर कुमार, एटीएम अर्चना कुमारी, हरिद्वार प्रसाद, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता आदि कई लोग उपस्थित थे।

**दिनारा (रोहतास)।** स्थानीय प्रखंड मुख्यालय सभागार में सोमवार को किसान चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौपाल कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी राम कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए बिहार सरकार द्वारा जारी कृषि ऐप को मोबाइल में डाउनलोड करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसान रोपनी के बाद उर्वरक का उपयोग करते है जबकि रोपनी से पहले उर्वरक का उपयोग करना चाहिए। जिसके बाद रोपनी के 25 दिनों के बाद यूरिया का छिड़काव करना चाहिए। कृषि चौपाल कार्यक्रम में अंचल, बिजली विभाग तथा नहर विभाग से आवेदन प्राप्त हुए हैं संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। करमैनी के किसानों ने रोपनी किए गए खेतों में हुए जल जमाव पर पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया।

मौके पर बीडीओ कुलदीप कुमार विभूति, सीओ मोहम्मद अजहरूद्दीन, बीएओ शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, बीसीओ अमित कुमार शर्मा, बीटीएम नन्दन सिंह, मानवेन्द्र सिंह, बिजली विभाग जेईई विकास कुमार, कृषि समन्वयक संजय कुमार एवं किसान सलाहकार अखिलेश्वर कुमार सहित भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

**शिवसागर (रोहतास)।** प्रंखड मुख्यालय पर कृषि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन सोमवार कृषि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रंखड क्षेत्र के 15 पंचायतों के किसानों ने अपनी समस्याओं को अधिकारी को अवगत कराया, इस कार्यक्रम मे किसानों की समस्याओं का आंन दी स्पॉट निदान के लिए सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थित अनिवार्य रूप से होनी थी, लेकिन कुछ विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे,अचंलाधिकारी ने बताया कि भूमि विवाद सम्बंधित मामले सबसे अधिक आए है,किसानों ने विधुतीकरण के आवेदन पत्र करने के चौबीस घंटों के बाद कंन्शन दे की बाते कनीय अभियंता विधुत ने बताया। इस चौपाल में करहा सफाई, ऊरवक की उपलब्धता, विधुत उपलब्ध, सिचाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर चर्चा किया गया है। मौके पर बीडीओ चन्द्रकाता कुमारी, सीओ सिन्हा कुमार अभय, बीएओ चंन्द्रकिशोर पासवान, जेई विधुत जयशंकर प्रसाद।

**नोखा (रोहतास)।** नोखा प्रखंड मुख्यालय सभागार में कृषि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निर्देश पर सभी विभागों के गर्मी उपस्थित रहे और लोगोंकी समस्या लोगों के आवेदन को लिया और कई आवेदन कौन थे स्पॉट निष्पादन भी किया गया इस मौके पर वीडियो अतुल गुप्ता, सीओ मधु सुधन चौरसिया, विद्युत विभाग के जेई अरविंद कुमार, राकेश कुमार, प्रखंड प्रमुख अरविंद कुमार कृषि विभागके नईम नईम, प्रखंड कृषि तकनीकी प्रबंधक श्रीकांत, आलोक कुमार, देव व्रत, सहित कई पदाधिकारी की उपस्थिति में लोगो ने आवेदन दिया।

# महाविद्यालय में एवीबीपी ने चलाया सदस्यता अभियान

**निज संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिक्रमगंज नगर ईकाई के द्वारा सोमवार को स्थानीय अंजाबित सिंह महाविद्यालय में प्रभाकर कुमार के अध्यक्षता में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमे दर्जनों की संख्या में छात्र छात्राओं एबीवीपी की सदस्यता ग्रहण किया। इस मौके पर उपस्थित रोहतास जिला के संयोजक सुरज सिंह ने कहा की विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से छात्र हित में काम करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। आज अपने स्थापन के 76 वे वर्ष में प्रवेश कर चूके छात्र संगठन के सदस्यता आज लगभग 55 लाख के करीब है। आज छात्रों को किसी भी प्रकार के समस्या होता है तो सबसे पहले छात्र विद्यार्थी परिषद से सम्पर्क करते है। विद्यार्थी परिषद के वर्षो के मांग था की सासाराम में क्षेत्रिय कार्यालय खोला जाए।जिसका विश्विद्यालय द्वारा क्षेत्रिय कार्यालय खोलने का कुलपति ने घोषणा किया गया ।इस तरह के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थी परिषद अपना कार्य करते आ रही है। इस सदस्यता अभियान में मौजूद सत्य प्रकाश तिवारी, अमर कुमार, प्रभाकर, खुशी, राज, सूरज सिंह, अमर सिंह, प्रिंस, राज मल्होत्रा, नीतीश कुमार इत्यादि लोग सामिल रहे।

# हरि सब्जीयों पर चढ़ा मंहगाई का खुमार

**निज संवाददाता**



**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र में बरसात के मौसम में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं।इसके चलते खासकर गृहणियों का बजट गड़बड़ा गया है। रजौली सब्जी मंडी में आसपास के गांव के व्यापारी भी सब्जी लेने आ रहे हैं। रजौली अनुमंडल के दक्षिणी भाग में सब्जी की व्यापक पैमाने पर खेती होती है। क्षेत्र में काफी संख्या में सब्जी की खेती होने के बावजूद अचानक दामों में बढ़ोत्तरी से आम लोगों की जेब पर सब्जी का स्वाद भारी पड़ने लगा है। इस वर्ष भी कई किसानों ने अन्य सब्जियों की खेती नहीं की है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी मौसम के कारण सब्जी की खेती प्रभावित हुई है। रजौली निवासी अनामिका सिंह, अंजली सिंह कहते हैं कि 10 रुपये बिकने वाली सब्जी का दाम 50 से 60 रुपये हो जाने से आर्थिक बोझ बढ़ गया है। संजू कुमारी गृहणियों का कहना है कि सावन माह में अधिकांश लोग शाकाहारी भोजन ही करते हैं। इसी के चलते हरी सब्जियों के दाम में उछाल होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गृहिणियों की मानें तो सब्जी प्रतिदिन बनाने के बदले एक ही सब्जी बनाकर इस महंगाई में काम चल रहा है। इकराम अंसारी सब्जी व्यापारी कहते हैं कि सब्जी की खेती पर मौसम का अत्यधिक असर पड़ रहा है। इसी के चलते स्थानीय स्तर पर सिर्फ कद्दू व नेनुआ आ रहा है। जबकि गोभी झारखंड से टमाटर वह अन्य सब्जी कर्नाटक तथा बनारस से मंगाया जा रहा है। इसके चलते सब्जियों के भाव अचानक आसमान छूने लगे हैं। सब्जी भाव प्रति किलो भिडी :50 रुपये, परवल :60 रुपये, गोभी :100 रुपये, बैगन : 60 रुपये, टमाटर : 80 रुपये, कद्दू : 50 रुपये, करैला : 60 रुपये, बंधा गोभी 50 रुपये, हरा धनियां-200 बिक रहा है।

# मोबाइल ज्यादा देखेंगे बच्चे तो कमजोर होगी याद्दाश्त : चिकित्सक

**निज संवाददाता**



**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों मोबाइल और लैपटॉप पर लंबे समय तक देखने या काम करने पर स्क्रीन एडिक्शन के शिकार बन रहे हैं। इसमें बच्चे, किशोर और युवाओं की संख्या अधिक है।औसतन 5 से 6 घंटे तक स्क्रीन देखने से दुष्प्रभाव भी सामने आए हैं। अनुमंडलीय अस्पताल रजौली डॉक्टर सतीश चंद्र सिन्हा बताते हैं कि इससे सीखने की क्षमता, याद्दाश्त में कमी और आंखों की दिक्कत हो रही है। ओपीडी में प्रतिदिन 5 से 10 मरीज स्क्रीन टाइम के चलते आ रहे हैं। मरीजों में लंबे समय तक आड़े-तिरछे बैठने, लेटकर देखने से सिर व गर्दन में दर्द, जकड़न, रीढ़ की हड्डी में दर्द की शिकायत मिल रही हैं। बच्चों-किशोरों में स्मरण शक्ति, सीखने और एकाग्रता भी कम हो रही है। दरअसल स्क्रीन से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन निकलते हैं। जो सीधे मस्तिष्क के ट्रांसमीटर संतुलन को प्रभावित करते हैं। लंबे समय तक ऐसी स्थिति पर मस्तिष्क में ट्यूमर का भी खतरा हो सकता है। डॉक्टर ने बताया कि बच्चे औसतन तीन घंटे स्क्रीन देख रहे हैं। इससे उनका पलक झपकाना प्रभावित हो रहा है। औसतन एक मिनट में 12-15 बार पलक झपकते हैं, लेकिन बच्चे मुश्किल 3 से 5 बार ही ऐसा कर रहे हैं। इससे आंखों की नमी कम होने से खुजली, जलन की दिक्कत, धुंधला दिखने और नजर भी कमजोर होने की संभावना है। इस तरह के मरीजों में वर्तमान समय में काफी इजाफा हुआ हैं। डॉक्टर ने बताया कि स्क्रीन एडिक्शन से बच्चों की पढ़ाई और कार्यक्षमता प्रभावित होने के साथ मानसिक विकार भी बढ़ गए हैं। नींद पूरी नहीं होने से चिड़चिड़ापन, अकेले रहने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। पढ़ाई और कामकाज भी प्रभावित होने लगा है। मोबाइल व लैपटॉप नहीं देने से गुस्सा करना, चीखना-चिल्लाने के साथ सामान भी फेंक देते हैं। ऐसे स्थिति में बच्चों को मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से बचना चाहिए। इस तरह के मरीज ओपीडी में आना शुरू भी हो गए हैं। सामाजिक ज्ञान की कमी होना। नकल करने की आदत। अश्लील सामग्री देखना व स्लीप डिसऑर्डर। मोटापा, उम्र बढ़ने पर हृदय रोग व मधुमेह। ईयरफोन लगाने से कान में दर्द, ऊंचा सुनना। अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार ने कहा की बच्चों को मल्टीमीडिया फोन देने से बचें। इंटरनेट का रिचार्ज कम दिनों के लिए कराएं। जरूरत पर ही मोबाइल-लैपटॉप का इस्तेमाल करें। कंप्यूटर, लैपटॉप आंखों से कम से कम 25 सेंटीमीटर दूर हो। रात को सोने से पहले और अंधेरा में मोबाइल फोन न चलाएं।

# एक बार फिर जदयू जिलाध्यक्ष चुने गए अजय कुमार सिंह

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** जनता दल यूनाइटेड के बिहार प्रदेश कार्य समिति ने रोहतास के जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह पर एक बार फिर अपना भरोसा जताया है। जदयू के बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने अजय कुमार सिंह को रोहतास जिले का पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिससे प्रदेश कार्यकारिणी के इस फैसले पर जिले के जदयू कार्यकर्ताओं ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। इस आशय की जानकारी देते हुए पार्टी के जिला प्रवक्ता अलख निरंजन ने कहा कि जदयू जिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष के इस निर्णय का स्वागत करती है और यह विश्वास रखती है कि अजय सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड सफलता के नए आयाम तय करेगा। अजय सिंह कुशवाहा एक साफ सुथरे व बेदाग छवि के व्यक्ति हैं और इनका राजनीतिक अनुभव भी काफी लंबा रहा है। जिसका लाभ पार्टी को मजबूती से मिलेगा। हर्ष व्यक्त करने वालों में जय कुमार सिंह, अशोक कुमार, वशिष्ठ सिंह, प्रमिला सिंह, सिकंजय सिंह, पप्पू पटेल, विनोद कुशवाहा, असलम अंसारी, धनंजय भाई पटेल, राजेश सोनकर, संतोष शुक्ला, प्रमोद पटेल, कृष्णा पटेल, राज सोनी, पप्पू सोनी, बनारसी पटेल, संदीप कुमार गिरी, मुस्तफा प्रमोद पटेल, मुन्ना कुशवाहा, विकास सिंह, दीपक चौबे सहित व्यवसाई, बुद्धिजीवी आदि कई वर्गों के गणमान्य लोग शामिल हैं।

# पंचायत समिति की सामान्य बैठक में 80 लाख की योजनाओं की मिली स्वीकृति

**निज संवाददाता**

**संझौली (रोहतास)।** संझौली प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार की पंचायत समिति की समान्य बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख समीरचन्द ने किया। बैठक की शुरुआत बीडीओ प्रभा कुमारी के उद्बोघोषन से शुरू हुआ। बीडीओ ने अपने सम्बोधन में सबसे पहले सभी उपस्थित सदस्यों का अभिवादन करते हुए बैठक के मुख्य एजेंडा के बारे में विस्तृत रूप से बताया। बैठक शुरू होते ही गत बैठक की समष्टि व अनुपालन, प्रखण्ड स्तरीय सभी विभागों की समीक्षा व अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में षष्टम वित्त आयोग अंतर्गत कुल 80 लाख रुपये के योजनाओं की स्वीकृति सदस्यों ने मेज थपथपाकर दी। इस दौरान सीडीपीओ सुषमा भलेरिया टोपो ने सदन को अवगत कराते हुए बताया कि बीते 22-23 से तकनीकी खराबी के कारण को मातृत्व वंदना योजना का लाभ नही मिल रहा है। इस सम्बंध में कई बार जिला के वरीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन अभी तक कुछ सुनवाई नही हुई। जिसके कारण लोग इस योजना से वंचित है। सीओ किशोर पासवान ने अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का संचालन करते हुए जमाबंदी सहित अन्य भूमि सम्बन्धित मामलों के निष्पादन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में लोगो की समस्या सुनी जाती है। बैठक में विद्युत बोर्ड अंतर्गत सदस्यों ने ज्यादा बिजली बिल व अनियमित बिजली सहित बिजली में कटौती का मामला उठाया। अमैठी पंचायत के मुखिया ने सुसाडी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के ऊपर झूल रहे खतरनाक बिजली का तार को हटाने की मांग की। जिसे विद्युत जेई ने शीघ्र ही इस सम्बंध में आवश्यक कारवाई का आश्वासन दिया। मनरेगा पीओ ने बताया कि पूरे प्रखंड में 11200 पौधा लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमे पांच हजार पौधा लगाया गया है। आपूर्ति पदाधिकारी ने बैठक में प्रपत्र 'क' अंतर्गत 2982 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 944 आवेदनों की स्वीकृति तथा 2029 आवेदन निरस्त किये जाने की जानकारी दी।

# काव नदी उफान पर क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ खेत में रोपे गए धान के पौधे जलमग्न

**काव नदी के दोनों किनारे का तटबंध मजबूत करने तथा नदी की सफाई की मांग को ले किसान अधिकारी व सांसद, विधायक कहते कहते थक गए। लेकिन आश्वासन सिवा उन्हें कुछ नहीं मिला।**



**निज संवाददाता**

**राजपुर (रोहतास)।** लगातार हो रही वर्षा से जलस्तर में हुई वृद्धि से काव नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर बढ़ जाने से काव नदी के किनारे बसे दर्जनों गांवों के सैकड़ों एकड़ खेत जलमग्न हो गए हैं। धान की फसल को डुबा हुआ देख चिंतित हैं। बावजूद भी संबंधित विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधि मुकदर्शक बनें हुए हैं। जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। काव नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि हो जाने से नदी के तलहटी में बसे कपसिया, हबबुपूर, कर्म कीला, छनहा, प्रताप गंज, कुशधर, सुअरा, राजपुर, सियावंक, जिनोरिया, मिश्रवलिया, पकड़ी, रामुडीह सहित दर्जनों गांवों के खेतो में रोपे गए धान के पौधे जलमग्न हो बर्बाद हो रहा है। जिसे देख किसानों का कलेजा मुंह को आ जा रहा है। किसान मदन मोहन तिवारी, राजेन्द्र चौधरी, लालबाबु चौधरी, बिरेंद्र तिवारी, कामेश्वर राय, प्रमोद तिवारी, योगेन्द्र यादव, सहित अन्य किसानों ने बताया कि हर साल काव नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण सैकड़ों एकड़ खेत में लगी धान की फसल नष्ट हो जाता है। काव नदी के दोनों किनारे का तटबंध मजबूत करने तथा नदी की सफाई की मांग को ले किसान अधिकारी व सांसद, विधायक कहते कहते थक गए। लेकिन आश्वासन सिवा उन्हें कुछ नहीं मिला। किसानों का कहना है कि इटडिया फाल का पलेंथ अधिक उचचा हो जाने से काव नदी का पानी का बहाव अवरूद्ध हो गया है। जिसे उपरी इलाके में काव नदी तवाही मचा रहा है। इसके लिए मै सिंचाई विभाग को कई वार लिखित व मौखिक रूप कहा गया। लेकिन उनके कानो में जू तक नहीं रेंगा। जिसका खामियाजा दर्जनों गांवों के किसानों को प्रति वर्ष भुगतना पड़ रहा है। पिछले ही साल मनरेगा से काव नदी की सफाई शुरू हुआ तो प्रखण्ड के किसानों को आश जगी कि अब बाढ से निजात मिल जाएगी । लेकिन उक्त योजना पंचायत प्रतिनिधियों व अधिकारी के लूट खसोट की भेट चठ कर रह गई। वहीं दूसरी ओर सियावंक भलुआही राजबाहा में आवश्यकता से अधिक पानी आ जाने से आधा दर्जन गांवों का खेत जलमग्न हो गया है। भलुआही, कुझी, इनदरपुरवा, धावा, मथुरा पुर, नवाडीह गांव के सैकड़ों बिगहा खेत में लगी धान फसल जल में डुब बर्बाद हो रहा है।

# सैलानियों के लिये खुला ककोलत जलप्रपात, लेकिन करनी होगी जेबें ढीली

निज संवाददाता




**नवादा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 03 अगस्त को किये गये लोकार्पण के बाद 0 4 अगस्त से सैलानियों के लिये ऐतिहासिक शीतल जलप्रपात ककोलत का द्वार सैलानियों के लिये खोल दिया गया। इसके साथ ही सैलानियों का आना भी शुरू हो गया। लेकिन जलप्रपात की शीतल धारा का आनंद पूर्व की भांति मुफ्त में नहीं ले सकेंगे। इसके लिए आपको जेबें ढीली करनी होगी। और तो और सप्ताह के बुधवार को आये तो बैरंग वापस लौटना होगा। इसके साथ ही शनिवार व रविवार को आये तो प्रवेश शुल्क दोगुना यानी प्रति व्यक्ति 20 रुपये अदा करने होंगे जबकि शेष दिनों के लिए प्रति व्यक्ति 10 रुपये अदा करने होंगे। दोपहिया तीपहिया व इससे भी बड़ी वाहन से आये तो इसका अतिरिक्त शुल्क लगेगा सो अलग। हां ! बदले में आपके वाहन की सुरक्षा की गारंटी मिलेगी। ऐतिहासिक शीतल जलप्रपात को नये सिरे से बनाया गया है। उसे पर्यटकों के हिसाब से विकसित किया गया है। कैफेटेरिया और सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। बिहार के प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटक स्थलों में शामिल जिले के ककोलत जलप्रपात को अब और आकर्षक बना दिया गया है। यहां पर्यटक अब सुगमता के साथ पहुंच भी सकेंगे। इस कारण माना जा रहा है कि अब यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी बृद्धि होगी। जिले के गोविंदपुर प्रखंड थाली थाना क्षेत्र के ककोलत जलप्रपात प्रकृति का बिहार को मिला अनुपम उपहार है। यहां पर्यटक आते जरूर थे, लेकिन सुविधाओं के अभाव में वे यहां पूरी तरह आनंद नहीं ले पाते थे। ककोलत का नैसर्गिक जलप्रपात, आस पास के हरे भरे जंगल और प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को आकर्षित करता रहा हैं। ऐतिहासिक शीतल जलप्रपात ककोलत जलप्रपात में इको टूरिज्म सुविधाओं के विकास कार्य का लोकार्पण होने से पर्यटकों को प्राकृतिक खूबसूरती का आनंद लेने में सहूलियत होगी। पहले ककोलत में पहाड़ चढ़ते वक्त हमेशा पत्थरों के गिरने की संभावना बनी रहती थी, इसके कारण लोग नियमित रूप से झरने तक नहीं पहुंच पाते थे और उन्हें चोट लगने का डर रहता था, इसलिए यहां सर्वप्रथम स्टोन स्टेबलाइजेशन का कार्य कराया गया, इसमें गिरने वाले पत्थरों को लोहे के जाल से बांध दिया गया है। अब पत्थर गिरने की संभावना खत्म हो गयी है। सीढ़ी का किया गया निर्माणः- ककोलत जलप्रपात तक पहुंचने के लिए 188 सीढ़ी का निर्माण कराया गया है। झरने के नीचे वाले तालाब का पुनर्निर्माण कराया गया है और इसमें सीढ़ी भी बनायी गयी है, इससे लोग आसानी से इसमें उतरकर नहा सकेंगे। ककोलत में पत्थरों को काटकर आकर्षक भव्य मुख्य द्वार, 6 कैफेटेरिया, सेल्फी प्वाइंट, प्रशासनिक भवन, शौचालय, टिकट काउंटर, लाउंज और पर्यटन सूचना केंद्र, चिकित्सा सुविधा और पानी का कुंड बनाया गया है। यहां ईको टूरिज्म सुविधाओं एवं अन्य विकास कार्यों के चलते इसे लोगों के लिए बंद कर दिया गया था, अब यहां पर सभी ईको टूरिज्म सुविधाएं विकसित हो चुकी है। रविवार से सैलानियों का आना शुरू हो गया है। सबसे खास बात यह कि अब पीने के पानी के लिये जलधारा के पास जाने की आवश्यकता नहीं है। फिल्टर युक्त जलधारा का पानी हर जगह उपलब्ध कराया जा रहा है। और तो और ऐसे बड़े बुजुर्ग जो जलधारा तक नहीं पहुंच सकते उनके लिये जलधारा के नीचे जलप्रपात का शीतल जल युक्त तालाब का निर्माण कराया गया है।

## बच्चों के लिए अमृत के समान है मां का दूध : सीडीपीओ



निज संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** स्तनपान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाए जा रहे स्तनपान सप्ताह के अवसर पर सोमवार को नरहट प्रखण्ड के इजहार चक आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं को स्तनपान से संबंधित जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ज्योति सिन्हा ने ग्रामीण महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि स्तनपान बच्चों के लिए अमृत के समान है। उन्होंने कहा कि मां का दूध से बच्चे बीमार नहीं पड़ते। उन्होंने बताया कि मां का दूध बच्चों के लिए सबसे बड़ा अमृत है। इस कारण बच्चे कभी रोगी नहीं होते। उन्होंने कहा कि बच्चे जन्म लेने के बाद स्तन से निकले प्रथम दूध बच्चों को जरूर पिलाना चाहिए। जिससे बच्चों के शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता में गुणात्मक विकास होता है। ग्रामीण महिलाओं ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से स्तनपान के संबंध में कई सवाल की। इसका जवाब भी बेहतर तरीके से दिया गया। सीडीपीओ ने बताया कि व्यापक पैमाने पर स्तनपान दिवस समारोह मनाया जा रहा है, ताकि महिलाओं में जागरूकता फैलाया जा सके। उन्होंने कहा कि दर्जनों समारोह स्तनपान को लेकर आयोजित कियाजाचुके हैं।

# जाजपुर के एक घर पर गिरा वन विभाग का सूखा पेड़, पीड़ित को मिलेगा मुआवजा

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सेक्टर डी के जाजपुर गांव के एक खपड़ैल घर के ऊपर वन विभाग के डीपो में रहे एक सूखा पेड़ गिर पड़ा। हालांकि इस दौरान घर के कोई सदस्य हताहत नहीं हुआ। घटना की जानकारी वन विभाग के पदाधिकारियों को मिलते ही रेंजर मनोज कुमार वनकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घर के ऊपर गिरे सूखे पेड़ को हाइड्रा से उठाकर डीपो ले गए। पीड़ित कृष्ण भोक्ता ने बताया कि बीते दिनों से हो रहे लगातार बारिश एवं आंधी-पानी से वन विभाग के डीपो में रहे सूखे महुआ का पेड़ अचानक घर के ऊपर गिर पड़ा। जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। हालांकि घर के सदस्यों को किसी प्रकार के हताहत नहीं हुई है। पीड़ित द्वारा लिखित अवेदन रेंजर मनोज कुमार को दिया गया। हालांकि रेंजर ने पीड़ित द्वारा दिये आवेदन को लेने से इंकार कर दिया और कहा कि इसको लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवेदन दीजिए। इस बाबत पर डीएफओ संजीव रंजन ने कहा कि पीड़ित मकान मालिक द्वारा जमीन के कागजातों के साथ लिखित आवेदन दिए जाने ले उपरांत उसे विभाग से मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

## विद्यालय में अतिथि भोज का किया गया आयोजन

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली प्रखंड क्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाराटांड़ सवैया के प्रांगण में तिथि भोज का आयोजन किया गया। विद्यलय प्रधान शिक्षक मो0 खालिद असलम के सौजन्य से आयोजित अतिथि भोज में बच्चों ने बड़े उत्साह से अपनी मौजूदगी दर्ज करायी।मौके पर वार्ड नंबर 01 की अध्यक्षा असला खातुन के साथ विधालय के शिक्षक -शिक्षिकाएं व बच्चों को पूरी-सब्जी, खीर का भोजन कराया गया। विधालय में कुल 242 नामांकित बच्चों में 225 बच्चे तिथि भोज का आनंद लिया। पीएम पोषण योजना के प्रखंड साधन सेवी शंकर कुमार ने बताया कि तिथि भोजन से सामुदायिक विकास व समानता का विकास होगा। मौके पर विधालय सचिव कमरू निशा सहित विधालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# शिवालयों में धूमधाम से मना तीसरी सोमवारी, श्रद्धालुओं ने किया रुद्राभिषेक

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के शिवालयों में धूमधाम से सावन की तीसरी सोमवारी मनाई गई। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने नीचे बाजार में स्थित राज शिव मंदिर देश के सुरक्षा के लिए सैनिकों के लम्बी उम्र और देश मे शांति के लिए रुद्राभिषेक किया गया। प्रखंड स्थित राज शिव मंदिर मे बजरंग दल के प्रखंड सुरक्षा प्रमुख और श्री सूर्य नारायण नव निर्मित मंदिर के सदस्य राजा सिंह के द्वारा सावन के पवित्र माह के तीसरा सोमवारी को किया गया। साथ ही हमारे देश के सैनिक दिन रात ड्यूटी करते हैं, 24 घंटे बॉर्डर पर तैनात रहते हैं। देश के सैनिक और उनके परिवार के लंबे उम्र के लिए भगवान भोलेनाथ के पास रुद्राभिषेक कर मन्नत मांगा गया। राज शिव मंदिर के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि इस बार सावन में श्रद्धालुओं की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है एवं शाम को गान बाजन, आरती के साथ साथ प्रसाद का भी वितरण किया जाता है। राज शिव मदिर के उपाध्यक्ष नविन कन्धवे सावन के तीसरा सोमवारी के सभी भक्त जानो को बहुत बहुत शुभकामनायें दिया।उप सचिव रवि सिंह ने सभी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को इस तरह का आयोजन करने के लिए सभी को बहुत-बहुत बधाई दिया और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से अनुरोध किया कि रजौली में धर्मांतरण फैल रहा है जिसको रोकने के लिए आगे आएं। मौके पर मौजूद विश्व हिंदू परिषद रजौली के उपाध्यक्ष मनीष सिंह, बजरंग दल रजौली के सयोंजक पिंटू वर्मा, सुमित कुमार बिट्टू, अनुज एयरटेल, संदीप वर्मा, श्याम सुन्दर पांडेय, जितेंदर पांडेय, दुर्गा मंदिर पुजारी छोटू बाबा, राज शिव मंदिर पुजारी ज्योति पांडेय समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सुभाषचन्द्र बोस छात्रावास में पोशाक एवं चिरैला विद्यालय में एफएलएन कीट का वितरण

निज संवाददाता




**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास में सोमवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार द्वारा पोशाक एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय चिरैला में एफएलएन कीट का वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानध्यापक सोमनाथ एवं सीओ मो गुफरान मजहरी भी मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक सोमनाथ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम स्वागतगीत से बच्चों ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा एफएलएन कीट का वितरण किया गया। पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करने एवं बिना विचलित हुए लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर प्रोत्साहित किया। पदाधिकारियों द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास के सभी 100 छात्रों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। एसडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान छात्रावास के बच्चे का ग्रोथ शुरुवाती दौर से काफी बेहतर है। वहीं छात्रावास में मजदुर, गरीब एवं असहाय तबके के 8वीं कक्षा पास होने के बाद 9वीं कक्षा में प्रवेश करने के बाद उन्हें छात्रावास की सुविधा नहीं मिल पाती है। जिससे बच्चों को आगे की पढ़ाई करने में दिक्कत हो रहा है। एसडीओ ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास योजना धरातल पर बेहतर साबित हुआ है। पदाधिकारियों द्वारा बीच-बीच में छात्रावास के निरीक्षण से पढ़ने वाले बच्चे प्रोत्सहित होते हैं। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं से पढ़ाई को लेकर आवश्यक जानकारी लिए एवं आवश्यक निर्देश दिए। वहीं पदाधिकारियों द्वारा छात्रावास एवं रसोई का भी निरीक्षण किया गया। इस मौके पर छात्रावास प्रबंधक ओम प्रकाश आर्य, शिक्षक अमृत रंजन, राजन कुमार, सुनील कुमार, उपेन्द्र कुमार, शकल देव कुमार, अर्चना कुमारी, आशा कुमारी, मालती कुमारी, शकुंतला कुमारी, नीलम कुमारी, रात्रि प्रहरी रविंद्र कुमार के अलावे लगभग 300 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## अस्पताल में चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों की कमी को लेकर सांसद ने मंत्री को लिखा पत्र

**रजौली (नवादा) (नि. सं.)।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल को ट्रामा सेंटर घोषित कर दिया गया। किन्तु अस्पताल में आनेवाले मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं नदारद है। अस्पताल में व्याप्त कमियों को लेकर भाजपा रजौली मण्डल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने नवादा सांसद विवेक ठाकुर को लिखित शिकायत पत्र देकर अविलंब समस्याओं का निराकरण करने की बात कही है। मण्डल अध्यक्ष द्वारा प्राप्त शिकायत पत्र को लेकर सांसद विवेक ठाकुर ने बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय को पत्राचार कर बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल का विधिवत उद्घाटन 26 जनवरी 2016 को किया गया था। उद्घाटन के 8 वर्ष बाद भी चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की काफी किल्लत है। वहीं अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की भी भारी कमी है। मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि सांसद ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्राचार कर अस्पताल को सुदृढ़ करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही गई है।

# धनियावां पहाड़ी पर विराजते हैं द्वादश शिवलिंग

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** द्वादश शिवलिंग से विख्यात है धनियावां पहाड़ी स्थित मनोकामना धाम। जहां आए दिन भगवान भोलेनाथ की जलाभिषेक व पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ बनी रहती है। इस दरबार में आये हुए याचकों को इच्छित मनोकामनाएं भोलेनाथ पूर्ण करते हैं। ऐसी आस्था सदियों से चली आ रही है। इस पहाड़ी पर विराजमान भोलेनाथ ऐतिहासिक द्वापरकालीन हैं। वैसे भी भगवान भोलेनाथ का प्रिय माह सावन शुरू हो गया है। ऐसे में जिले के नारदीगंज प्रखंड में प्राचीन एवं प्रसिद्ध धनियावां पहाड़ी पर स्थित शिव पार्वती मंदिर श्रद्धालुओं के बीच मनोकामना घाम के नाम से विख्यात है।

यह मंदिर नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र के पेश पंचायत के धनियावां गांव स्थित नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत धनियावां पहाड़ी के महादेव की दूर-दूर तक है ख्याति, कांवरियों का जत्था भी पहुंच रहा दर्शन को पहुंच रहा है। बाबा के दरबार में मत्था टेकने श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। मान्यता है कि बाबा अपने भक्तों को कभी भी निराश नहीं करते हैं।

जो भी सच्चे मन से बाबा से याचना करता है, उसकी सभी मन्नतें बाबा भोले पूरा करते हैं। यह मंदिर पर्यटन स्थल राजगीर से आठ किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण गर्भगृह में विराजमान भोलेनाथ नारदीगंज से पश्चिम में धनियावां पहाड़ी पर स्थित है। किवदन्तियां है कि द्वापर कालीन शिव पार्वती मंदिर में मगध सम्राट जरासंध की पुत्री धन्यावती अपने आराध्य देव भगवान भोले की पूजा अर्चना करने के लिए राजगीर से नित्य पहाड़ी पर आया करती थी। पहाड़ी के नीचे विशाल सरोवर में स्नान कर भगवान शिव की पूजा अर्चना करती थी। पहाड़ी के नीचे विशाल सरोवर एक एकड़ 82 डिसमिल भूमि पर है। वैसे उक्त मंदिर के गर्भगृह में स्थापित अद्भुत काले रंग के भव्य विशाल शिव पार्वती की प्रतिमा है। लोगों का मानना है कि मूर्तियां अर्द्धनारिश्वर है यानी आधे में पहाड़ी के कंदरा में है पाताल कुंआ, तीन ताली से भर जाता है पानी मंदिर के पश्चिम दिशा पहाड़ी के कन्दरा में पाताल कुआं है, उस कुंआ की गहराई माप पाना भी कठिन है।

जिसमें पानी भरा रहता है, पाताल कुआं देखने के लिए लोग पहुंचते हैं, और तीन ताली बजाते हैं, तब उस कन्दरा से पानी निकलता है। यह श्रद्धालुओं के लिए रोमांचक है। इसके अलावा पहाड़ी के नीचे उदासीन पंथ का एक विशाल मठ भी है। जो काफी पुराना है, जहां आए हुए साधु, संत के ठहराव के साथ मठ के द्वारा भोजन आदि की व्यवस्था की जाती है। इधर, पुजारी बबलू मिश्रा, पुरुषोत्तम पांडेय, गौतम पांडेय, निरंजन पांडेय कहते हैं अभी भोलेनाथ का प्रिय माह सावन चल रहा है, श्रद्धालु बाबा भोले का जलाभिषेक करने के लिए दूर- दूर से पहुंच रहे हैं। देवघर से लौटने वाले कावरियों की टोली भी बाबा दरबार में माथा टेकने के लिए आते हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं के द्वारा रुद्राभिषेक एवं शिवर्चना हो रहा है।

# जदयू के नवमनोनित जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत

निज संवाददाता



**नवादा।** जदयू के नव मनोनित जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी सोमवार को मनोयन पत्र लेकर नवादा पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने जिला अतिथि गृह में प्रेसवार्ता का आयोजन कर पार्टी के शिर्ष नेताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि वैसे समय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय झा तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मेरे उपर जबावदेही सौंपी जब अगले साल में विधानसभा चुनाव होना है। उन्होंने कहा कि मैं सौपी गई जबावदेही पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। लगभग दस वर्षो से उपेक्षित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के घर-घर जाकर उनसे मिलकर पार्टी को मजबूत करने का आग्रह करूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी पुराने और नए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर काम करूंगा। सभी तबके के कार्यकर्ता और नेताओं का सम्मान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। नवमनोनित जिलाध्यक्ष श्री विद्यार्थी ने कहा कि हम सभी नेताओं के प्रति दिल की गहराईयों से आभार प्रकट करते हुए उनके उम्मीद पर खरा उतरने का पुरजोर कोशिश करूंगा और पार्टी निर्माण एवं संगठन की मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ गरीबों के मसीहा समरस समाज को आगे बढ़ाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में जो चौमुखी विकास कार्य किए गए हैं, उसे जन-जन तक पहुंचाते हुए आने वाले 2025 विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में पार्टी के पुराने एवं नए साथियों के साथ सामंजस्य बैठा कर काम करेंगे। उन्होंने पार्टी के सर्वमान्य नेता एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री विजेंद्र यादव, मंत्री श्रवण कुमार, विधान पार्षद सह मुख्य सचेतक संजय गांधी, पूर्व मंत्री सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार, विधान पार्षद रविंद्र कुमार सिंह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार तथा परमहंस के प्रति आभार प्रकट करते हुए उनके उम्मीदों पर खरा उतरने का पुरजोर कोशिश करूंगा। मौके पर मनोहर पासवान, जयशंकर चंद्रवंशी, मणिलाल कुशवाहा, संजय साव, प्रो प्रमिला प्रजापति, ललन कुशवाहा, अवधेश कुशवाहा, सच्चिदानंद सिंह, राजीव रंजन, रामप्रवेश सिंह, दिनेश यादव, विजय चंद्रवंशी, सुजीत चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, डॉ रियाज खान, ईश्वरी कुशवाहा, अरुण रंजन, शेष कुमार, नरेंद्र यादव, सीताराम सिंह चंद्रवंशी, दीपक कुमार मुन्ना, अशोक कुशवाहा, बिंदु देवी, मखदूम इस्लाम, उमेश राजवंशी, विनोद चौधरी, नरेंद्र अदरखी, संदीप कुमार चुन्नू, जितेंद्र साहू, रामाश्रय विश्वकर्मा, अंकित कुमार, सुरेश प्रसाद वर्मा तथा अनिल कुमार मंडल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## लाखों के जेवरात व नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

**नवादा (नि.स.)।** जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने एकबार फिर पुलिस को खुली चुनौती दी है। भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। नारदीगंज थाना क्षेत्र के परमा गांव में चोरों ने बैंक प्रबधक के घर को निशाना बना15 लाख रुपये नकद के साथ-साथ 11 लाख रुपये के जेवरात और 5 लाख के बर्तन और कपड़े ले उड़े। चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद पीड़ित गृहस्वामी उमेश यादव, पिता स्व. गनौरी यादव ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज करायी है। पीड़ित गृह स्वामी की मानें तो वे और उनका पूरा परिवार झारखंड के बोकारो में टांसपोर्टिंग का काम करता है। उनका बेटा हर्ष रंजन कुमार इंडियन बैंक में मैनेजर के पद पर पश्चिम बंगाल के आसनसोल में कार्यरत है। पीड़ित गृह स्वामी ने गांव के ही सुनील यादव पर चोरी का सनसनीखेज आरोप लगाया है। फिलहाल चोरी की वारदात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच मामले की पड़ताल में जुट गयी है।

# शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए 2-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

निज संवाददाता




**वारिसलीगंज (नवादा)।** ईएलएमएस स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल परियोजना छलांग के तहत नवादा जिले में शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हो गया है। वारिसलीगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय मंजौर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम प्रबंधक आशीष राज, नारायण पासवान, प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार, मकनपुर मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को कार्यान्वयन सहयोगी नव चेतना विकास केंद्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें वारिसलीगंज और पकरीबरावां के 50 शारीरिक शिक्षा शिक्षक शामिल हुए हैं।यह कार्यक्रम वारिसलीगंज के मध्य विद्यालय मंजौर में आयोजित किया गया है, जहां प्रतिभागियों के लिए कई ऊर्जावान गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इन दो दिनों में, शिक्षकों को परियोजना छलांग की संचालन प्रक्रिया, खेल मेला का आयोजन, छात्रों का मूल्यांकन, और छात्र गतिविधियों के संचालन जैसे विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की शुरुआत एक प्रारंभिक परीक्षा के साथ हुई और यह समापन परीक्षा गतिविधियों के साथ समाप्त होगी। ईएलएमएस टीम से पंकज कुमार, नव चेतना विकास केंद्र के सचिव नारायण पासवान, कार्यक्रम प्रबंधक आशीष राज, और क्षेत्र समन्वयक प्रशिक्षण में शामिल हैं। वे प्रतिभागियों को खेल मेला, मूल्यांकन प्रक्रिया, और ग्राउंड पर छात्र गतिविधियों का प्रदर्शन कराते हुए मार्गदर्शन करेंगे, जिससे शिक्षकों को एक व्यापक और व्यावहारिक सीखने का अनुभव मिल सके। इस पहल का उद्देश्य शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाना है ताकि वे अपने संबंधित स्कूलों में शारीरिक शिक्षा परि दृश्य को सुधार सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### स्नातक पार्ट टू का जारी किया रिजल्ट

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक पार्ट टू सत्र, 2022-25 का रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम ने बताया कि स्नातक पार्ट का रिजल्ट विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है। परीक्षा विभाग समय पर परीक्षाओं का संचालन कर रहा है और रिजल्ट जारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि रिजल्ट चेक करने के लिए छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और डेट-ऑफ-बर्थ कॉलम में डालना होगा।

### बजट की समीक्षा की अंतहीन प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त की

**आरा।** फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ऑफ बिहार (फुटैब) ने पिछले चार से पांच महीनों यानी मार्च से अब तक विश्वविद्यालयों के 2024-25 बजट की समीक्षा की अंतहीन प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त की है। कार्यकारी अध्यक्ष कन्हैया बहादुर सिन्हा और एमएलसी महासचिव संजय कुमार सिंह बताया कि मार्च से जून तक का वेतन पेंशन केवल 42% डीए के साथ फरवरी 2024 के वेतन/पेंशन के अनुसार तदर्थ आधार पर जारी किया गया था। यह कहा गया था कि बजट समीक्षा पूरी होने के बाद, जुलाई 24 के लिए अनुदान बढ़े हुए डीए के साथ जारी किया जाएगा। पिछले वित्त वर्ष से ही राज्य कर्मचारियों और अन्य को 50% का भुगतान किया गया है। निदेशक उच्च शिक्षा ने पिछले साल कहा था कि 13 विश्वविद्यालयों में उनके पीएल खाते में 1760 करोड़ की राशि खर्च नहीं की गई है और यह अब तक 22 सौ करोड़ हो गई है। विश्वविद्यालयों के वार्षिक अनुदान की बजट समीक्षा को पूरा करने में अपनी असमर्थता को छिपाने के लिए जानबूझकर यह मुद्दा उठाया गया है, जो राज्य के लगभग 2.61 लाख करोड़ के अधिशेष बजट की तुलना में केवल एक छोटी राशि है। पीएल खातों में बकाया राशि के मुख्य रूप से दो कारण हैं, एक तो वेतन, पेंशन और एरियर के भुगतान के लिए सरकार द्वारा लगाई गई कई अजीब शर्तें, जैसे कि वेतन का 25% और उसका बकाया तब तक रोकना जब तक कि सरकार का वेतन सत्यापन सेल वेतन को मंजूरी नहीं दे देता। कई शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन और पेंशन को महीनों तक रोकना, दूसरा कारण सरकार से डर के नाम पर समय पर प्रोन्नति और अन्य मदों यथा ईल, ग्रेच्युटी जैसी सेवा निवृत्ति लाभ आदि के बकाया भुगतान करने में विश्वविद्यालय प्रशासन की शिथिलता, 80 वर्ष उम्र के पेंशन भोगियों की पेंशन में वृद्धि आदि का भुगतान नहीं होना है। सरकार से स्वतंत्रता दिवस से पहले जुलाई से बजटीय अनुदान जारी करने का आग्रह किया है।

### 622 वाहन मालिकों पर 1,51,500 का जुर्माना

**आरा।** पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 622 वाहन मालिकों से वाहन की जांच कर 1,51,500 रुपया जुर्माना की वसूल किया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की शराव,अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 622 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में 1,51,500 रुपया जुर्माना वसूला है। वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारियों ने बताया की इस तरह की कार्रवई आगे भी हमेशा चलता रहेगा।

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो जख्मी

**ब्रह्मपुर।** बगेन गोला थाना क्षेत्र के बगेन गोला के पास दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में दो लोग की मौत हो गई। वही बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों और पुलिस की मदद से जख्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा गंभीर स्थिति में जख्मी को सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बगेन गोला थाना क्षेत्र के बगेन गोला के पास चौगाईं के तरफ से आ रही बाइक ने रघुनाथपुर के तरफ से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे चौंगाई के तरफ से आ रही बाइक पर सवार मंजीत यादव की मौत घटनास्थल पर हो गई। वही ब्रह्मपुर के तरफ से आ रही बाइक पर सवार रघुनाथपुर गांव निवासी रवि कुमार की मौत अस्पताल जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। वही बाइक पर सवार चौंगाई गांव निवासी दिलीप यादव का पुत्र सुशील यादव तथा रघुनाथपुर गांव निवासी लालमोहर यादव का पुत्र चंदन कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए ब्रह्मपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### निजी स्कूलों में नामांकन के लिए आवेदन 6 तक

**बक्सर।** जिले में आरटीई तहत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में नामांकन को लेकर ऑनलाइन आवेदन होगा। बता दें कि आवेदन की तिथि में विस्तार किया गया है। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षा के निदेशक मिथलेश मिश्र ने इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजा है। जिसके अनुसार शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में अलाभकारी समूहों व कमजोर वर्ग के बच्चों का दूसरे चरण के अंतर्गत नामांकन होना है। नामांकन के लिए छात्रों के पंजीकरण की तिथि में विस्तार करते हुए 06 अगस्त की गई है। ऑनलाइन स्कूल का आवंटन 07 अगस्त को किया जाएगा। चयनित छात्रों का नामांकन 8-16 अगस्त के बीच किया जाएगा। कहा गया है कि जिन छात्रों को आवेदन करने में परेशानी हो रही है। वैसे छात्रों की मदद करते हुए पंजीयन कराने में मदद करेंगें।

### भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए कांवरियों ने रामरेखा घाट से उठाया जल

**बक्सर।** सावन माह के तीसरी सोमवारी पर ब्रह्मपुर, इटाढ़ी, कोचस, सासाराम, गुप्ताधाम समेत स्थानों पर स्थापित शिवलिंग पर जलार्पण के लिए रविवार को नगर के रामरेखा घाट पर कांवरियों की भीड़ उमड़ पड़ी। दिन के दो बजे से ही रामरेखा घाट पर कांवरियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। शाम होते-होते रामरेखा घाट



शिवभक्तों से पट गया। कोई पैदल कोई बाइक से तो कोई अन्य वाहनों पर डीजे लगाकर हर हर महादेव और बोल बम का नारा बोलते हुए गंगा घाट पर पहुंचे। हर थोड़ी देर पर गंगा घाट हर हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। भक्तों ने गंगा स्नान कर विधि-विधान से कांवर पूजा करने के बाद वहां मौजूद पंडित जी से संकल्प लेकर शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए रवाना होते रहे। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कांवरियों का अलग-अलग जत्था ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर के अलावा सोखा धाम व अन्य शिवालयों के लिए रवाना होता रहा। सावन के पवित्र माह में ब्रह्मपुर बड़ा तीर्थ स्थल यानी ब्रह्मपुर धाम बन जाता है। रामरेखा घाट से गंगाजल लेने के बाद कांवरिया बक्सर से पीपी रोड, बाइपास रोड व मेन रोड होते हुए एनएच 922 के रास्ते लगभग 50 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर ब्रह्मपुर पहुंचते हैं। बता दें कि शिव भक्तों में शाहाबाद के चारों जिला के अलावा उत्तर प्रदेश के बलिया, गाजीपुर, भरौली, उजियार समेत अन्य स्थानों के भी श्रद्धालु शामिल रहते हैं। सुरक्षा में तैनात दिखा प्रशासन कांवरियों की सुरक्षा में रामरेखा घाट समेत शहर के वीर कुंवर सिंह चौक, मुनीम चौक, यमुना चौक, ज्योति प्रकाश चौक, गोलंबर पर प्रशासन की ओर से पुलिस पदाधिकारी व जवानों को तैनात किया गया था। कहीं भी यातायात को लेकर शिव भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस सजग दिखी। वीर कुंवर सिंह चौक से रामरेखा घाट के तरफ जाने वाले रास्ते में बड़े वाहनों, ई रिक्शा, टेम्पो समेत अन्य गाड़ियों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया था।

# भोजपुर में 5 शातिर अपराधी गिरफ्तार, पैसे का तगादा कर दुकान वापस लौट रहे थे

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-छपरा फोरलेन पर झलकु नगर मोड़ के पास व्यवसायी संजीव कुमार मोनू से दिनदहाड़े घटित लूटपाट के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। साथ ही कांड में संलिप्त 5 अपराधियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी है। SP ने बताया कि कोईलवर के राजापुर-पचरूखिया गांव निवासी अमित कुमार उर्फ बुल्लू, शुभम कुमार उर्फ ननबुट, मुकेश कुमार उर्फ छोटू, सचिन कुमार उर्फ सन्नी और विक्की कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक अपराधी का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। पकड़े गए बदमाशों में एक लाइनर भी है। इनकी गिरफ्तारी से कोईलवर क्षेत्र में घटित 4 कांडों का उद्भेदन हो गया है। पूछताछ में अपनी संलिप्तता भी स्वीकार की है। पकड़े गए बदमाशों के पास से 2 बाइक, 5 मोबाइल, वादी का आधार कार्ड और 10 हजार नकद बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि 18 जुलाई 2024 को बड़हरा के बबुरा निवासी व्यवसायी संजीव कुमार मोनू तगादा कर लौट रहे थे। आरा-छपरा फोरलेन पर झलकु नगर मोड़-आश्रम के बीच अलग-अलग बाइक पर सवार 8 अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर बैग समेत 4 लाख 35 हजार रुपए लूट लिया था। इसे लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। इसे लेकर सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस दौरान टीम ने सबसे पहले अमित को पकड़ा। इसके बाद उसकी निशानदेही पर चार अन्य बदमाशों शुभम, मुकेश, सचिन व विक्की को धर दबोचा गया। टीम में कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चन्द्र, दारोगा सुभाष कुमारमंडल, प्रशिक्षु दारोगा मुकेश कुमार साहू, पुष्कर कुमार एवं प्रिया कुमारी शामिल थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि सचिन का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। मुकेश समेत 2 बदमाशों ने लाइनर का काम किया था। कुल 8 की संख्या में थे। 3 अन्य बदमाशों की तलाश जारी है। टीम लगी हुई है।

# स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा रोशनी से जगमग होगा शहर

निज संवाददाता। बक्सर



वैसे तो जश्न-ए-आजादी का राष्ट्रीय त्योहार जिलेभर में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन, इस बार स्वाधीनता दिवस शहरवासियों के लिए खास होगा। 15 अगस्त से पहले ही नगर परिषद ऐसी व्यवस्था करने जा रही है कि पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंग जाएगा। शहर के लगभग सभी मुख्य मार्ग तिरंगे की रोशनी से जगमगा उठेगा। नगर परिषद इसके लिए तैयारी में जुट गई है। नगर परिषद के आईटी पर्यवेक्षक अमित कुमार ने कहा कि आगामी 13 अगस्त तक शहर के मुख्य मार्गों में सभी विद्युत पोल पर तिरंगा रोशनी बिखेरने वाली एलईडी रोप लाइट लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। शाम होते ही शहर के मुख्य मार्ग तिरंगा रोशनी से जगमग हो उठेगा। 400 से अधिक पोल पर लगेगी तिरंगा रोप लाइट नगर परिषद के चेयरपर्सन कमरून निशा ने बताया कि शहर के सभी मुख्य मार्गों पर करीब चार सौ से अधिक विद्युत पोल पर तिरंगा रोशनी बिखरने वाली एलईडी रोप लाइट लगाई जाएगी। शाम होते ही शहर की सड़कें केसरिया, सफेद और हरे रंग की रोशनी से नहा लेगी। उन्होंने बताया कि शहर में देशभक्ति माहौल बनाने के लिए पांच प्रमुख चौराहों पर म्यूजिक सिस्टम लगाया जाएगा।

# दो बाइक के बीच टक्कर, दो की मौत, दो घायल

निज संवाददाता। बक्सर



❑ बक्सर में लोगों ने कराया भर्ती, पुलिस ने कहा-जांच के बाद होगी कार्रवाई

बक्सर के बगेन गोला के पास दो बाइक के बीच आमने सामने की टक्कर होने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों और पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बगेन गोला थाना क्षेत्र के बगेन गोला के पास चौगाई की तरफ से आ रही बाइक और रघुनाथपुर की तरफ से आ रही बाइक के बीच टक्कर हो गई। घटना में बाइक पर सवार मंजीत यादव (25) की मौत घटनास्थल पर हो गई। वहीं ब्रह्मपुर की तरफ से आ रही बाइक पर सवार रघुनाथपुर गांव निवासी रवि कुमार (32 ) की मौत अस्पताल जाने के दौरान हो गई। वहीं बाइक पर सवार चौंगाई गांव निवासी दिलीप यादव का बेटा सुशील यादव और रघुनाथपुर गांव निवासी लालमोहार यादव का बेटा चंदन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बगेन गोला थानाध्यक्ष प्रिती कुमारी ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले में जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भोजपुर में नवविवाहिता की मौत, परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का लगाया आरोप

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के गीधा थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव में रविवार की देर शाम एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। घटना को लेकर गांव और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं, घटना के बाद ससुराल वाले घर छोड़ मौके से फरार हो गए हैं। उधर, मृतका के परिजनों द्वारा बाइक की मांग को लेकर उसकी फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार मृतका का गीधा थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव निवासी अरुण साव की पत्नी कुमकुम देवी है। इधर, गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी और मृतका के भाई सुनील कुमार ने बताया कि उसके पिता हरेराम गोड ने उसकी बहन कुमकुम देवी की शादी 12 जुलाई 2024 को बखोरापुर मंदिर में गीधा थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव निवासी योगेंद्र साव के बेटे अरुण साव से 1 लाख रुपए नगद और पूरे सामान के लेनदेन और पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके देवर और ससुराल वालों द्वारा बाइक की मांग की जाने लगी। इसको लेकर उसको हमेशा से प्रताड़ित भी किया जाता था। इसको लेकर उसके पिता द्वारा बाद में बाइक देने की बात भी कही थी। लेकिन वे लोग कह रहे थे कि नहीं मुझे अभी ही बाइक चाहिए। भाई सुनील कुमार ने बताया कि उसकी बहन 15 दिन पहले ही मायके गई थी। एक सप्ताह पहले अपने मायके से ससुराल वापस लौटी थी। रविवार की देर शाम उसके देवर रवि उर्फ ढब्बू द्वारा फोन कर सूचना दी गई की उसकी बहन ने फांसी लगा ली है। सूचना पाकर परिजन जब उसके ससुराल श्रीपालपुर गांव पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उसके घर के बाहर पुलिस की गाड़ी लगी है। उसकी बहन चौकी पर मृत अवस्था में पड़ी है। इसके अलावा उसके ससुराल के सभी लोग घर छोड़ फरार हैं। वहीं, दूसरी ओर मृतका के भाई सुनील कुमार ने उसके पति अरुण साव, उसके देवर रवि उर्फ ढब्बू और ससुराल के अन्य सदस्यों पर बाइक की मांग को लेकर फांसी लगाकर अपनी बहन की हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने 4 बहन और 1 भाई में छोटी थी। उसके परिवार में मां शीला देवी और 3 बहन सीमा देवी, शीला देवी, इंद्रावती देवी और 1 भाई सुनील कुमार है। घटना के बाद मृतका के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका की मां शीला देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ठनका की चपेट में आने से 3 युवक घायल, बहाली के दौड़ने के लिए निकले थे



♦ तेज गर्जन के साथ काराकाट में गिरी बिजली

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव स्थित बांध पर रविवार की देर शाम दौड़ने निकले 3 युवकों पर अचानक ठनका गिर पड़ा। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि 4 अन्य युवक बाल-बाल बच गए। इसके बाद घायलों में 1 को इलाज के लिए आरा सदर और 2 युवकों को शहर के निजी अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी छोटू कुमार(23), शैलेश कुमार(25) और उसी थाना क्षेत्र के दुलौर गांव निवासी जगदीश प्रसाद का बेटा भोला कुमार(25) शामिल है। इधर, भोला कुमार ने बताया कि बहाली को लेकर गांव और बगल के गांव के कुल 7 युवक नारायणपुर बांध पर दौड़ रहे थे। उसी बीच तेज बारिश शुरू हो गई और बारिश के कारण वे लोग बांध के किनारे स्थित एक काराकाट लगे जगह पर जाकर छुप गए। तभी अचानक ठनका उन पर गिर पड़ा। जिससे वह, शैलेश कुमार और छोटू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद भोला कुमार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जबकि शैलेश कुमार और छोटू कुमार का इलाज आरा शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं, 4 अन्य युवक बाल-बाल बच गए।

# जल शक्ति मंत्री राज भूषण ने विपक्ष पर साधा निशाना



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में कई घाटों के सौंदर्यीकरण और सिंचाई के लिए किसानों को सौगात देने के लिए रविवार को जल शक्ति मंत्री राज भूषण निषाद पहुंचे। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि बिहार को विशेष राज का दर्जे नहीं मिलने के पीछे कई कारण है। हालांकि प्रधान मंत्री ने बिहार को विशेष पैकेज दिया है। बिहार को दो पुल और तीन एक्सप्रेस वे के अलावे किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए बहुत सारे काम किए जाएंगे। मंत्री ने आगे कहा कि क्षेत्र में किसानों को पानी को लेकर बड़ी समस्या होती है। सोन नहर प्रमंडल बक्सर और सोन नहर प्रमंडल विक्रमगंज में कई ब्रांच डेड हो चुकी है। किसान बार बार मांग कर रहे थे कि उनको चालू कराया जाए। इसको देखते हुए पुनर्स्थापना के लिए भारत सरकार की ओर से काम किया जा रहा है।

# भोजपुर में रोडरेज में दंपती समेत 4 की पिटाई

निज संवाददाता। आरा



♦ ट्रैक्टर ले जाने वक्त गांव के युवक को धक्का लगा, विरोध में की मारपीट

भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र के ईश्वरपुरा गांव में रविवार को रोडवेज को लेकर दंपती समेत 4 लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। इस घटना में सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद अन्य लोगों की मदद से मामले को शांत कराया गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

**जख्मियों को कराया गया सदर अस्पताल में भर्ती:** जानकारी के अनुसार घायलों में गड़हनी थाना क्षेत्र के ईश्वरपुरा गांव निवासी नंदजी सिंह, उनकी पत्नी दुलारो देवी और 2 बेटे हरेंद्र सिंह और रविंद्र सिंह शामिल है। इधर, नंदजी सिंह ने बताया कि उनका बेटा हरेंद्र सिंह ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। तभी गांव के एक युवक को धक्का लग गया। इसके बाद उसके परिवार वालों द्वारा उनके बेटे की जमकर पिटाई कर दी गई। इसके बाद जब उनकी नातिन ने खेत में जाकर उनसे कहा कि आप चलिए चाचा को उन लोगों ने बहुत मारा है। तब वे लोग उसके घर पूछताछ करने गए तो उन लोगों द्वारा लाठी-डंडों से सभी लोगों की पिटाई कर दी। इससे सभी जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी तरफ जख्मी नंदजी सिंह ने गांव के ही लखू ,चौकीदार, बाजारू सहित अन्य लोगों पर ट्रैक्टर से धक्का लग जाने के कारण सभी लोगों की लाठी-डंडों से पिटाई करने का आरोप लगाया है।

# बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा मौका, बक्सर में 6 अगस्त को 100 पदों पर नियुक्ति

● 18 हजार से ज्यादा रहेगी सैलरी

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के युवाओं के लिए बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग व जिला नियोजनालय के तत्वावधान में 6 अगस्त को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में एक दिवसीय रोजगार शिविर लगाया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी ने बताया कि प्राइवेट लिमिटेड शिविर में नियोजन की प्रक्रिया होगी। नियोक्ता दसवीं, 12वीं, ITI और इससे अधिक योग्यता धारी युवक-युवतियों को मौका देगी। इनकी उम्र सीमा 18-42 साल तय की गई है। नियोक्ता की ओर से मैकेनिक हेल्पर, ट्रेनी ऑपरेटर, जूनियर टेक्नीशियन और टेरिटरी सेल्स एसोसिएट के पद पर नियुक्ति की जाएगी। कुल 100 पदों की बहाली होनी है। कार्य स्थल तमिलनाडु, राजस्थान, गुजरात, यूपी, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र है। कंपनी वेतन, सीटीसी, आरएस 12300-18500 देगी और इन हैंड एप्रॉक्स वेतन 10804 से 16621 प्रदान करेगी।

**चयनित होने पर मिलेगा इन्सेंटिवः** ओवर टाइम,मैकेनिक इन्सेंटिव,प्रोडक्शन इन्सेंटिव,और शिफ्ट अलाउंस और अदर बेनिफिट जैसे ईएसआई, पीएफ, फ्री अकामोडेशन सब्सिडाइज्ड फूड प्रति महीना दर्शाया गया है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बक्सर में इच्छुक आवेदक से अपील की है कि वे 6 अगस्त 2024 को जिला नियोजनालय बक्सर में सुबह 10 बजे से शाम के 4 बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोडाटा और मैट्रिक के प्रमाण पत्र होनी चाहिए। जिला नियोजनालय बक्सर में आकर अवसर का फायदा उठा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, अस्पताल में वृद्ध की मौत

**भागलपुर**। तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक ने एक साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से वह जख्मी हो गए थे। इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में उनकी मौत हो गई। मृतक वृद्ध रघुवीर साह पूर्णिया जिले के केनगर के रहने वाले थे। मामले में मृतक के परिजन ने बरारी पुलिस कैंप में घटना के बारे में फर्द बयान दर्ज कराया है, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक वृद्ध के बेटे दीपक साह ने बताया कि बीते शनिवार को घटना हुई थी। मेरे पिताजी मिठाई दुकान पर काम करते थे। शनिवार की शाम को वह काम कर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान केनगर थाना के पास पेट्रोल पंप के नजदीक पीछे से एक ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल होने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें मायागंज रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार तड़के उनकी मौत हो गई।

### कमरे से छात्र का लैपटॉप चोरी

**भागलपुर**। तातारपुर इलाके के कोबिबाड़ी मोहल्ले से एक छात्र का लैपटॉप चोरी हो गया। शातिर चोर बंद कमरे का ताला तोड़ कर लैपटॉप ले भागा। मामले में मूल रूप से खगड़िया के रहने वाले छात्र बिट्टू कुमार ने तातारपुर थाने में केस दर्ज कराया है। वह पढ़ाई के लिए किराये के मकान में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि बीते 27 जुलाई की शाम को मैं कमरे में ताला लगाकर सब्जी खरीदने गया था। वापस लौटने पर देखा कि मेरे कमरे का ताला टूटा हुआ है। कमरे से मेरा लैपटॉप व चार्जर गायब है। तातारपुर पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### विवि विकसित तकनीक का कराएगा पेटेंट, रायल्टी किसानों से करेगा साझा

**भागलपुर**। बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में रविवार को कृषि खाद्य प्रणालियों के परिवर्तन में जमीनी स्तर पर नवाचार और नवप्रवर्तन विषय पर राष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन किया गया। सोमवार को बीएयू 15वां स्थापना दिवस मनाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार होंगे। परिसर में ही हैलीपैड बनाया गया है। वहीं, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान गुजरात के सहयोग से आयोजित सम्मलेन में नवाचारी किसानों ने भागीदारी की। दो दिवसीय सम्मलेन का उद्देश्य कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में नवाचार को प्रोत्साहित करना था। बीएयू के कुलपति डॉ डीआर सिंह ने वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र में नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अब विवि वैज्ञानिक किसानों द्वारा विकसित तकनीक को परिष्कृत कर पेटेंट दर्ज कराएगा। इसकी रायल्टी को किसानों से साझा करेगा। साथ ही आम की गुणवत्तायुक्त फल को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी का आयोजन करेगा। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि अपने बच्चों को कृषि शिक्षा की ओर अग्रसर करें। मेडिकल साइंस के बाद कोई दूसरा बड़ा साइंस है तो वह एग्रीकल्चर ही है। मेडिकल और इंजीनियरिंग की शिक्षा की ओर भागने से बेहतर है कि कृषि को अपनाएं। 41 नई फसलों के प्रभेद व 14 पेटेंट किए प्राप्त कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सोहने ने पीपीटी से किसान के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। रिसर्च डाइरेक्टर डॉ. सिंह ने बताया कि विवि ने 41 नई फसलों के प्रभेद और 14 पेटेंट प्राप्त किए हैं। कृषि डीन डॉ. साह ने ई-लाइब्रेरी और एआरआईएस सेल जैसी सुविधाओं के साथ-साथ स्मार्ट कक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर 400 से ज्यादा किसान पहुंचे थे। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि नवीन अनुसंधान परियोजनाओं के लिए 682.29 लाख रुपये विवि को आवंटित किये गये हैं। विश्वविद्यालय ने 41 नई फसल किस्मों और 14 नए पेटेंट जारी किए हैं, जो कृषि अनुसंधान के लिए नई दिशाएं प्रदान करते हैं।

### आशीर्वाद ने 1-0 से नौवागढ़ी-बी को हराया



**मुंगेर**। रविंद्र प्रसाद सिंह मुंगेर जिला फुटबॉल लीग मैच में रविवार को ग्रुप-सी का पहला मैच आशीर्वाद एकेडमी और नौवागढ़ी-बी टीम के साथ खेला गया। आशीर्वाद एकेडमी और नौवागढ़ी के छोटे-छोटे बच्चे छोटे-छोटे पास देखकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। आशीर्वाद एकेडमी के तरफ से 17वें मिनट में युवराज कुमार ने शानदार गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में नौवागढ़ी ने लगातार प्रयास किया। लेकिन आशीर्वाद अकादमी के गोलकीपर ने सारे प्रयास को असफल कर दिया। अंत में आशीर्वाद एकेडमी की टीम 1-0 से विजयी रही। पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी तरवेश कुमार उर्फ सबलू द्वारा आशीर्वाद एकेडमी के युवराज कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडली में शुभम कुमार, सागर कुमार, सुनील शर्मा, आशीष कुमार मौजूद थे। जिला फुटबॉल संघ के सचिव भावेश कुमार उर्फ बंटी ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरा मैच पोलो मैदान में ही मुंगेर टाउन क्लब और नौवागढ़ी-ए टीम के बीच खेला गया। जिसमें टाउन क्लब 8-0 से विजयी रहा। टाउन क्लब के असद रहमानी ने पहला गोल किया। जबकि दूसरा गोल 28वें मिनट में बिजेंद्र कुमार ने किया। तीसरा गोल विजेंद्र कुमार ने, चौथा गोल 48वें मिनट में शाहिद अफरीदी ने किया। वहीं पांचवा गोल विजेंद्र कुमार ने 64वें मिनट में किया। 68वें मिनट में मनोज कुमार हेंब्रम ने गोल किया। जबकि विजेंद्र कुमार ने अपना चौथा और टीम का आठवां गोल 70वें मिनट में करते हुए एकतरफा मैच में विजयी हासिल की। निर्णायक मंडली में मो. सलाम, राहुल कुमार, मो. रजि अहमद, संतोष कुमार मौजूद थे। मैन ऑफ़ द मैच विजेंद्र कुमार को दिया गया। वहीं हवाई अड्डा के मैदान में शंकर स्पोर्टिंग क्लब धरहरा का मुकाबला गालिमपुर से हुआ। जिसमें शंकर स्पोर्टिंग क्लब धरहरा एक तरफा मुकाबले में 5-0 से विजय रहा। शंकर स्पोर्टिंग के तरफ से पहला गोल सूरज कुमार सोरेन ने 8वें मिनट में किया। दूसरा गोल अमरेश कुमार ने 9वें मिनट में, तीसरा गोल अर्जुन हेंब्रम ने 49वें मिनट में किया। जबकि चौथा गोल सूरज कुमार सोरेन 55वें मिनट में और पांचवां गोल सूरज सोरेन ने 70वें मिनट में किया। धरहरा की टीम 5-0 से विजयी रही। मैन ऑफ द मैच सूरज कुमार सोरेन को दिया गया। निर्णायक मंडली में मनीष कुमार, रामरक्षा यादव, सुधांशु कुमार और अजय कुमार मौजूद थे।

### बरसंडा में नाले के पानी की निकासी नहीं, दुर्गंध से परेशानी

**टेटिया बंबर**। प्रखंड क्षेत्र के केशौली पंचायत अंतर्गत बरसंडा गांव में घरों के गंदा पानी सड़क पर बहाए जा रहे हैं। जिससे देवघरा, गौरवडीह, के ग्रामीणों को इसी सड़क मार्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, टेटिया बंबर थाना एवं हवेली खड़गपुर अनुमंडल मुख्यालय जाने के लिए हजारों ग्रामीण प्रतिदिन इस मार्ग पर आवागमन करते हैं। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। दुर्गंध से नाक पर रूमाल रखकर लोग यात्रा करने को मजबूर हैं। बरसंडा गांव के ग्रामीणों के लिए यह समस्या नासूर बन गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों या फिर विधायक या सांसद किसी ने उनकी समस्या के निदान के लिए आज तक प्रयास नहीं किया। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत चुनाव के दौरान पूर्व मुखिया के द्वारा आनन-फानन में नाले का निर्माण कराया गया। लेकिन इस योजना को कार्य सूची में नहीं लिए जाने के कारण ना ही 15वीं वित्त योजना से या फिर मनरेगा जैसे योजना से इस कार्य को जोड़ा जा सका, जिससे परेशानियां बढ़ती गई। बरसंडा गांव के पानी को नदी में गिराया जाए तो आसानी से इसका निदान निकल सकता है। लेकिन कुछ ग्रामीणों के द्वारा इसका विरोध किया गया कि घरों के गंदा पानी को नदी में ना गिराया जाए। वहीं दूसरी ओर एक नहर में इस पानी को गिराया जा सकता है। लेकिन वहां सड़क एवं अतिक्रमण कारियों के द्वारा घर का निर्माण कर लिया गया। जिससे यह समस्या और विकराल हो गई। चाहे बरसात हो या फिर गर्मी का मौसम, हाल यही बना रहता है।

# भागलपुर के बूढ़ानाथ मंदिर में सेवा शिविर का आयोजन

## स्टूडेंट फोर्स ने श्रद्धालु को फ्री पूजा सामग्री बांटा, मंदिर का है पौराणिक-धार्मिक इतिहास

निज संवाददाता। भागलपुर




सावन माह के तीसरी सोमवारी पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर इकाई द्वारा बूढ़ानाथ परिसर में आए हजारों शिवभक्तों के बीच पूजा सामग्री, स्टूडेंट फॉर सेवा द्वारा शिविर लगाकर वितरित किया गया। नगर मंत्री गौतम साहू ने बताया कि पिछले साल की तरह इस साल भी विद्यार्थी परिषद के बैनर तले बूढ़ानाथ मंदिर परिसर में सुबह से ही निशुल्क पूजा सामग्री, फूल, बेलपत्र, दूध, गंगाजल और शाम में शुद्ध पेयजल और शरबत आदि से शिवभक्तों को वितरण किया जा रहा है। पतित पावनी गंगा के तट पर अवस्थित बाबा बूढ़ानाथ मंदिर का गौरवशाली, पौराणिक और धार्मिक इतिहास है। यह अंग क्षेत्र का अति प्राचीन मंदिर है। कहा जाता है कि त्रेता युग में इस मंदिर की स्थापना ऋषि वशिष्ठ ने की थी। यह प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। मालूम हो की मंदिर की स्थापना ऋषि वशिष्ठ ने किया था। यह प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। इस मंदिर के संस्थापक गुरु वशिष्ठ अयोध्या के राजा दशरथ के राजगुरु भी हुआ करते थे। बूढ़ानाथ मंदिर के पंडित ऋषिकेश महाराज ने कहा कि बाबा बूढ़ानाथ की महिमा अपरंपार है। यहां जो भी भक्त भोलेनाथ की शरण में आते हैं, उनकी हर मांगी मुरादें पूरी होती है। यही कारण है कि यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु नर-नारियां अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। इस मौके पर नगर मंत्री गौतम साहू, सृष्टि भारती, मृत्युंजय, पार्थ सारथी, देव सूरज, गौरव, सार्थक, मुकुंद, सत्यम, नैतिक आदि मौजूद थे।

### भागलपुर में सम्मान समारोह का आयोजन

# ग्राम रक्षा दल के सदस्यों को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता। भागलपुर



**विधायक से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

भागलपुर में सुलतानगंज के एक निजी रेस्टोरेंट में ग्राम रक्षा दल के संस्थान द्वारा रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल, थानाध्यक्ष प्रिय रंजन, नगर उपसभापति नीलम देवी, जदयू अनुसुचित जाती के जिला अध्यक्ष महेश दास थे। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम रक्षा दल के प्रदेश सचिव डॉक्टर गौतम कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम रक्षा दल के जिला सचिव पिंटू कुमार ने की।

**मेडल से किया गया सम्मानितः** कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदेश के कार्यकारणी सदस्य राजु कुमार ने किया। कार्यक्रम में सभी मुख्य अतिथि को ग्राम रक्षा दल के सदस्यों के द्वारा बुके व अंग वस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम रक्षा दल के सदस्यों के द्वारा अच्छे कार्य करने पर दर्जनों ग्राम रक्षा दल के सदस्यों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने मुख्य अतिथि और बिहार सरकार से सम्मान प्रोत्साहन राशि की मांग की जिससे समाज में हर वर्ग के लोगों को सेवा दे सके। वही सभी मुख्य अतिथि ने भी आस्वासन दिया कि इसके लिए बिहार सरकार तक आप लोगो की बात पहुंचाकर आप लोगो का मांग पुरा किया जाएगा। इस दौरान ग्राम रक्षा के प्रखण्ड अध्यक्ष विपिन कुमार, मुन्ना कुमार, जिला अध्यक्ष गगन कुमार, सरिता कुमारी, मिली कुमारी, सपना कुमारी, सहित इत्यादि भागलपुर जिले के तमाम ग्राम रक्षा दल के सदस्य मौजूद थे।

# राधा-कृष्ण स्वरूप में बच्चों ने किया मनमोहक नृत्य

निज संवाददाता। मुंगेर



शहर के किलकारी बाल भवन में रविवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों बच्चों ने बड़े ही उत्सव और उल्लास के साथ कार्यक्रम में शिरकत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमंडलीय कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर मिश्रा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी यशस्वी निधि, प्रमंडलीय संसाधन सेवी शब्दा हज्जू, सहायक लेखा पदाधिकारी रोहित कुमार और राधा कृष्ण के रूप में छोटे-छोटे बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। महोत्सव में अलग-अलग विधाओं के बच्चों ने स्वागत गान, नृत्य, नाट्य, चित्रकला, हस्तकला, कराटे इत्यादि में अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। दर्जनों बच्चियों ने मेंहदी प्रतिस्पर्धा में भी भाग लिया, जिसमें बच्चियों को अपने-अपने अभिभावकों के हथेलियों पर मेहंदी लगाना था।

इस प्रतिस्पर्धा में अव्वल आए 7 बच्चियों को पुरस्कृत भी किया गया और अभिभावकों को बच्चों के द्वारा निर्मित की गई श्रावणी चूड़ियां सम्मान स्वरूप भेंट की गई। इस दौरान बच्चों ने झूले को फूलों आदि से सजा कर उसे बेहद आकर्षक रूप भी दिया। इस झूले पर बच्चों ने सावन महोत्सव के दौरान झूले झूलकर श्रावणी मास के भाव को अनुभव किया। अर्चना प्रकाश, मनोरमा कुमारी गौण, प्रिया सिन्हा, दिलीप पासवान, राजन, किरण आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# बगीचा विवाद में हत्या मामले में तीसरा बदमाश गिरफ्तार

## भागलपुर पुलिस ने दिल्ली से आरोपी को दबोचा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में बगीचा विवाद में ओम देखभाल करने वाले एक बुजुर्ग की बदमाशों ने पीट-पीट कर अधमरा कर दिया था। जिसका इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में मौत हो गई थी। मामला जिले के पिरपेंती थाना क्षेत्र का है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जिस बगीचे में मृतक ने आम का देखभाल करते थे उस बगीचा को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर दूसरे पक्ष की ओर के लोगों ने हमला बोल दिया और बगीचा की देखभाल नहीं करने को लेकर नसीहत दी। इसके बाद मृतक से बदमाशों का कहासुनी हुई और मारपीट शुरू हुआ। इसी बीच आरोपी पक्ष के लोगों ने उनको पीट पीट कर अधमारा कर दिया। इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने दो अभियुक्त को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। तीसरे अभियुक्त को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया।

**पहले से ही दर्ज है मुकदमाः** मामले को लेकर सिटी एसपी राज ने रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर पत्रकारों को गिरफ्तारी की जानकारी दी। एसपी राज ने बताया कि पीरपेंती थाना कांड संख्या 146/21 हत्या एवं एससी-एसटी एक्ट से संबंधित में फरार चल रहे अभियुक्त सुभाष चंद्र यादव को भागलपुर पुलिस के एक विशेष टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। सुभाष चंद्र यादव पर हत्या करने का आरोप है। उन्होंने आगे बताया कि एसपी के नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीरपैंती के निगरानी में एक टीम गठित की गई थी।गठित टीम के द्वारा आरोपी के ठिकानों पर छापामारी किया गया। जहां से आरोपी सुभाष चंद्र यादव को दिल्ली से विधिवत गिरफ्तार किया गया रविवार को उन्हें भागलपुर लाया गया गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीप नारायण यादव के पुत्र सुभाष चंद्र यादव के रूप में की गई है। आरोपी पर भागलपुर पुलिस ने 25 हजार के इनाम घोषित किया था। आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई मुकदमा दर्ज है। सिटी एसपी ने आगे बताया कि टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी को सम्मानित की जाएगी।

**2021 का है मामलाः** मालूम हो कि बीते वर्ष 8 मई 2021 को बदमाशों ने बगीचे में आम देखभाल कर रहे गोविंद रविदास को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया था। इलाज के दौरान 26 जून 2021 को मायागंज अस्पताल में मौत हो गई।

# भागलपुर में कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में तीसरी सोमवारी को लेकर सुबह से ही शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुल्तानगंज स्थित अजगैबीनाथ धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जल भरकर देवघर के लिए रवाना हुए। इसके साथ ही रविवार को हजारों श्रद्धालु के विभिन्न गंगा घाटों से जल भरकर देवघर के लिए रवाना हुए थे। सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी मंदिरों में पुलिस की मुस्तैदी बढ़ा दी है। वहीं, तीसरी सोमवारी पर सुबह से ही मंदिर और शहर का माहौल भक्ति में है। गंगा घाटों से लेकर सड़कों तक हर-हर महादेव की गूंज रही है। छठ पूजा घाट समिति के अध्यक्ष नवीन कुमार कुशवाहा ने बताया कि बरारी सीढ़ी घाट, पुल घाट, छोटी खंजरपुर स्थित घाटों से हजारों डाक बम व साधारण कांवरिया ने अब तक जल उठाया। कांवरिया दुमका, हसडीहा, नौनीहाट, महादेवगंज, लश्करी, बाराहाट, बौसी, पुनसिया, बैजानी, समेत कई इलाके से पहुंच रहे है बूढ़ानाथ मंदिर के प्रबंधक बाल्मिकी सिंह ने बताया कि सुबह 4 बजे मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में गंगाजल, दूध और बेलपत्र की निशुल्क व्यवस्था की गई है। रात 8 बजे से बाबा का भव्य श्रृंगार 5 क्विटल रंग-बिरंगे फूल से किया जाएगा। शिव भक्त डॉ.संदीप ने बताया कि तीसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं के लिए भूतनाथ मंदिर का पट अहले सुबह 4 बजे खोला गया। इससे पहले 3 बजे से सरकारी पूजा की गई। शिवशक्ति मंदिर में बाबा का श्रृंगार सवा लाख बेलपत्र से हो रहा है। महंत अरुण बाबा और शिव भक्त दिनेश मंडल ने बताया कि मंदिर सुबह 4 बजे खोला गया। इससे पहले रविवार को शिवभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शिवभक्त अब्बन, चुन्नू, राजेश, रवि, विवेक, गणेश आदि ने सहयोग किया। वहीं, कोतवाली चौक स्थित बाबा कुपेश्वरनाथ मंदिर के पंडित विजयानंद शाखी ने बताया कि यहां फूलों से बाबा का श्रृंगार किया जा रहा है।

### कॉर्पोरेट जगत से आए है प्रशांत इनको जनता से मतलब नहीं

**मुंगेर** । मुंगेर में रविवार को भाजपा के जिला कार्य समिति की बैठक में शामिल होने के लिए पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मकससपुर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कार्य समिति की बैठक का उद्घाटन किया। मौके पर भाजपा विधायक प्रणव कुमार यादव, एमएलसी लाल मोहन गुप्ता, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजफर शमशी, प्रदेश मंत्री राजू झा, जिलाध्यक्ष डॉ अरूण कुमार पोद्दार, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार रंजन सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ अरूण कुमार पोद्दार, संचालन निशुतोष कुमार निशु ने किया।


**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 03 यात्री वाही ट्रेनों में 05 अदद एसएलआर की पार्सल जगह पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी प्रारूप के जरिए दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 03 यात्री वाही ट्रेनों में 05 अदद एसएलआर के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम एवं शर्तों के साथ अहस्तांतरणीय नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इस ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-निविदा प्रारूप के जरिए जमा की जानी चाहिए। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए मर्चेंटों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। मर्चेंटों को क्लास III डिजिटल सिग्नेचर भी हासिल करना आवश्यक है। **नीलामी सूचीपत्र का विवरणः** ●**नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल-24-8बी; **ट्रेन संख्याः** 03 यात्री वाही ट्रेनों में 05 अदद एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समयः** 16.08.2024 को अपराह्न 01.00 बजे।

(HWH-201/2024-25) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हावड़ा**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 04/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 27.07.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 331042 द्वारा प्रकाशित किया गया था, में आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 16.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 18.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे के स्थान पर 30.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे पढ़ा जाय।
3. आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या RWD/GARHWA/14/2024-25 के स्थान पर RWD/GARHWA/STPKG-01/ 2024-25 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 331823 Rural Work Department(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–03.08.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/18/2024-25 | आर0ई0ओ0 रोड से दडटुट्टा तक पथ निर्माण कार्य । 4.49कि0मी0 | 573.308 | पांच करोड़ तिहत्तर लाख तीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/DALTONGANJ/19/2024-25 | कोकरो मुख्य पथ से अकवनीया भाया मध्य विद्यालय तक पथ निर्माण । 3.38कि0मी0 | 379.193 | तीन करोड़ उन्नासी लाख उन्नीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/DALTONGANJ/20/2024-25 | डुमरी मध्य विद्यालय से मुंगाड़ाथान भाया जगरनाथ पाल के घर तक पथ निर्माण कार्य। 1.905कि0मी0 | 178.846 | एक करोड़ अठत्तर लाख चौरासी हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/DALTONGANJ/21/2024-25 | मुख्य पथ से जमालपुर होते हुए मायापुर सिवाना तक पथ निर्माण कार्य । 2.29कि0मी0 | 266.887 | दो करोड़ छियासठ लाख अठासी हजार सात सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 09.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 29.08.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 331824 Rural Development(24-25)#D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### पटना में डंफर और बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत

**पटना, एजेंसी।** पटना में तेज रफ्तार डंफर ने बाइक को रौंद दिया. जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौके पर हीं मृत्यु हो गई. घटना पटना-औरंगाबाद एनएच 139 स्थित जलपुरा गांव के पास की बताई जा रही है. घटना को अंजाम देने के बाद चालक डंफर लेकर फरार हो गया. मृतकों की पहचान बिहटा थाना के कंचनपुर निवासी अनवर अंसारी (51 वर्ष) और नीतीश कुमार (23 वर्ष) के रूप में की गई है. घटना की सूचना जैसे ग्रामीणों को मिली सभी लोग घटनास्थल पर पहुंच गए. घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों की भीड़ से कुछ देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही. इसके बाद नगर थाना को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल पालीगंज भेज दिया. ये भी पढ़ें-मुजफ्फरपुर में पॉलीटेक्निक की छात्रा ने हॉस्टल की छत से कूदकर की आत्महत्या, सेमेस्टर में लगा था बैक, पुलिस मामले की जांच में जुटीज अनवर झूला का व्यवसाय कर अपना जीविकोपार्जन चलाया करता था. वह जगह जगह मेला बाजार में झूला लगाया करता था. रविवार को वह अपने साथी नीतीश के साथ सावन महीने में लगे मेले में झूला लगाने अमझर जा रहा था. अभी वह जलपुरा पहुंचा हीं था कि तेज रफ्तार से आ रहा डंफर ने अपने में चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर हीं दोनों की मौत हो गई. पुलिस का कहना है कि कंचनपुर निवासी अनवर अंसारी एवं नीतीश कुमार हसनपुरा प्रखंड के अमझर मेला जाने के क्रम में जलपुरा गांव के पास डंफर और बाइक में हुई आमने सामने टक्कर में मौत हो है. अस्पताल में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दी गई है.

### पटना में पंजाब नेशनल बैंक से करीब बीस लाख की लूट, नकाब में थे अपराधी, पुलिस जांच में जुटी

**पटना, एजेंसी।** दानापुर दुल्हिन बाजार थाना अंतर्गत सुल्तानपुर कोरैया गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक से बैंक लुट की घटना सामने आई है. बता दें कि बाइक पर सवार पांच की संख्या में अपराधी थे. सभी लुटेरे नकाब में थे. बताया जा रहा है की लूटेरों ने 21 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए हैं. यह घटना सुबह 10.30 बजे की बताई जा रही है. बता दें कि सभी अपराधी कस्टमर बन के आए थे और बैंक खुलते हीं अंदर घुस गए. इसके बाद अचानक से हथियार निका बैंक अधिकारी और ग्राहकों को बंधक बना लिया. बंधक बनाकर बैंक में स्थित एक छोटे से किचन में सबको बंद कर दिए. इसके बाद बैंक के लॉकर से करीब 21 लाख रुपए लेकर फरार हो गए. रिपोर्ट्स के अनुसार सभी अपराधी काला अपाची बाइक से आए थे. इस वारदात के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंच मामले की जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि दुलहीन बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लुट की सूचना मिली. तीन क्क चार नकाबपोश लुटेरे बैंक खुलते हीं 10-10.30 में घुसे और घटना के अंजाम दिया. मैनेजर के अनुसार लूटी गई राशि करीब 21 लाख बताई जा रही है. आरोपी डीवीआर अपने साथ ले गए हैं. आसपास का सीसीटीवी फुटेज देखा जा रहा है. मामले की जांच की जा रही है।

### सोमवारी पर गंगा स्नान करने गया युवक लापता, आपदा गोताखोर टीम खोजने में जुटी

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार में सोमवारी पर गंगा स्नान करने गए युवक नहाने के क्रम में लापता हो गया है. कटिहार के कुरसेला थाना क्षेत्र के जरलाही गुमटी टोला का यह मामला बताया जा रहा है. बता दें कि सावन की सोमवारी को लेकर समेली प्रखंड के विषनीचक गांव के रहने वाले अनिल मंडल के 20 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार गंगा स्नान के लिए गया था, जहां नहाने के क्रम में अचानक से लापता हो गया. बताया जा रहा है कि गंगा स्नान के दौरान सूरज पानी में डूब गया. उसके बाद उसके साथ आए दोस्तों ने बचाने की कोशिश की लेकिन कुछ पता नहीं चला और बचा नहीं पाए. घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई जिसके बाद आपदा गोताखोर की टीम मौके पर बुलाई गई. आपदा की टीम युवक को खोजने में जुटी हुई है. स्थानीय लोग एसडीआरएफ की मांग कर रहे हैं. वहीं आक्रोशित स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रखंड स्तर के पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इन सभी चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है. जब सभी जानते हैं कि हर वर्ष गंगा स्नान करने बड़ी संख्या में लोग आते हैं. तो सुरक्षा का इंतजाम करना था.

### पटना में ट्रेन से गिरकर महिला सिपाही की मौत, 20 दिन पहले हुई थी शादी

**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना में ट्रेन से गिरकर एक महिला सिपाही की मौत हो गई है. ऐसा बताया जा रहा है कि हाल-फिलहाल में हीं उसकी शादी हुई थी. घटना दानापुर रेल थाना क्षेत्र के नेउरा-गांधी हॉल्ट की पास रविवार शाम की है. जहां ट्रेन से गिरकर महिला सिपाही सपना कुमारी (27 वर्ष) की मौत हो गई. जो बक्सर स्टेशन पर कार्यरत थी. 20 दिनों पहले उसकी शादी हुई थी. पुलिस घटना की छानबीन कर रही है. जानकारी के अनुसार 14 जुलाई को सपना की शादी धनबाद में हुई थी. शादी के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए वह बक्सर जा रही थी. इसी दौरान नेउरा-गांधी हॉल्ट के पास ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो है।

# बिहार की नदियां फिर ऊफनाईं, पटना-नालंदा मुख्य मार्ग की सड़क धंसी, रोहतास में बजी खतरे की घंटी





**पटना, एजेंसी।** झारखंड और बिहार में लगातार हुई बारिश के कारण दक्षिण और मध्य बिहार की कई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ रहा है. रोहतास में लोगों को टीला खाली करने का निर्देश दिया गया है. अलर्ट जारी हो चुका है. कोसी-सीमांचल की भी नदियां ऊफान पर हैं. कटिहार में गंगा व कोसी नदियों के उफान से निचले क्षेत्रों में बाढ़ का फैलाव बढ़ने लगा है. बारिश का पानी बाढ़ में सहायक बन गया है. मौसमी नदियां लबालब होने लगी है. नदियों के बाढ़ का श्रोत मौसमी नदियों से मिलने से निचले भू-भाग के गांवों के तरफ पानी का फैलाव होने लगा है. कटिहार की नदियों में ऊफान है. जानकारी के अनुसार, गंगा के साथ कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है. बाढ़ खतरे को लेकर क्षेत्र का जनमानस दहशत में है. बताया जाता है कि उत्तराखंड में बारिश व बादल फटने से गंगा के पानी में उफान बढ़ गया है. जबकि नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रो में बारिश के अधिक होने से कोसी नदी में लगातार उफान बढ़ रहा है. उधर, नालंदा जिले के हिलसा अनुमंडल मे फल्गु तथा लोकाइन नदियों मे बाढ आने के कारण छह स्थानों पर तटबंध टूट गये हैं. इससे कुछ गांवो में बाढ़ का पानी फैल गया है. बताया जा रहा है कि अचानक आयी बाढ़ से एकंगरसराय पखंड के मंडाछ व नवगढ, हिलसा प्रखंड के सोहरापुल के पास धुरी विगहा व गोसाइपुर और करायपर सुराय प्रखंड के मुसाढ़ी व अकबरपुर (वेरथू) में कटाव हुआ है. इसके बाद बाढ़ का पानी मंडाछ पंचायत के वेलछी विगहा गांव मे प्रवेश कर गया है. इससे लगभग 68 घर प्रभावित हुए हैं.झारखंड के घोड़ा घाट बियर का फॉलिंग शटर टूटने से फल्गु नदी मे बाढ़ का पानी पहुंच गया है. इससे जहानाबाद जिले के मोदनगंज तथा घोसी अंचल क्षेत्र में नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है. पानी के तेज बहाव से पटना-नालंदा मुख्य मार्ग पर पितांबरपुर बरछीबिगहा गांव के समीप सड़क टूट गयी है. इसके कारण आवागमन बाधित हो गया है. वहीं, मोदनगंज प्रखंड क्षेत्र के ही बंधुगंज पुराना पुल पर भी नदी का पानी चढ़ जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. हालांकि, पास में ही बने नये पुल से अभी आवागमन हो रहा है. उधर, मोदनगंज हाइस्कूल परिसर में नदी का पानी प्रवेश कर गया है. पटना के मसौढ़ी अनुमंडल के पुनपुन व कररूआ नदी का जलस्तर रविवार की सुबह से अचानक बढ़ना शुरू हो गया. जबकि दरधा नदी का जलस्तर सामान्य है. सूत्रों कि मानें तो दरधा नदी का जलस्तर सोमवार तक बढ़ने की संभावना है. इधर पुनपुन के श्रीपालपुर में रविवार की शाम छह बजे तक पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान 50.60 मीटर से 1.67 सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया. पुनपुन बाढ़ नियंत्रण के कनीय अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि पुनपुन नदी का जलस्तर शाम छह बजे 48.93 मीटर दर्ज किया गया है. उधर कररूआ नदी भी पूरे उफान पर है. हालांकि फिलहाल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे बह रहा है. गौरतलब है कि बीते दो दिनो में हुई अत्यधिक वर्षा कि वजह से बिहार व झारखंड की सीमा पर स्थित घौडाघाट बराज का कैचमेट एरिया का फौलिंग सतह तोड़ते हुए पानी का बहाव बहुत तेज हो गया है, जिससे पुनपुन मोरहर, दरधा व कररूआ नदी के जलस्तर में वृद्धि की संभावना शनिवार को ही जानकारों ने दे दी थी. इधर अनुमंडल की इन नदियों के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने व सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है.

## भागलपुर में कांवड़ियों से लूटपाट, जीरोमाइल चौक पर बदमाशों ने मारपीट कर छीने पैसे

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में कांवरियों से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है.जीरो माइल गोलंबर के पास कांवरियों से अपराधियों ने लूटपाट की है. साथ ही कांवरियों के साथ मारपीट भी की गयी. कांवरिया बरारी सहित अगल-अलग घाट से गंगाजल लेकर पैदल निकले थे, इसी दौरान रविवार की देर रात को यह घटना हुई है. नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर इस लूट की घटना को अंजाम दिया. बदमाशों ने कांवरियों के कार के शीशे भी इस दौरान तोड़े और गाड़ी से उतारकर कांवरियों से लूटपाट की. मिली जानकारी के अनुसार, भागलपुर के जीरोमाइल चौक पर बदमाशों ने रविवार की रात को जमकर उत्पात मचाया. इस दौरान कांवरियों को उन्होंने अपना निशाना बनाया और लूटपाट की. अपराधियों ने अपने चेहरो को नकाब से ढक रखा था. चाकू और हथियार का भय दिखाकर उन्होंने कांवरियों से लूटपाट की. जिसके बाद पीड़ित कांवरियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी. लूट की घटना को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए. इस मामले पर औद्योगिक थाना के थानाध्यक्ष मुरलीधर साह से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि ये घटना संज्ञान में आया है. बताया कि ऐसी संभावना लग रही है कि इस घटना को अंजाम देने वाले किसी गिरोह के सदस्य नहीं बल्कि नशेड़ी हो सकते हैं. जो कुछ पैसों के लिए छिनतई करते हैं. अगर किसी का आवेदन पुलिस के पास आता है तो मामले की जांच करायी जाएगी.शाहकुंड-सुलतानगंज मुख्य मार्ग पर महतोस्थान के समीप रविवार की रात्रि नौ बजे सुलतानगंज से जल लेकर बासुकीनाथ धाम जाने वाले एक कांवरिये से मोबाइल की छिनतई बदमाशों ने की है. कांवरियां ने मोबाइल छिनतई की सूचना बेलथू गांव आकर स्थानीय लोगों को दी. कांवरिया हावड़ा के बताये जा रहे हैं. शाहकुंड पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच कर रही हैं और लोगों को घटना के बाबत पूछताछ कर रही हैं. महतो स्थान के पास इसके पूर्व भी छिनतई की घटना घटी है. थानाध्यक्ष जयनाथ शरण ने बताया कि कांवरिया का आवेदन प्राप्त नहीं है. घटना के सत्यापन का प्रयास जारी है. गौरतलब है कि सावन की तीसरी सोमवारी को जल अर्पण करने व सोमवारी को जल उठाने के लिए बड़ी तादाद में कांवरिये रविवार को बाबाधाम देवघर और बासुकीनाथ धाम के लिए रवाना हुए हैं. भागलपुर के बरारी गंगा घाट और सुल्तानगंज उत्तरवाहिनी गंगा का भी जल लेकर कांवरिया रविवार को निकले हैं.

## छह दिनों से लापता युवक का शव मिला, पुलिस जांच पर उठे सवाल

**गोपालगंज, एजेंसी।** नगर थाना क्षेत्र के हजियापुर ऑफिसर कॉलोनी के पास एक युवक का शव बरामद हुआ है. मृतक छात्र की पहचान सावन कुमार के रूप में हुई. वह ब्रजेश सोनी का पुत्र बताया जा रहा है. शव बरामदगी की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंची ने शव का पोस्टमार्टम कराया. इसके बाद उसे परिजन को सौंप दिया गया. बताया जा रहा है कि सावन बीते रविवार रात से लापता था. इसी दौरान उसकी चाकू गोदकर हत्या कर दी गई. सोमवार (05 अगस्त) की सुबह उसका शव बरामद किया गया है.

इधर, पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर परिजन और अन्य स्थानीय लोगों ने एनएच-27 को जाम कर दिया. डीएम-एसपी आवास के पास सड़क जाम कर वरीय अधिकारी को बुलाने की मांग करने लगे. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और लोगों को समझाया. मृतक सावन के पिता ई-रिक्शा चलाकर परिवार चलाते हैं. पिता की मानें तो छात्र सावन कुमार की उम्र 19 साल के आसपास है और वह बीए का छात्र था. सावन के पिता ने कहा कि ऐसी घटना किसी के साथ न हो जो उनके साथ हुई है. वह ई-रिक्शा चलाते हैं और किसी के पास पैसा नहीं रहता था तो भी उसे पहुंचा देते थे. एसपी स्वर्ण प्रभात ने इस मामले में एसआईटी गठित कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने की बात कही है. हालांकि हत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है।

# सुल्तानगंज-अगुवानी गंगा पुल और फोरलेन तक अप्रोच रोड कब तक बन जाएगा?

**सुल्तानगंज, एजेंसी।** सुलतानगंज-अगुवानी घाट गंगा ब्रिज का स्ट्रक्चर ध्वस्त होने के बाद पुल निर्माण निगम निगम इसको बनाकर तैयार करने की कोई डेडलाइन तय नहीं की है. इससे यह है कि इसे बनाने में एजेंसी की मर्जी चलेगी. दरअसल, इसका डेडलाइन 09 बार फेल हो चुका है. पुल गिरने के बाद कोई डेडलाइन तय नहीं किया है. गंगा नदी पर लगभग 1000 करोड़ से बन रहा पुल चार जून को रेत की दीवार की तरह ध्वस्त हो गया था.

फोरलेन पुल निर्माण के दौरान दूसरी बार ढहा था. हादसे की वजह से नवीं डेडलाइन फेल हुई थी. पुल निर्माण निगम ने पहले दिसंबर, 2022, फिर मार्च 2023 और आखिरकार जून 2023 तक समय सीमा बढ़ायी थी. 2016 से काम शुरू हुआ. तब निगम ने कहा था कि मार्च 2019 तक पुल का काम पूरा कर लिया जायेगा, लेकिन उस वक्त तक 25 फीसदी काम भी सही से नहीं हो पाया था.

अगुवानी गंगा घाट से सुलतानगंज ब्रिज तक फोरलेन अप्रोच रोड का निर्माण समय से पूरा नहीं हो सका. इसका चार जुलाई का डेडलाइन फेल हो गया है. इस फोरलेन का काम कम और बहानेबाजी होती रही, जिस वजह से यह दो साल में नहीं बन सका. इधर, डेडलाइन फेल होने के बाद पुल निर्माण निगम अब काम पूरा करने की संभावित तिथि तय करने में जुटी है.



अप्रोच रोड का निर्माण पहले अगुवानी पुल से सुलतानगंज तक कराने का था. मुंगेर-मिर्जाचौकी के बीच ग्रीनफील्ड फोरलेन निर्माण को मंजूरी मिली, तो अप्रोच रोड का विस्तारीकरण ग्रीनफील्ड फोरलेन तक कराने का निर्णय लिया और एजेंसी बहाल कर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी. लेकिन, इसका काम देरी से शुरू हुआ. परिणामस्वरूप दो साल में पूरा नहीं हो सका.

सुलतानगंज अगुवानी घाट पुल से लेकर ग्रीनफील्ड के बीच 440 मीटर तक फोरलेन अप्रोच रोड पर करीब 128.64 करोड़ खर्च किया जा रहा है. लेकिन, कार्य की प्रगति धीमी है. ऐसा प्रतीत हो रहा कि इस अप्रोच रोड के कार्यों की मॉनीटरिंग सही से नहीं हो रही है. अन्यथा, यह समय से बनकर तैयार हो गया रहता.

अगुवानी घाट पुल के अप्रोच रोड का निर्माण एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल से दो साल बाद काम शुरू हुआ था. इसका काम 05 जुलाई, 2022 को प्रारंभ हुआ और एजेंसी के लिए 04 जुलाई 2024 को कार्य पूर्ण करना अनिवार्य था.

फोरलेन अप्रोच रोड बनाने के लिए अगर कार्य एजेंसी को टाइम एक्सटेंशन मिला, तो राशि भी काटी जायेगी. यानी, टाइम एक्सटेंशन बिल में कटौती की जायेगी.

## ककोलत जलप्रपात पहुंच सौंदर्यीकरण का आनंद उठा रहे हैं सैलानी

**नवादा, एजेंसी।** नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड के ककोलत जलप्रपात में रविवार को सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी. सैकड़ों की संख्या में सैलानियों व कांवड़ियों ने ककोलत शीतल जलप्रपात पहुंचकर आनंद उठाएं. लोगों ने कुंड में स्नान करने के बाद ककोलत जलप्रपात सौंदर्यीकरण का भी आनंद लिया.ककोलत जलप्रपात के खुल जाने से सैलानियों में काफी खुशी देखी जा रही है. रविवार को स्नान करने पहुंचे कई पर्यटकों ने कहा कि ककोलत बहुत दिनों से बंद था. जिससे यहां आने पर लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ जाता था. अब ककोलत खुल जाने से सैलानियों को लौटना नहीं पड़ेगा. आज हमलोग इस जलप्रपात का आनंद उठा रहे हैं. इसका सौंदर्यीकरण लोगों को आकर्षित कर रहा है, पहले से बहुत अच्छा दिख रहा है.बता दें कि ककोलत जलप्रपात में महिला एवं पुरुषों के नहाने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है. महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, कैफेटेरिया, प्रशासनिक भवन, अमानती रूम, शौचालय, पार्किंग आदि की व्यवस्था की गई



है. सैलानियों ने कहा कि पहले से काफी अच्छी व्यवस्था हो गई है.सैलानियों के प्रवेश के लिए प्रवेश द्वार के पास टिकट काउंटर बनाया गया है. लोगों को टिकट काउंटर से टिकट लेने के बाद गेट के अंदर प्रवेश दिया जाता है. इसके लिए मेन गेट पर वन विभाग कर्मी को तैनात किया गया है. शनिवार व रविवार को टिकट शुल्क के रूप में 20 रुपया लिया जाता है. प्रति व्यक्ति 10 रुपया निर्धारित किया गया है.वाहन पार्किंग के लिए मोटरसाइकिल का 20 रुपए, तीन पहिया वाहन का 30 रुपए, चार पहिया वाहन 50 रुपए और बस तथा भारी वाहन का 100 रुपए निर्धारित किया गया है. उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन प्रत्येक बुधवार को ककोलत बंद रहेगा. सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुबह 7:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक ही टिकट काउंटर खुला रहेगा और संध्या 5:00 बजे तक ककोलत परिसर से सैलानियों को खाली करवा दिया जाएगा.

## सीएम नीतीश कुमार के दफ्तर पर आतंकी हमले की चेतावनी का क्या है सच? जांच एजेंसियां हुईं सक्रिय

**पटना, एजेंसी।** पटना सीएमओ यानी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी पिछले दिनों ईमेल के जरिये दी गयी थी. अलकायदा संगठन के नाम से ये धमकी दी गयी थी जिसने प्रशासन के भी रोंगटे खड़े कर दिये हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच भी शुरू कर दी गयी है. सीएम दफ्तर पर हमले की चेतावनी किसी शरारती तत्व की करतूत है या फिर किसी साजिश को अंजाम देने की कहीं तैयारी चल रही है, इसका पता लगाया जा रहा है. अब मामले की जांच साइबर सेल ने शुरू कर दी है.इओयू और एटीएस भी इस जांच में मदद कर रही है.

पटना में स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के मामले की जांच साइबर सेल ने शुरू कर दी है. इस जांच में मदद आर्थिक अपराध इकाई और आतंकवाद निरोधक दस्ता भी कर रहा है. पुलिस का दावा है कि किसी शरारती तत्व का यह कारनामा है. बता दें कि अलकायदा ग्रुप ने इ-मेल आइडी से मेल कर बम से उड़ाने की धमकी दी थी. यह इ-मेल सीएमओ के सरकारी मेल आइडी पर 16 जुलाई को आया था. सीएमओ को उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए सचिवालय थानेदार संजीव कुमार के बयान पर केस दर्ज किया गया था. सूत्रों के अनुसार मामले की जांच कर रही एजेंसी ने गुगल को पत्राचार करके डिटेल मांगा है. जांच के बाद दो अगस्त को सचिवालय थाना में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस 2023



की धारा 351 (4), (3) और 66 (एफ) आइटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया. गौरतलब है कि वीवीआईपी जगहों को उड़ाने की इस तरह की धमकी पहले भी मिलती रही है. पटना समेत देशभर के दर्जन भर एयरपोर्ट पर बम से हमला करके उड़ाने की धमकी भरा मेल सीआइएसएफ को मिला था. वहीं पटना राजभवन कार्यालय समेत देश के कई महत्वपूर्ण जगहों को उड़ाने की भी धमकी मिल चुकी है. पटना हाईकोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी किसी ने इमेल से भेजी थी जबकि पटना जंक्शन पर भी बम से हमले की धमकी पूर्व में मिल चुकी है. इन तमाम जगहों पर हमले की धमकी की जब जांच की गयी तो इसकी वास्तविकता बिल्कुल अलग ही मिली है.

# वैशाली में हाई टेंशन तार की चपेट में आई डीजे गाड़ी, 9 कांवरियों की मौत

**हाजीपुर, एजेंसी।** बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर में रविवार की रात बड़ा हादसा हो गया. पहलेजा स्थित गंगा नदी से जल लेकर आ रहे 9 कांवरियों की झुलसकर मौत हो गई. कांवरियों का जत्था पहलेजा घाट से गंगाजल भरने और बाबा हरिहरनाथ का जलाभिषेक करने के लिए निकला था. इसी बीच औद्योगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में (नाइपर के सामने) रविवार की रात करीब 11.40 बजे हाई-वोल्टेज तार की चपेट में आने से 9 कांवरियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए. हादसे में मृत कांवरिए जेठुई गांव के रहने वाले हैं.

हादसा तब हुआ जब कांवरियों का जुलूस गांव से करीब 500 मीटर दूर बढ़ा होगा. जुलूस के साथ एक ट्रॉली पर डीजे और साउंड सिस्टम सेट किया हुआ था, जो 11 हजार वोल्ट के तार से सट गया. इससे पूरी ट्रॉली में 11 हजार वोल्ट का करंट फैल गया और इसकी चपेट में जो आये वो मारे गये. एक एक कर करंट लगने से 9 कांवरियों की मौके पर ही मौत हो गई. छह झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए. उनका इलाज कराया जा रहा है. बताया जा रहा है कि स्थिति ठीक नहीं है. मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है.

इस मामले में हाजीपुर एसडीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि डीजे ट्रा ली में



बांधकर ले जाने के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार में माइक सट गया, जिससे ट्राली में करंट फैल गया और आठ लोगों की मौके पर मौत हो गई. इस हादसे में झुलसे लोगों में दो ज्यादा गंभीर हैं. कांवरियों का जत्था हर साल पहलेजा घाट से जल भरकर बाबा हरिहरनाथ पर जलाभिषेक के लिए जाता है. आक्रोशित लोगों का कहना था कि जैसे ही तार में डीजे सटा और करंट लगा, बिजली विभाग को फोन किया गया, लेकिन फोन नहीं उठाया. यदि समय पर फोन उठ जाते तो करंट की चपेट में आने वाले युवकों को बचाया जा सकता था.

हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग के अफसरों और कर्मियों को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर हंगामा किया और हाजीपुर-जंदाहा मार्ग को जामकर कर दिया. मौके पर पांच थानों की पुलिस और दमकल मौजूद थी. रात करीब पौने दो बजे समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण माने, फिर सभी आठ शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया. कई शव बुरी तरह झुलस गए हैं. अहले सुबह तक मौके पर पांच थानों की पुलिस और दमकल मौजूद थी. एसडीओ रामबाबू बैठा और एसडीपीओ ओमप्रकाश लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन आक्रोशित लोग एनएच-322 हाजीपुर-जंदाहा मार्ग को जामकर बैठे हुए थे। एसडीपीओ और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने-बुझाने के प्रयास में जुट गई, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### 2 जिलों में वज्रपात की चेतावनी, सावधान और सतर्क रहें

**रांची, एजेंसी।** मौसम विभाग ने झारखंड के 2 जिलों में वज्रपात की चेतावनी दी है. अभी-अभी भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र की ओर से तात्कालिक चेतावनी जारी की गई है. इसमें कहा गया है कि संताल परगना के 2 जिलों में अगले एक से तीन घंटे में गरज के साथ वज्रपात होने की आशंका है. मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि पाकुड़ और गोड्डा जिले में कुछ जगहों पर गरज के साथ वर्षा एवं वज्रपात हो सकता है. इसलिए लोग सावधान और सतर्क रहें. मौसम वैज्ञानिक ने लोगों को सलाह दी है कि वे अपने घरों से बाहर न निकलें. अगर आप घर से बाहर हैं और मौसम खराब हो जाए, तो कुछ सावधानी जरूर बरतें. मौसम खराब होने की स्थिति में किसी पक्के छत के नीचे चले जाएं. पेड़ या बिजली के खंभे से दूरी बनाकर रखें. किसी भी सूरत में बिजली के खंभे या पेड़ के नीचे शरण न लें. इन जगहों पर आसमानी बिजली गिरने का खतरा सबसे अधिक होता है. इसलिए पक्के छत के नीचे ही शरण लें. आप सुरक्षित रहेंगे.किसानों को भी सलाह दी जा रही है कि वे खेतों में न जाएं. मौसम के सामान्य होने की प्रतीक्षा करें. झारखंड में पिछले दिनों साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से भारी से अत्यधिक भारी वर्षा हुई.

### ग्रामीणों के विरोध के बीच सुदामडीह फायर पैच का भूमि पूजन

**जोड़ापोखर, एजेंसी।** ग्रामीणों के विरोध के बीच रविवार को बीसीसीएल सुदामडीह एएसपी कोलियरी के इस्ट वार्ड एक्सटेंशन ऑफ फायर पैच का भूमि पूजन किया गया. आउटसोर्सिंग कंपनी के भूमि पूजन के दौरान पूर्व मेयर इंदू सिंह, उनकी पुत्र वधू आसनी सिंह, गुरुपाल सिंह आदि मौजूद थे. भूमि पूजन के दौरान न्यू सवारडीह व थाना बस्ती के ग्रामीण पहुंचे और आउटसोर्सिंग कंपनी पर सूचना नहीं देने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने कहा कि जब तक वार्ता नहीं हो जाती है, तबतक आउटसोर्सिंग का काम शुरू नहीं होने दिया जायेगा. सूचना पाकर सुदामडीह थानेदार सूरज कुमार रजक पहुंचे और बीसीसीएल के अधिकारियों व ग्रामीणों से बात की.इस दौरान कहा गया कि सोमवार की शाम चार बजे प्रबंधन, प्रशासन व ग्रामीणों की त्रिपक्षीय वार्ता होगी. इसके बाद ग्रामीण लौट गए. थानेदार ने कहा कि प्रबंधन एवं ग्रामीणों की आपसी सहमति से ही नये पैच का काम चालू होगा. मौके पर एजीएम सुशील कुमार, पीओ अनिल कुमार, प्रबंधक डी माजी, सर्वेयर भरत वैष्णव, पीएमआर के मिश्रा, सेफ्टी अधिकारी एके झा, वाईके सिंह, नागेंद्र सिंह आदि थे.इस संबंध में एएसपी कोलियरी के पीओ अनिल कुमार ने कहा कि ग्रामीण विस्थापितों को विस्थापन के साथ ही कंपनी के नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी.

### 11 को सभी विस्थापित संगठन आयेंगे एक मंच पर

**बोकारो, एजेंसी।** सांसद ढुलू महतो की ओर से शुक्रवार को 19 विस्थापित गांवों को पंचायत में शामिल करने की मांग को सदन में उठाने और विस्थापितों के अन्य प्रमुख मांगों से इस्पात मंत्री को लिखित में अवगत कराने से प्रेरित होकर विस्थापित संगठनों ने एक होने का निर्णय लिया है. इस संबंध में शनिवार को विस्थापित संगठनों की बैठक सेक्टर 12 में हुई. अध्यक्षता करते हुए मजदूर और विस्थापित नेता साधु शरण गोप ने कहा कि अभी तक जितने भी धनबाद से सांसद बने, सांसद ढुलू महतो जैसी प्राथमिकता विस्थापितों को किसी ने नहीं दी है. उन्होंने संसद के पहले सत्र में विस्थापित मामले को सदन में उठाकर चुनावी वायदा को पूरा किया है. सांसद की पहल से विस्थापितों में हर्ष का माहौल है. उन्होंने कहा कि विस्थापित समस्या छह दशक की जटिल समस्या है. उसके शतप्रतिशत समाधान के लिए विस्थापित महिला, पुरुष, युवा युवतियों व बुद्धिजीवियों को सड़क पर उतरना होगा. श्री गोप ने कहा कि आगामी 11 अगस्त को विस्थापित संगठनों की बैठक होगी. सभी विस्थापित संगठन भंग कर एक ही संगठन की घोषणा होगी. उन्होंने प्रबंधन को चेताया कि मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक द्वारा अप्रेंटिस किए युवाओं को एक माह पूर्व में दिये लिखित आश्वासन पूरा करें, नजरंदाज किए जाने से विस्थापितों में आक्रोश है. मौके पर सहदेव साव, बैजनाथ बेसरा, हसनूल अंसारी, राज कुमार मोदक, इरफान अंसारी, हकबाबू अंसारी, राज किशोर गोप, सरोज महतो, टीडी मंडल, आमोद महतो, सुनील महतो, भुनेश्वर महतो, चाणक्य, प्रभात महतो, सुभाष दास, कुंदन गोप उपस्थित थे.

# पाकुड़ के तारानगर-इलामी-नवादा गांव में 24 घंटे पुलिस तैनात, अब तक घर नहीं लौटे 10 परिवार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पाकुड़ जिले के तारानगर गांव में 18 जुलाई को हुई हिंसा के बाद नौ परिवार आज भी अपने घरों में नहीं लौटे हैं. वहीं कई परिवार अब अपने घरों को लौट चुके हैं. हिंदू दुकानदार अपनी दुकान भी चला रहे हैं. भाजपा के गंधाईपुर मंडल के अध्यक्ष मनोरंजन सरकार बताते हैं कि 18 जुलाई को हुई हिंसा के बाद कई परिवार अपने घरों को छोड़कर दूसरे जगह चले गये थे.

उनमें से कई परिवार अब अपने घर में रहने लगे हैं. 10 परिवार आज भी अपने घरों में नहीं रह रहे हैं. उन्होंने बताया कि तारानगर गांव में कुल 35 घर हिंदुओं का हैं. बच्चे-बूढ़ों को मिलाकर करीब 300 की आबादी है. इनमें से कर्मकार के 4-5 घर और मछुवारों के 3-4 घरों के लोग बाहर रह हैं.

उन्होंने बताया कि पाकुड़ के इन गांवों में हुई हिंसा के दौरान कुछ दुकानों को तोड़ दिया था. पक्के के मकान में स्थित किराना दुकानदार दुकान खोल रहे हैं. वहीं, गुमटी और नाश्ता दुकानों को तोड़ देने के कारण दुकान नहीं खुल रहा है. वहीं, इलामी गांव के महादेव दास ने बताया कि ईलामी गांव में करीब 60-65 हिंदू परिवार रहते हैं. गांव में शांति है. सभी परिवार गांव में ही है.



उन्होंने बताया कि गांव में शांति स्थापित करने के लिए गांव में शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गयी है, जिसमें सभी लोगों को मिलजुल कर रहने की बात हुई है. यदि कोई गलत काम करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही गयी है.

वहीं, तारानगर गांव के मुखिया अजमल शेख ने बताया कि गांव में अधिकांश हिंदू परिवार रह रहे हैं. चार-पांच परिवार ही बाहर रह रहे हैं. सभी परिवारों को गांव आने के लिए कहा जा रहा है. हिंदू परिवारों में डर नहीं रहे इसके लिए गांव के लोगों के बीच शांति समिति की बैठक की गयी.

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव के किसी भी परिवार या आदमी को कोई व्यक्ति परेशान करता है, तो उसके खिलाफ पुलिस-प्रशासन में लिखित शिकायत दर्ज करायी जायेगी. इसीलिए जो परिवार गांव नहीं आ रहे हैं, उनसे भी निवेदन है कि वे गांव आएं और रहें, उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी.

मुफ्फसिल थाना प्रभारी संजीव झा ने बताया कि तारानगर, इलामी और नवादा गांव के साथ गोपीनाथपुर गांव में 24 घंटे पुलिस तैनात रहती है. सभी गांवों में शिफ्ट में पुलिसकर्मियों को लगाया जाता है ताकि सभी समय गांव में पुलिस की मौजूदगी रहे. गांव में हिंदू परिवार रह रहे हैं. कुछ परिवार यदि नहीं रह रहे हैं तो वे आकर रहें, उन्हें सुरक्षा संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी.

एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि हिंसा के बाद तारानगर से कई परिवार गांव छोड़कर गये थे. पुलिस और प्रशासन के प्रयास के बाद गांव में शांति बहाल की गयी, जिसके बाद कई परिवार गांव लौट गये. कुछ परिवार के लोगों का नाम प्राथमिकी में दर्ज है, जिसके कारण वे गांव से बाहर हैं. वहीं, कुछ परिवार के लोग अपने रोजगार को लेकर भी बाहर रह रहे हैं. तारानगर, इलामी और नवादा गांव में पुलिस 24 घंटे मौजूद हैं. पूरे जिलेवासियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पाकुड़ पुलिस की है, किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है.

पाकुड़ दौरे पर आये राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपने ही राज्य के अपने ही जिले के अपने ही प्रखंड के अपने गांव को छोड़कर लोगों को पलायन करना पड़ रहा है. मैंने विधानसभा में यह मामला उठाया था, मैंने मुख्यमंत्री से मांग की थी अपने लोगों को सुरक्षा दी जायेगी. ऐसा वातावरण तैयार किया जाये कि वे निर्भिक हो कर रह सके. उन्हें सुरक्षा देना राज्य प्रशासन और जिला प्रशासन का है, इस दिशा में ठोस कदम उठाया जाना चाहिए.तारानगर गांव में हुई हिंसा के कारण कई परिवारों के लोगों के अब तक बाहर रहने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन मामले की जांच करवा रही है. डीसी के निर्देश पर बीडीओ ने पंचायत सचिव को तारानगर गांव भेजा है. तारानगर गांव में रह रहे हिंदू परिवारों की गिनती की जा रही है कि कितने हिंदू परिवार गांव में रह रहे हैं और कितने परिवार गांव से बाहर है. ये भी जांच की जा रही है कि वे किस कारण गांव से बाहर हैं. डीसी मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो जायेगी.

## मैथन व पंचेत डैम का जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचा

**मैथन/पंचेत, एजेंसी।** दो दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण मैथन व पंचेत डैम का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है. भारी जल जमाव के कारण तेनुघाट डैम से अधिक मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है. जिससे मैथन एवं पंचेत डैम में पानी का लगातर बढ़ रहा है. प बंगाल सरकार ने वर्दमान व हुगली जिले में हाई अलर्ट जारी किया है.बताया जाता है कि दोनों डैमों का जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है. रविवार को मैथन डैम का जलस्तर 482.14 फीट है, जो कि खतरे के निशान से 13 फीट नीचे है. पंचेत डैम का जलस्तर 419.59 फीट है. यह खतरे के निशान से सिर्फ पांच फीट नीचे है. दोनों डैमों में लगातार पानी पढ़ने की सूचना पर बंगाल सरकार ने बंगाल क्षेत्र के वर्द्धमान व हुगली जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया है. पश्चिम बंगाल सरकार लगातार डीवीसी अधिकारियों के संपर्क में है. मैथन डैम का इनफ्लो 143899 एकड़, आउट फ्लो 19505 एकड़ फीट, पंचेत डैम का इनफ्लो 217551 एकड़ फीट एवं आउट फ्लो 106939 एकड़ फीट हैं.पंचेत डैम में अत्यधिक जल जमाव हो रही है. एक दिन पहले ही डीवीसी प्रबंधन ने येलो अलर्ट जारी किया था. पश्चिम बंगाल एवं झारखंड राज्य के निचले इलाके में रहने वाले लोगों को बाढ़ से बचाव के लिए चेतावनी दी है. प्रबंधन सूत्रों के अनुसार तेनुघाट से अत्यधिक पानी छोड़े जाने के कारण प्रबंधन ने कोलकाता मुख्यालय से संपर्क कर 16 में से 14 गेट खोल दिया गया है.

## मरम्मत के महज दो सप्ताह के अंदर सड़क में पड़ी दरार

**पेटरवार/कसमार, एजेंसी।** कसमार प्रखंड अंतर्गत बरईकला पंचायत में पथ सुदृढ़ी करण के तहत पक्की पथ बनाया जा रहा है, लेकिन निर्माण के महज दो सप्ताह के अंदर ही पथ में बड़ी दरार पड़ गयी है. ग्रामीणों ने पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतने का आरोप संबंधित इंजीनियर व संवेदक पर लगाया है. ग्रामीण बताते हैं कि यह पथ का निर्माण स्टीमेट को ताक पर रख कर जैसे-तैसे किया जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि पथ सुदृढ़ी करण का सारा काम मुंशी के भरोसे किया जाता है. इंजीनियर को कार्यस्थल पर कार्य की गुणवत्ता देखने की बातें जब ग्रामीणों द्वारा कही जाती थी तो जूनियर इंजीनियर कहा करते थे कि कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ मुंशी द्वारा कराया जा रहा है. वे यह भी कहते थे कि एक ही काम नहीं है, जो उसी को देखते रहेंगे. संवेदक तो आते ही नहीं हैं. पथ के बनाये गये इस हिस्से में फरवरी माह में निर्माण कार्य किया गया था. जबकि कुछ भाग का अंतिम जुलाई माह में पक्कीकरण किया गया है. अभी भी आगे पक्कीकरण का काम बाकी है. धीरे-धीरे काम होने से ग्रामीणों को इस पथ पर आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ी. घटिया निर्माण से पक्की सड़क पर दरार आने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. जबकि इस पथ पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में दोपहिया व चार पहिया वाहन सहित ग्रामीण पैदल आवागमन करते हैं. आसपास के दर्जनों गांवों के लोग मुख्य बाजार पेटरवार इसी पथ से पहुंचते हैं. ज्ञात हो कि बरईखुर्द गांव के मोरटंगवा टोला से ले कर भाया दोगोटिया चौक-बरईकला होते हुए आदिवासी गांव करकट्टा कला तक का पथ सुदृढ़ीकरण एक संवेदक द्वारा कराया जा रहा है. यह पथ करकट्टा कला गांव का एक मात्र संपर्क पथ है. इस पथ के घटिया निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है. ग्रामीणों ने इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए गुणवत्ता युक्त पथ निर्माण की मांग की है.

# तीसरी सोमवारी पर देवघर में कांवरियों ने जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ क्यों की नारेबाजी?

**रांची, एजेंसी।** श्रावण मास की तीसरी सोमवारी के दिन ढाई लाख से अधिक शिवभक्त कांवर लेकर बाबाधाम पहुंचे. इस दौरान अचानक कुछ कांवरिये उग्र हो गए और उन्होंने जिला प्रशासन और झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. दूसरी ओर, सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच बाबा भोलेनाथ के भक्त जलार्पण कर रहे हैं. भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ड्रोन की मदद ली जा रही है.

डीसी और एसपी सहित पूरा प्रशासनिक महकमा मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहा है. सुबह 4:00 बजे आम भक्तों के लिए जलार्पण शुरू हुआ. हालांकि, कांवरियों का रेला रविवार की रात से ही देवघर पहुंचने लगा था. भीड़ का अनुमान प्रशासन को पहले से ही था, इसलिए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में रहा. कंपोजिट कंट्रोल रूम से पूरे मेला क्षेत्र की मॉनिटरिंग प्रशासनिक पदाधिकारी कर रहे हैं.

किसी भी स्थिति से निबटने के लिए देवघर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं. एटीएस, एनडीआरएफ, सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के जवानों को चप्पे-चप्पे पर तैनात कर दिया गया है. कांवरियों की भीड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कांवरिया रूट लाइन में एक कतार नहीं थी. कांवरियों की 4-5 कतारें बन गईं, जिसकी वजह से लाइन को व्यवस्थित करने में काफी दिक्कत हुई.



श्रावणी मेला में हर तरफ से बाबा धाम आने वाले वाहनों की संख्या बढ़ जाती है. वाहनों के ठहराव के लिए हर एंट्री प्वाइंट के पास वाहन पड़ाव बनाए गए हैं, लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा है कि वाहनों को बॉर्डर पर ही रोकना पड़ रहा है. खासकर सुल्तानगंज से देवघर आने वाले मार्ग पर दर्दमारा के पास वाहनों की भीड़ अधिक लग गई है.

कई जगह आक्रोशित कांवरियों ने सड़क जाम कर दिया. वे सड़कों पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे. आक्रोशित कांवरियों ने देवघर शहर के फव्वारा चौक के पास जाम कर दिया. प्रशासन के विरुद्ध वाहन चालकों ने मोहनपुर के पास और तीर नगर के पास प्रदर्शन किया, जिससे जाम लग गया और यातायात व्यवस्था चरमरा गई. सूचना मिलते ही एसपी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और कांवरियों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया.

## भारी बारिश के बाद कम हुआ साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मूसलाधार बारिश के बाद साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर कम हो गया है. 3 दिन तक साइक्लोन की वजह से झारखंड के अधिकतर जिलों में भारी से अत्यंत भारी वर्षा हुई. इसके बाद मानसून सीजन में बारिश की कमी का अंतर 50 फीसदी से घटकर 17 फीसदी रह गई. मौसम विभाग ने 6 और 7 अगस्त को संताल परगना समेत कई अन्य जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान जताया है.

उन्होंने बताया कि मौसम केंद्र का पूर्वानुमान है कि 6-7 अगस्त को संताल परगना के जिलों में तेज बारिश हो सकती है. अन्य जिलों में हल्की बारिश का अनुमान है. झारखंड में 3 दिनों तक साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से मूसलधार बारिश ने जनजीवन ठप कर दिया था. कई जगहों पर पुल-पुलिया बह गये. कई लोगों की मौत हो गयी. अब झारखंड में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश मसानजोर में हुई. यहां 87 मिलीमीटर बारिश हुई. डालटेनगंज में 67 मिलीमीटर, भवनाथपुर में 49 मिलीमीटर तथा राजमहल में 48 मिलीमीटर



के आसपास बारिश हुई. राज्य में अब सामान्य से मात्र 17 फीसदी ही बारिश की कमी रह गयी है.

झारखंड में अब तक मानसून के सीजन में 453 मिलीमीटर बारिश हुई है. इस दौरान करीब 549 मिमी बारिश होनी चाहिए थी. राज्य के कई जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हो गयी है. राजधानी रांची में भी एक जून से अब तक करीब 720 मिमी बारिश हो गयी है. चतरा, देवघर, पूर्वी सिंहभूम, देवघर, पाकुड़ और पश्चिमी सिंहभूम में अभी भी बारिश की कमी है. यहां सामान्य से 30 से लेकर 50 फीसदी तक कम बारिश कम हुई है.

# झारखंड का पानी बंगाल में बाढ़ ला रहा, ममता बनर्जी ने हेमंत सोरेन को मिलाया फोन, दे डाली नसीहत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में भारी बारिश के कारण नदियों और जलाशय का जलस्तर अचानक बढ़ गया है। जलाशयों पर पानी के अत्यधिक दबाव के कारण उसे खोलकर पानी भी छोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में तेनुघाट जलाशय का पानी छोड़े जाने पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इससे बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति है।





उनूहोंने अपनी भावना से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया है। दोनों मुख्यमंत्रियों की आपस में बातचीत हुई है। इस संबंध में ममता बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया है कि मैंने झारखंड के मुख्यमंत्री से बात की और उनसे बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। मैंने उनसे तेनुघाट से अचानक और भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के मामले पर चर्चा की, जिससे पहले ही बंगाल में बाढ़ आना शुरू हो गया है।

ममता बनर्जी ने उल्लेख किया कि झारखंड का पानी बंगाल में बाढ़ ला रहा है और यह मानव निर्मित है। उन्होंने अनुरोध किया कि कृपया इस बात का ध्यान रखें। वह स्वयं स्थिति पर नजर रख रहीं हैं। दक्षिण बंगाल के साथ-साथ उन्होंने उत्तरी बंगाल के सभी संबंधित जिलाधिकारियों से बात की है।

उन्होंने जिलाधिकारियों को विशेष रूप से सतर्क रहने और अगले तीन-चार दिनों में आपदा की स्थिति का उचित ध्यान रखने को कहा है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि सभी एहतियाती कदम उठाएं ताकि कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हो।

असम के सीएम और झारखंड में भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा ने ममता बनर्जी के पोस्ट पर हस्तक्षेप करते हुए कहा कि मैं दीदी का सम्मान करता हूँ, लेकिन मैं उनकी इस धारणा को स्वीकार नहीं कर सकता कि झारखंड सरकार बंगाल में आई बाढ़ के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों को लोगों की कठिनाइयां कम करने के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए। हर साल अरुणाचल और भूटान की पहाड़ियों से आने वाला पानी असम में बाढ़ का कारण बनता है। हम अरुणाचल सरकार या भूटान सरकार को दोष नहीं देते। हम समझते हैं कि पानी की कोई सीमा नहीं होती और यह स्वाभाविक रूप से नीचे की ओर बहता है।

# कांड्रा ग्रिड की क्षमता बढ़ाने को आज से शुरू होगा काम

**धनबाद, एजेंसी।** कांड्रा ग्रिड की क्षमता बढ़ाने को लेकर सोमवार से काम शुरू होगा. 50-50 एमवीए की जगह 80-80 एमवीए के दो ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए रांची से टेक्निकल टीम पहुंच चुकी है. काम पूरा होने में लगभग दो माह लगेंगे. इस दौरान धनबाद को 35 से 50 मेगावाट बिजली कम मिलेगा. इस कटौती का असर शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ेगा. हालांकि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल करने के लिए डीवीसी से अतिरिक्त बिजली मांगी गयी है. बता दें कि शहर के बड़े इलाके में कांड्रा ग्रिड से बिजली लेकर सप्लाई की जाती है. कांड्रा ग्रिड से लगभग 30 से 40 मेगावाट बिजली शहरी क्षेत्र में सप्लाई के लिए मिलती है. वही 10 से 20 मेगावाट बिजली बरवाअड्डा से लेकर टुंडी, निरसा व राजगंज के इलाकों में सप्लाई होती है. ऐसे में सोमवार से इन सभी इलाकों के लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा.

हीरापुर, धैया, सरायढेला, हाउसिंग कॉलोनी, कुसुम विहार, पॉलिटेक्निक, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, निरसा, टुंडी व राजगंज क्षेत्र के विभिन्न सबस्टेशन.

एसइ जेयूएसएनएल के अधीक्षण अभियंता आरएल पासवान ने बताया कि कांड्रा ग्रिड में क्षमता बढ़ाने के कार्य को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गयी है. बारी-बारी से ट्रांसफॉर्मरों को इंस्टॉल करने का कार्य किया जायेगा. प्रयास होगा कि कम से कम समय में दोनों ट्रांसफॉर्मरों की कमिशनिंग कर इंस्टॉल करने का कार्य पूरा कर लिया जाये. तब तक दो महीने रोटेशन पर बिजली सप्लाई होगी.

बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के किसान चौक के पास जनरल स्टोर (बड़ाजमुआ) के संचालक पलटन महतो व उनके कर्मचारी के साथ शनिवार की देर रात अपराधियों ने मारपीट कर 50 हजार रुपये लूट लिये. अपराधी कर्मचारी का मोबाइल फोन छीनकर भाग गये. पलटन महतो ने बताया कि वह दुकान बंद कर घर जा रहे थे. इस दौरान गांव से कुछ दूर पहले पुलिया के पास घात लगाये तीन अपराधियों ने अचानक उन्हें पकड़ लिया. गाली-गलौज व हाथापाई कर रुपये से भरा थैला छीनने का प्रयास करने लगे. थैला नहीं देने पर हत्या की धमकी दी और पिस्टल की बट से मारकर घायल कर दिया. इसके बाद थैला छीनकर सभी जीटी रोड की ओर भाग निकले. अपराधियों ने उनके कर्मचारी का मोबाइल फोन भी ले लिया. पलटन महतो ने बरवाअड्डा थाना में घटना की लिखित शिकायत की है.

धनबाद थाना की पुलिस ने शनिवार की रात बरटांड़ के पास जुआ खेलते हुए छह लोगों को पकड़ा. पकड़े गये लोगों में लक्खी राम दास, कार्तिक दास, गौरीलाल कुमार, सुभाष गुप्ता, बबन भगत, जितेंद्र जायसवाल शामिल हैं. इन सभी को रविवार को जेल भेज दिया गया. पुलिस ने बताया कि जुआ अड्डा चलने की सूचना मिलने पर वहां छापेमारी की गयी. इस दौरान दरी, तिरपाल, ताश की गड्डी, कुर्सी और नकद राशि बरामद हुई है.

# राहगीर से लूटपाट मामले में कट्टा व बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**हरिहरपुर, एजेंसी।** हरिहरपुर थाना में गिरफ्तार दोनों युवक व जानकारी देते बाघमारा डीएसपी. शिकायत के छह घंटे के अंदर हरिहरपुर पुलिस ने किया मामले का उद्भेदन गोमो. हरिहरपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के पंप तालाब के पास 29 जुलाई की देर रात राहगीर से लूटपाट में देसी कट्टा व एक पल्सर बाइक के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार हरिहरपुर निवासी रामनंदन कुमार (22) तथा अरुण दास (22) धनबाद जेल भेज दिया. पुलिस ने घटना की शिकायत के छह घंटे के अंदर मामले का उद्भेदन कर दिया. यह जानकारी रविवार को बाघमारा एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज ने प्रेस वार्ता में दी. एसडीपीओ श्री मिंज ने बताया कि कोरकोट्टा पंचायत के खाटडीह निवासी कामेश्वर केवट 29 जुलाई की रात करीब ढाई बजे अपने रिश्तेदार को रिसीव करने साइकिल से गोमो स्टेशन जा रहा था. इसी दौरान पम्पू तालाब के पास सुनसान स्थल पर बाइक पर सवार दो अपराधियों ने कट्टा का भय दिखाते हुए उससे एक हजार रुपये लूट लिया था. अपराधियों ने किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी. इससे वह काफी डरा सहमा था. बाद में हिम्मत जुटा कर शनिवार को हरिहरपुर थाना जाकर पुलिस से घटना की शिकायत की. इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर हरिहरपुर थानेदार गिरधर गोपाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया. टीम ने गुप्त सूचना पर दोनों को उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार किया. साथ ही, घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा व काले रंग की एक पल्सर बाइक (जेएच10 सीवी4454) बरामद की.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# कोई कोना न रहे अछूता

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षण की व्यवस्था से जुड़े एक मामले में गुरुवार को फैसला दिया कि राज्य सरकारें इन श्रेणियों में उपश्रेणियां बना सकती हैं ताकि इनमें ज्यादा पिछड़ी जातियों के लिए सब-कोटा निर्धारित किया जा सके। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। यह इस सवाल से जुड़ा है कि एससी/एसटी के तहत आने वाले समूहों को एक समान माना जाना चाहिए या नहीं। 2004 में चर्चित ईवी चिन्नैया मामले में सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यों की पीठ ने फैसला दिया था कि इन कैटिगरी में सब-कैटिगरी नहीं बनाई जा सकती। मगर सात सदस्यों की बेंच ने ताजा फैसले में इसे पलट दिया। चूंकि इस सवाल पर देश में अलग-अलग और काफी तीखी राय देखी जाती रही है, इसलिए फैसले के संभावित असर को लेकर कयासबाजी शुरू होना स्वाभाविक है। सच यही है कि रिजर्वेशन की व्यवस्था का फायदा भी एससी/एसटी कैटिगरी के तहत आने वाली सभी जातियां समान रूप से नहीं उठा सकीं। ताजा फैसला इस सचाई को स्वीकार करते हुए राज्य सरकारों के लिए यह गुंजाइश बनाता है कि वे इस व्यवस्था का फायदा उन तबकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें जिन तक यह ठीक से नहीं पहुंचा है। अच्छी बात यह है कि कोर्ट ने उन आशंकाओं को नजरअंदाज नहीं किया, जो इस फैसले से जुड़ी हैं। फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। यह फैसला इस लिहाज से भी याद रखा जाएगा कि मसले की जटिलता की झलक पीठ के सदस्यों की अलग-अलग राय में भी मिलती है। ऐसे उदाहरण कम मिलते हैं कि 6-1 के बहुमत से दिए गए फैसले में भी छह ओपिनियन सामने आएं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी तो बहुमत की राय से असंतुष्ट रहीं, लेकिन जो छह जज बहुमत की राय से सहमति रखते हैं, उनके भी पांच अलग-अलग फैसले आए। इनमें क्रीमी लेयर को एससी/एसटी पर भी लागू करने और आरक्षण को एक पीढ़ी तक सीमित करने जैसे अलग-अलग तरह के कई सुझाव दर्ज हुए। साफ है कि कानून के लिहाज से बहुमत का फैसला ही मान्य होगा।

# कुल्लू से केरल तक

भारत का मौसम की मार से प्रभावित और चिंतित होना स्वाभाविक है। उत्तर भारत में कुल्लू से लेकर दक्षिण के केरल तक कई जगह त्रासद मंजर सामने आए हैं। विशेष रूप से उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में बुधवार को जिस तरह से मूसलाधार बारिश हुई है, उससे चिंता का बढ़ना स्वाभाविक है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 24 घंटे में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इतने ही समय में देश के सात राज्यों में 32 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए हैं। जिस तरह हिमाचल में पचास से ज्यादा लोग लापता हैं, दस से ज्यादा की मौत हो गई है, उससे भी त्रासद स्थिति केरल के वायनाड में बनी हुई है। बारिश और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या वहां 300 का आंकड़ा छूने वाली है। अभी भी 100 से ज्यादा लोग वहां लापता हैं। क्या इन मौतों से बचा जा सकता था? यह बहस का विषय है और कोई भी इस त्रासदी या किसी तरह की लापरवाही की जिम्मेदारी नहीं लेगा। केंद्र सरकार और केरल सरकार के बीच जो दुखद आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं, उनसे आगे बढ़ने की जरूरत है। यह समय सतर्कता और सुधार का है। दरअसल, भारत में मौसम को समग्रता में समझने और उसके अनुकूल व्यवहार करने की जरूरत है। कभी खूब गर्मी, सूखा, तो कभी खूब बारिश, क्या ऐसे विरोधाभास को सहज ही स्वीकार करना चाहिए? मौसम की विचित्रता बढ़ती चली जा रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को बताया कि रात के तापमान के मामले में भारत में सबसे गर्म जुलाई माह का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। औसत तापमान के मामले में बीती जुलाई 1901 के बाद दूसरी सबसे गर्म जुलाई रही है, जबकि देश के कुछ हिस्सों में असामान्य वर्षा हुई है। जुलाई के आंकड़ों पर अगर हम गौर करें, तो बिहार, झारखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा में जुलाई महीने में 20 से 59 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज हुई है। पूर्वोत्तर में भी सिक्किम और मेघालय को छोड़ दीजिए, तो बाकी जगह कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में कमोबेश सामान्य बारिश रही है। जुलाई के महीने में केवल गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक ही हैं, जहां खूब वर्षा हुई है। बिहार और झारखंड के अनेक इलाकों में खेतों के सूखने की खबर है।

# हनियेह की हत्या से क्या हार जाएगा हमास

**(अश्विनी महापात्र, प्रोफेसर, जेएनयू)**

*पिछले साल दमिश्क हमले में अपने दो सैन्य कमांडरों को खोने के बाद उसने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया भी था। मगर ऐसी किसी जवाबी कार्रवाई के अपने नुकसान भी हैं। दरअसल, कोई भी देश क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाना नहीं चाहता। यह उनके लिए घाटे का सौदा हो सकता है।*

पहले हिजबुल्लाह कमांडर फउद शुकर और उसके चंद घंटे बाद ही हमास नेता इस्माइल हनियेह को मार गिराने की घटना क्या पश्चिम एशिया को और अस्थिर करेगी? वास्तव में, लेबनान और ईरान में हुई इन दोनों कार्रवाइयों में कोई तारतम्य नहीं है, सिवाय इसके कि ये दोनों आतंकी समूह इजरायल के खिलाफ आक्रामक रहे हैं। हिजबुल्लाह लेबनान सीमा से लगातार सक्रिय रहा है, और फउद शुकर की मौत को उस गोलान हाइट्स हमले का जवाब बताया गया है, जिसमें हिजबुल्लाह आतंकियों ने मिसाइल हमले से फुटबॉल खेल रहे इजरायली बच्चों को निशाना बनाया था। जबकि, हमास गाजापट्टी से आक्रामकता दिखाता रहा है। 7 अक्तूबर, 2023 की घटना के बाद तो हमास और इजरायल के बीच शह-मात का मानो निर्णायक खेल चल रहा है। बेशक, इस्माइल हनियेह पर हमले की इजरायल ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन हमास के शीर्ष नेताओं के खिलाफ वह ऐसी कार्रवाइयां करता रहा है। इसकी शुरुआत 2004 से हुई, जब हमास के संस्थापक शेख अहमद यासीन को अहले सुबह मस्जिद से बाहर आते ही मार गिराया गया। इसके बाद दूसरे नंबर के नेता माने जाने वाले अब्दुल अजीज अल-रंतीसी को भी इसी तरह मिसाइल हमले से ढेर किया गया। माना गया था कि इससे हमास कमजोर पड़ जाएगा, लेकिन इस्माइल हनियेह ने पहले बतौर प्रधानमंत्री और फिर 2017 में स्वेच्छा से पद छोड़ते हुए कतर, तुर्किये ईरान जैसे कई देशों से समर्थन जुटाने में सफलता प्राप्त की। इजरायल की सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देते हुए उन्होंने हमास को हथियार भी दिलवाए और रसद-सामग्रियां भी। इसी के कारण वह लंबे अरसे से इजरायल की आंखों में खटकने लगे थे, जिसकी परिणति उनकी हत्या के रूप में सामने आई है। सवाल है, अब आगे क्या होगा? इस हत्या की कई तरह से व्याख्या की जा रही है। एक सोच यह है कि हमास नेता को पहले भी इसी तरह मारा जाता रहा है और चूंकि यह एक कट्टर इस्लामी जमात है, इसलिए बड़े और मित्र-देश शायद ही खुलकर उसका साथ देंगे। वैसे भी, इजरायल को तभी घेरा जा सकेगा, जब वह इसकी जिम्मेदारी लेगा, लेकिन उसके पूर्व के रिकॉर्ड को देखते हुए इसकी संभावना नहीं लगती। यदि कोई कमेटी बनाकर इजरायल को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया भी गया, तो हो सकता है कि सुरक्षा मसला बताकर वह इस हमले को जायज ठहराए। उसका यह तर्क काम भी करेगा, क्योंकि हमास की हिंसक गतिविधियां जगजाहिर हैं। दूसरा तर्क यह है कि हमास के मित्र-देश इस हत्या को लेकर राजनीतिक रूप से नाराजगी दिखाएं। इजरायल के खिलाफ इन देशों ने ही हमास को खड़ा किया है। मगर दिक्कत यह है कि पिछले दस महीने से जारी इजरायली हमलों में हमास बिखर-सा गया है। उसके नेता जहां-तहां छिपे हुए हैं और उसके प्रति स्थानीय लोगों का समर्थन भी घट रहा है। यही कारण है कि ईरान या तुर्किये जैसे देश छद्म रूप से जवाबी कार्रवाई को आगे बढ़ा सकते हैं। तुर्किये ने तो कुछ दिनों पहले इजरायल के घर में घुसने की धमकी भी दी थी, लेकिन इजरायल ने भी जवाब देने में देरी नहीं की। अब उसकी प्रतिक्रिया क्या रहती है, यह देखने वाली बात होगी। हां, तेहरान सीधी कार्रवाई कर सकता है, क्योंकि हनियेह बतौर सरकारी मेहमान उसके यहां आए थे, जहां उनको मार गिराया गया है। पिछले साल दमिश्क हमले में अपने दो सैन्य कमांडरों को खोने के बाद उसने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया भी था। मगर ऐसी किसी जवाबी कार्रवाई के अपने नुकसान भी हैं। दरअसल, कोई भी देश क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाना नहीं चाहता। यह उनके लिए घाटे का सौदा हो सकता है, क्योंकि ईरान हो या तुर्किये, किसी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यह देखते हुए कि अब सीधी जंग लंबी चलने लगी है, कोई भी नया मोर्चा खोलने से इन देशों की अर्थव्यवस्था कमजोर ही होगी। इतना ही नहीं, इन दिनों पश्चिम एशियाई देशों में आंतरिक उथल-पुथल भी तेज है। ईरान न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों में उलझा हुआ है, बल्कि पिछले दिनों उसने अपने राष्ट्रपति को भी खो दिया। वहां नौजवानों की अपनी सरकार से नाराजगी भी बढ़ रही है, जिसे थामना उसके लिए एक बड़ी चुनौती है। वहीं तुर्किये में राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन की लोकप्रियता लगातार गिर रही है। सऊदी अरब जैसे तेल बहुल खाड़ी के देश भी किसी नए तनाव के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि इससे उनकी तेल की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो सकती है और उनको आर्थिक घाटा हो सकता है। वैसे, इन कार्रवाइयों पर खुद इजरायल के अंदर भी मतभेद हैं। वहां की राजनीति इस मसले पर बंटी हुई है। विपक्ष का आरोप है कि नेतन्याहू सरकार ऐसा करके न सिर्फ हमास के कब्जे में फंसे इजरायलियों के जीवन से खेल रही है, बल्कि देश में आक्रामक माहौल बनाए रखकर सियासी लाभ लेना चाहती है। मगर प्रधानमंत्री नेतन्याहू इन आरोपों को खारिज करते रहे हैं। हालांकि, उनका जनाधार भी इन दिनों कम हुआ है। इन सबसे अमेरिका की स्थिति अजीबोगरीब हो गई है। इजरायल-हमास युद्ध रुकवाने के लिए उसने कूटनीतिक पहल तेज कर दी थी। इजरायल को मिलने वाली मदद को रोककर उसने नेतन्याहू पर दबाव बनाने की भी कोशिश की थी। मगर इन हमलों के बाद शांति के सभी प्रयास बेपटरी हो गए हैं। अब नजर इस बात पर बनी रहेगी कि कैसे बाइडन प्रशासन इजरायल को शांति की राह पर चलने को मजबूर कर पाता है? जाहिर है, पश्चिम एशिया में हाल-फिलहाल कोई बड़ी उथल-पुथल नहीं होने वाली। हां, हमास कुछ हद तक प्रतिरोध कर सकता है, लेकिन वह कितना बड़ा होगा, यह अभी नहीं कहा जा सकता। इजरायल ऐसी कार्रवाइयों से भले हमास का सांगठनिक ढांचा खत्म कर दे, लेकिन जब तक वैचारिक रूप से उसे खत्म नहीं किया जा सकेगा, तब तक इस आतंकी समूह का सफाया नहीं हो सकता। यही कारण है कि दुनिया के तमाम शांतिप्रिय देश वार्ता की मेज पर ऐसे मसले का हल तलाशने की बात कहते रहे हैं। कोई भी राष्ट्र इस तरह की कार्रवाई को जायज नहीं ठहरा रहा। हालांकि, सच यह भी है कि ताकतवर देश अपने दुश्मनों के खिलाफ ऐसे गुप्त अभियान करते रहे हैं। बहरहाल, अब सबकी नजर जवाबी कार्रवाइयों पर टिक गई है। हमास-इजरायल जंग अभी जारी रहेगी।

(ये **लेखक के अपने विचार हैं**)

# तकनीकी व्यवहार में मारकोनी से बहुत बेहतर वैज्ञानिक बोस

**(राहुल मथान, साइबर विशेषज्ञ)**

साल 1901 के अंत में वैज्ञानिक गुग्लिल्मो मारकोनी ने एक महत्वाकांक्षी प्रयोग करने की ठानी। उस समय माना जाता था कि चूंकि विद्युत चुंबकीय तरंगें (जैसे प्रकाश) सीधी रेखाओं में यात्रा करती हैं, इसलिए रेडियो तरंगों का उपयोग बड़ी दूरी तक संदेश पहुंचाने के लिए नहीं किया जा सकता है। तब मारकोनी ने चुनौती स्वीकार की और इस प्रचलित मान्यता को गलत साबित करने में वह जुट गए। उन्होंने ब्रिटेन के कॉर्नवाल में एक विशाल (70 मीटर ऊंचा) शंकु एंटीना लगाया। अटलांटिक महासागर, 12 दिसंबर, 1901 को दोपहर 12:30 बजे, मारकोनी ने सिग्नल हिल के रिसीविंग स्टेशन पर (मोर्स कोड में 'एस' अक्षर के अनुरूप) अपने हेडफोन पर तीन हल्की, पर स्पष्ट 'क्लिकें' सुनीं। इसके साथ उन्होंने साबित कर दिया कि अटलांटिक महासागर के पार वायरलेस से संचार संभव है और ऐसा करके उन्होंने आधुनिक दूरसंचार क्रांति का आगाज कर दिया। आज भले ही मारकोनी को रेडियो संचार के आविष्कारक के रूप में श्रेय दिया जाता है, पर मारकोनी का संदेश प्रसारित करने का प्रयोग भारत के महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस के योगदान के बिना संभव न था। साल 1899 में ही बोस ने 'आयरन-कर्करी-आयरन कोहेरर' का आविष्कार कर लिया था। यह पहला उपकरण था, जो लगातार रेडियो फ्रीक्वेंसी संकेतों का पता लगाने में सक्षम था। गौर कीजिए, यह निरंतर सिग्नल प्रोसेसिंग क्षमता आज भी आधुनिक मोबाइल संचार उपकरणों की एक महत्वपूर्ण विशेषता बनी हुई है। ऐसा बड़ा आविष्कार करने के बावजूद जगदीश चंद्र बोस ने अपने आविष्कार को पेटेंट कराने से इनकार कर दिया था, क्योंकि उनका मानना था कि किसी भी वैज्ञानिक ज्ञान का संसार में खुले तौर पर आदान-प्रदान होना चाहिए। बोस की इस परोपकारी सोच की वजह से ही मारकोनी एक सुसंगत डिजाइन को अपने सिग्नल हिल रिसीविंग स्टेशन में जोड़ने में सक्षम हुए थे। बोस से लाभ लेते हुए मारकोनी ने जो किया, वह अब इतिहास है। मारकोनी ने लाभ तो लिया, पर बोस के योगदान को किसी रूप में मानने से इनकार कर दिया। और तो और, वह सुसंगत तकनीक उन्हें कहां से मिली, इसका जान-बूझकर उन्होंने विवरण स्पष्ट नहीं किया। जाहिर है, मारकोनी की सोच बोस से मेल नहीं खाती थी। मारकोनी का प्रयोग जैसे ही सफल हुआ, उन्होंने रेडियो संचार तकनीक के व्यावसायिक महत्व को समझ लिया। उन्होंने न सिर्फअपने आविष्कार पर सभी पेटेंट अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए बहुत कष्ट उठाया, बल्कि उन्होंने अपने अधिकारों की आक्रामकता के साथ रक्षा भी की। मारकोनी ने अपने उपकरणों को बेचने से इनकार कर दिया और इस बात पर जोर दिया कि उनके ग्राहक उनसे उपकरण खरीदने के बजाय पट्टे पर लें। मारकोनी ने यही कोशिश की कि रेडियो बाजार में केवल उनका एकाधिकार रहे, किसी भी अन्य कंपनी को अपने उपकरण स्थापित करने का मौका न मिले। मारकोनी के लिए इस बात का कोई महत्व नहीं था कि उनका व्यावसायिक व्यवहार रेडियो प्रौद्योगिकी क्षेत्र में व्यापक वैज्ञानिक अनुसंधान में बाधक बनेगा। इसका नुकसान यह हुआ कि रेडियो प्रौद्योगिकी में नवाचार थम गया। लगभग 1912 तक एक तरह की तकनीक का ही इस्तेमाल होता रहा। ध्यान दीजिए, हमेशा नवाचारों पर ही आविष्कार निर्भर करते हैं। वैज्ञानिक तरक्की तभी होती है, जब वैज्ञानिक सहयोग का स्वतंत्र परिवेश होता है, बौद्धिक संपदा कानून ज्यादा बाधक नहीं बनता है। हाल के दिनों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के संदर्भ में खुले नवाचार की चर्चा ने फिर जोर पकड़ लिया है। आज उपयोग के लिए उपलब्ध अधिकांश बड़े कंप्यूटर लैंग्वेज मॉडल पर कंपनियों का कब्जा है। अग्रणी एआई कंपनियां व उनके निवेशक इस विचार का बचाव करते हुए दावा करते हैं कि एआई एक खतरनाक तकनीक है।

# आज का राशिफल

## मेष
आज लाभ के योग हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद एवं अधिकारों में वृद्धि होगी। आप के साहस एवं पराक्रम के सामने शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक आपकी ज्ञान में वृद्धि होगी। नौकर चाकरों का सुख पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। आपके लिए लाभ और सम्मान के योग हैं और आपका मन खुश रहेगा।

## वृष
आज करियर के मामले में लाभ के योग हैं और आपका दिन आर्थिक मामलों में संपन्नता से भरा होगा। आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से भी आपको लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी और आनंद में वृद्धि होगी। आपकी रुचि जप-तप में रहेगी और सामाजिक व धार्मिक कार्यों में मन लगेगा।

## मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। इस समय में आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपकी बुद्धि विवेक से नए ज्ञान में वृद्धि होगी। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। सायंकाल में अकस्मात् संतान कष्ट होने का योग है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास करेंगे सावधान रहें।

## तुला
आज दिन अधिक अनुकूल नहीं है और आपका कुछ मामलों में फालतू खर्च आज हो सकता है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा आ सकती है और आप पिछड़ सकते हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि हो सकती है। रात का समय गाने बजाने और मौज मस्ती में व्यतीत होगा और परिवार के साथ आनंद में वक्त बीतेगा।

## वृश्चिक
आज उन्नति होगी और भाग्य साथ देगा। आज आप अपनी वाक्पटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। सेहत में किसी प्रकार की समस्या आने से पूरा दिन खराब हो सकता है। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा। रात्रि में अधिक तीखा भोजन न करें। आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

## धनु
आज लाभ और आपको सफलता मिलने से यश और हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जो भी कार्य करेंगे उसमें आपकी जीत होगी। नौकर-चाकर और सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आमदनी के नए मार्ग बनेंगे। शाम से लेकर रात तक आपका वक्त देवदर्शन और पुण्य कार्यों पर व्यतीत होगा। आप दूसरों की मदद भी करेंगे।

## कर्क
आज करियर में लाभ और उत्साह प्राप्त होगा। आपके सामने ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी उन्नति रुकी है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। शुभव्यय और कीर्ति में वृद्धि होगी। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

## सिंह
आज आप विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि हो सकती है। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए-नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो अवश्य करें। आगे चलकर लाभ होगा। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

## कन्या
आज दिन काफी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। आपकी सेहत बिगड़ने से पेट खराब हो सकता है। यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। आपके साहस एवं पराक्रम से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और सुख सम्मान में इजाफा होगा।

## मकर
आज आपके अधिकारों में वृद्धि होने के साथ ही उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानशौकत के लिए आप धन का अपव्यय कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई और सेवा मन लगाकर दिल से करते रहे हैं, इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा। गुस्सा आपकी सेहत को खराब कर सकता है। आपको नुकसान हो सकता है। सावधान रहें।

## कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको कोई नुकसान होने की आशंका है। अकस्मात् कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के काम से दूर रहें। शाम से लेकर रात तक भी छोटे-मोटे कष्ट व मानहानि की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक परेशानी बढ़ सकती है। आपको नुकसान हो सकता है और आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है।

## मीन
आज दिन लाभ से भरा होगा। यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरीपेशा है तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आप सामाजिक कार्य तथा भोग विलास में लगे रहेंगे। क्षमता से अधिक धन प्राप्त होने के कारण आप में अभिमान भर जाएगा।

## सुडोकू पहेली
क्रमांक- 5453

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5452

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5453

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | ■ | | ■ | 10 | | ■ |
| ■ | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | 13 |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | 17 | 18 | ■ |
| 19 | | 20 | | ■ | 21 | | |
| | ■ | | ■ | 22 | | | ■ |
| 23 | | | | ■ | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1977 में यह देश संयुक्त राष्ट्र में भर्ती हुआ (5)
5. पश्चिमी अफ्रीका के इस देश की राजधानी कोनक्री है (2)
7. जिसमें पूंछ लगी हो, पूंछ वाला (4)
8. प्रथा, परिपाटी, नियम (2)
9. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
10. आनंदित, प्रसन्न, शाद, हर्षित (2)
11. दुश्मनी, अदावत, बैर (3)
13. शास्त्रीय संगीत में पांचवा स्वर (1)
14. मोमबत्ती को उर्दू में यह कहते है (2)
16. भगतसिंह के साथ इन्हें भी फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
19. महर्षि वाल्मीकि का एक पौराणिक धार्मिक ग्रंथ (4)
21. गप्पी, झूठ बोलने वाला, वाम पार्श्वीय (3)
22. खटराग, इल्लत (3)
23. प्रारब्ध, किस्मत, भाग्य (4)

**ऊपर से नीचे**
1. ये कौरवों के मंत्री थे जो कृष्ण द्वैपायन के पुत्र थे ये राजनीति, धर्मनीति तथा अर्थनीति में बड़े ही निपुण थे (3)
2. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
3. तो, तब, फिर (2)
4. अठारह पुराणों में से एक जिसमें सनकादिक ने नारद को संबोधित करके कथा कही है (6)
5. शिव, पर्वतों का राजा होने के कारण हिमालय का एक नाम (3)
6. सामाजिक नियक जो लोक-व्यवहार के हेतु बनाए गए है, आचार-व्यवहार (2)
12. राजमुकुट, किरीट, अवतंस (2)
14. सज्जनता, सभ्यीकरण (4)
15. मातुल, जो रिश्तें में माता के भाई हों (2)
17. उद्यान, वाटिका, बाग, फिल्म जगत के प्रसिद्ध गीतकार (4)
18. रूस देश में इस मुद्रा का प्रचलन है (3)
20. हजरत मूसा के धर्म का अनुयायी, जलील किस्म का सरमायादार (उर्दू)(3)

### वर्ग पहेली 5452 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | नी | ता | वि | लि | य | म्स | ■ |
| ख | ल | ना | ■ | या | म | ■ | स |
| दा | ■ | बा | ल | क | ■ | ■ | र |
| य | मु | ना | ■ | त | स | दी | क |
| क | ला | ■ | भू | ■ | म | ना | ना |
| ■ | का | शी | ■ | शे | र | पा | ■ |
| अ | ती | त | ■ | खी | ■ | ठ | ग |
| ज | ■ | ल | त्ता | ■ | ता | क | त |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### ऐसी सजा देंगे कि...सीएम हिमंता ने बताया 'लव जिहाद' पर क्या है तैयारी, 'लैंड जिहाद' भी निशाने पर



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में लव जिहाद पर लगाम कसने की तैयारी हो चुकी है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्वा सरमा ने इस बात की जानकारी दी। सरमा ने बताया कि प्रदेश में ऐसे कानून का प्रस्ताव लाया जा रहा है जिसके तहत लव जिहाद के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। असम में हिंदू और मुसलमानों के बीच जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर भी कानून आने वाला है। हिमंता सरमा इसे लैंड जिहाद का नाम देते हैं। उन्होंने यह बातें गुवाहाटी में भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कहीं। गौरतलब है कि यूपी ने हाल ही में एक विधेयक पास किया है। इसमें 2021 के एंटी-कन्वर्जन विधेयक में सजा को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके मुताबिक शादी से जुड़े अपराधों या फिर वर्तमान शादी से जुड़े मामलों में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने चुनाव के दौरान लव जिहाद पर काफी बातें कीं। यह बेहद वास्तविक और गंभीर मामला है। इसमें जबर्दस्ती कर्न्वजन से लेकर धोखे से प्रेम संबंध बनाने तक के मामले शामिल हैं। हिमंता ने कहा कि अगले कुछ दिनों में हम ऐसे कदम उठाने वाले हैं, जिसके बाद इस तरह का काम करने वालों को आजीवन कारावास की सजा मिलेगी। हिमंता सरमा ने आगे 'लैंड जिहाद' को बड़ा खतरा बताया। उन्होंने बताया कि इसको लेकर भी कानून बनाया जा रहा है। असम के सीएम ने कहा कि अगर कोई मुस्लिम हिंदू की संपत्ति खरीदना चाहता है या कोई कोई मुसलमान किसी हिंदू की प्रॉपर्टी खरीदना चाहता है तो इसकी स्क्रूटनी होगी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ शहर के जितना बड़ा इलाका एक खास तबके के लोगों से मुक्त कराया गया है। हिमंता सरमा ने कहा कि भाजपा प्रदेश के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के प्रति दृढ़प्रतिज्ञ है। उन्होंने कहा कि बारपेटा, माजुली और बाटाद्रवा में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की जमीनों की रक्षा के लिए हम एक नया कानून लाने वाले हैं। इसके बाद सिर्फ इसी इलाके के लोग यहां की जमीनें खरीद सकेंगे। सरमा ने सीएए को लेकर कहा कि यह भाजपा सरकार का एक बहादुरी भरा कदम था। हम उन लोगों की बायोमीट्रिक्स को अनलॉक करने जा रहे हैं, जिन्हें ब्लॉक किया गया था।

### दिल्ली मेट्रो में बार-बार नहीं खरीदना होगा क्यूआर कोड टिकट, स्मार्ट कार्ड की तरह करेगा काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो में सफर करने वाले यात्री अब क्यूआर कोड वाले टिकट का मेट्रो स्मार्ट कार्ड की तरह इस्तेमाल कर पाएंगे। मेट्रो प्रबंधन ने क्यूआर कोड टिकट के जरिए कई बार यात्रा (मल्टीपल जर्नी) सेवा शुरू करने के लिए ट्रायल शुरू कर दिया है। अगर यह सफल रहा तो जल्द ही मोबाइल का क्यूआर कोड ही मेट्रो स्मार्ट कार्ड की तरह काम करेगा। अच्छी बात यह है कि इसमें स्मार्ट कार्ड की तरह न्यूनतम 200 रुपये की जगह महज 100 रुपये का ही रिचार्ज कराना होगा। दरअसल, दिल्ली मेट्रो मोबाइल के जरिए क्यूआर कोड टिकटिंग के प्रयोग का विस्तार कर रही है। इसके लिए अलग-अलग ऐप के साथ समझौता करके इसे लॉन्च भी कर चुकी है। हालांकि, अभी इस क्यूआर कोड टिकट को सिर्फ एक बार यात्रा के लिए प्रयोग किया जा सकता है। अगर आप को दूसरी यात्रा करनी है तो दोबारा से क्यूआर कोड टिकट जनरेट करना पड़ता है। नई व्यवस्था में एक ही क्यूआर कोड को मेट्रो स्मार्ट कार्ड की तरह रिचार्ज कराकर कई बार यात्रा कर पाएंगे।दिल्ली मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फ्रॉड रोकने या फिर स्क्रीन शॉट लेकर कोई दूसरी यात्रा न कर सके, इसलिए उसमें डायनमिक कोड का प्रयोग किया गया है, जिससे वह क्यूआर कोड कुछ सेकंड के बाद बदलता रहेगा। इससे कोई भी इसका दुरुपयोग नहीं कर सकेगा। मेट्रो का मानना है कि क्यूआर कोड टिकटिंग में मल्टीपलन जर्नी की शुरुआत होने के बाद लोग स्मार्ट कार्ड को छोड़कर उसपर शिफ्ट होंगे। क्यूआर कोड की टिकटिंग पर भी स्मार्ट कार्ड की तरफ नॉन पीक आवर्स में किराये पर मिलने वाली 10 फीसदी की छूट मिलती रहेगी।

# केदारनाथ पैदल यात्रा को दो हफ्ते में दोबारा शुरू करने को होंगे प्रयास

विशेष संवाददाता



**देहरादून।** सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड शासन पंकज पांडे, सचिव आपदा विनोद सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग दयानंद ने आज सोमवार को केदारघाटी के प्रभावित क्षेत्रों का पैदल निरीक्षण एव हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षतिग्रस्त मार्गों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वाशआउट सड़क मार्ग को पुर्नस्थापित करने के लिए प्राथमिकता से प्लानिंग तैयार कर अविलंब कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उच्च अधिकारियों ने पैदल यात्रा को 15 दिन में सुचारू करने के लिए सभी संबंधित विभागों से सुझाव मांगे। इसके लिए अनिवार्य पुनर्निमाण कार्यों का एस्टीमेट तैयार कर 2 से 3 दिनों के भीतर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड शासन पंकज पांडे एव सचिव आपदा विनोद सुमन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिवृष्टि के कारण सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य वाशआउट सड़क में अस्थाई मार्ग निर्माण करने की कार्रवाई भी अविलंब शुरू की जाए। सड़क एव पैदल मार्गों का त्वरित गति से निर्माण करने के लिए हर साइट पर अलग ठेकेदार को काम दिया जाए। हर साइट पर एक एई और एक जेई तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के पुनर्निर्माण कार्यों में प्रैक्टिकल व टेक्निकल दोनों पक्षों का पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही जितने भी कार्य प्रस्तावित हैं उनके लिए मैटीरियल की प्री पोस्टिंग हर संभव साइट कर पहले ही कर ली जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गौरीकुंड के समीप मौजूद घोड़ा पड़ाव के पास करीब 15 मीटर हिस्सा वाशआउट हो गया है, इसके अलावा जंगलचट्टी में 60 मीटर हिसा वाशआउट है। उक्त दोनों साइट्स पर कार्य करना सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहेगा, इन्हें मिलाकर कुल 29 साइट्स पर कार्य किया जाना है। इस अवसर पर उन्होंने श्री केदारनाथ, गरुड़चट्टी, लिनचोली मार्ग जो इस अतिवृष्टि से प्रभावित नहीं हुआ है, उसे वैकल्पिक मार्ग के तौर पर इस्तेमाल करने का प्रस्ताव दिया। विभिन्न स्थानों के लिए 10 फोल्डिंग ब्रिज को चिनूक या पैदल मार्ग से केदारनाथ पहुंचाए जाने की भी तैयारी है। सचिव पीडब्लूडी ने निर्देश दिए कि हर साइट पर कम से कम 10 मजदूर एव बड़ी साइट्स पर आवश्यकता के अनुसार मजदूरों को लगाया जाए। इसके साथ ही पूरे मार्ग पर 500 मजदूर लगाने के भी निर्देश दिए। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने सभी पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बिजली, पानी, कनेक्टिविटी और खाद्य सामग्री की आपूर्ति के लिए संबंधित विभागों से उनके प्लान भी मांगे। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गौरीकुंड लिनचोली और भीमबली में पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसके अलावा सोनप्रयाग के समीप 11केवी का सब स्टेशन भी खतरे की जद में आ गया है। गढ़वाल कमिश्नर ने सब स्टेशन के लिए नई भूमि चिन्हित कर भूमि की गुणवत्ता एव अन्य मानकों की जांच कर नए सब स्टेशन का निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने सड़क एव पैदल मार्गों के पुनर्स्थापन, यात्रियों के रेस्क्यू एव राहत कार्यों के लिए हो रहे प्रयासों, अब तक किए जा चुके कार्यों एव केदारनाथ यात्रा शुरू करवाने के लिए की जा रही तैयारियों की पूरी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने संवेदनशील क्षेत्रों के पर सुरक्षा बलों की ओर से की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।

### योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए आधुनिक तकनीक का पूर्ण उपयोग किया जाए : सीएम धामी

**देहरादून (नि.सं.)।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी माध्यम से पंहुचाने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए। आधुनिक तकनीक के प्रयोग के साथ प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक माध्यमों के साथ ही सोशल मीडिया और यूट्यूब माध्यमों का भी अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। कार्यों में तेजी लाने के लिए सूचना विभाग द्वारा ई-फाइलिंग प्रणाली का पूर्ण उपयोग किया जाए। जनपदों में सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सूचना तंत्र राज्य के पर्वतीय जनपदों में भी मजबूत हो। इसके लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जनपदों का नोडल अधिकारी बनाया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिंग रोड स्थित सूचना भवन में सूचना विभाग की लगभग 05 घण्टे की समीक्षा के दौरान दिये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सूचना विभाग के विभिन्न प्रभागों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि पत्रकार कल्याण कोष के लिए कॉरपस फंड की धनराशि 05 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ की जायेगी। पत्रकारों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस लागू करने के सबंध में उन्होंने विभाग को परीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। तहसील स्तर तक पत्रकारों को मान्यता प्रदान करने के लिए भी व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार और जनता के बीच समन्वय बनाने के लिए सरकार के चेहरे के रूप में सूचना विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाए कि मीडिया और विभिन्न प्रचार माध्यमों से जनता को सरल भाषा में सरकार के कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी जाए। जनहित में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यों की सक्सेस स्टोरी नियमित प्रकाशित की जाए। मुख्यमंत्री ने सचिव सूचना को निर्देश दिये कि विभाग के कार्यों में और तेजी लाने और विभिन्न व्यवस्थाओं में सुधार के लिए प्रत्येक 15 दिनों में विभाग की समीक्षा की जाए। सूचना विभाग द्वारा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए सरकार के महत्वपूर्ण कार्यों को मीडिया के माध्यम से जन सामान्य तक पहुंचाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि विकास पुस्तिका डिजिटल रूप में भी प्रस्तुत की जाए। फिल्म निर्माताओं को राज्य में फिल्म निर्माण के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों की आजीविका में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में हो रहे विभिन्न घटनाक्रमों की भी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जिला सूचना अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाए कि जनपदों में मीडिया के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी और अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों से निरंतर समन्वय बनाते हुए सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाए।

## सुभाष गुप्ता की पुस्तक अनवरत इश्क का लोकार्पण

विशेष संवाददाता




**दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सुभाष गुप्ता अपने विशाल अनुभव और गहरी संवेदना के साथ जब अपने मनकी परतें खोलते हैं,तो उसमें जीवन के विभिन्न रंग पूर्ण सौंदर्य के साथ दिखाई पड़ते हैं। उर्मिल प्रशासन द्वारा प्रकाशित सुभाष गुप्ता की तीसरी पुस्तक अनवरत इश्क में भी जीवन के विविध आयामों से जुड़े अलग-अलग रंग समाहित हैं। इंडिया इंटरनेशनल एनेक्स में आयोजित लोकार्पण समारोह में प्रसिद्ध रंगकर्मी पद्मश्री यश गुलाटी ने पुस्तक का लोकार्पण करते हुए कहा कि कवि सुभाष गुप्ता का ओहदा चाहे जिस भी आकर का हो उनके कवि और कृतित्व का आकार काफी बड़ा है। उनकी लेखनी में ताकत है कि वह हर व्यक्ति के आंसू को पोछ सके। उनकी लेखनी अनवरत चलती रहेगी ऐसा हम सब का विश्वास है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ कवि प्रताप सोमवंशी ने कहा कि सुभाष गुप्ता का कवि मन बड़ा ही मौलिक है। यह कवि कलंदर बनना चाहता है। महीनों में नवंबर बनना चाहता है जो पूरे साल का दुख समेट सके। सिकंदर भी बनना चाहता है जो दूसरों का दिल जीत सके।कवि सवाल पूछता है,जवाब सुझाता है और अंत में चलते-चलते उम्मीद की डगर पर ही अपना पाँव रखता है। लोकार्पण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार के संयुक्त सचिव और लेखक सौरव तिवारी मौजूद रहे। चर्चित कवि और दैनिक हिंदुस्तान के प्रबंध संपादक प्रताप सोमवंशी ने मुख्य वक्ता के रूप में अनवरत इश्क की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोचक और चिंतक प्रोफेसर अनिल राय ने की। अर्पण कुमार ने चुनी हुई रचनाओं का पाठ किया जबकि कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार हुसैन रिजवी ने किया।

## शिमला के सुन्नी डैम के पास मिलीं दो और लाशें, पांच दिनों से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**शिमला, एजेंसी।** शिमला जिला के रामपुर क्षेत्र के समेज में बादल फटने के बाद लापता लोगों की पांचवें दिन भी तलाश जारी है। बचाव दलों ने सोमवार को सुन्नी डैम के समीप डोगरी से दो शव बरामद किए हैं। दोनों शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिले और इनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। इसमें एक शव करीब 14 वर्षीय लड़की और दूसरा शव पुरुष का है।

शिमला के अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लड़की का शव सही हालत में है। वहीं पुरुष का शव क्षत विक्षत है और दोनों की पहचान नहीं हो पा रही है। कुल्लू प्रशासन को भी इसके बारे में सूचना दे दी गई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी सुन्नी के लिए भेज दिया गया है।

इससे पहले बचाव दलों ने रविवार को रामपुर में सतलुज नदी किनारे दो पुरूषों के शव बरामद किए थे। दोनों शव घटनास्थल से 14 किलोमीटर दूर नोगली के पास डकोलढ में मिले। दोनों अज्ञात शव भी क्षत-विक्षत अवस्था में हैं। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप के अनुसार बाढ़ प्रभावित समेज के आसपास के 85 किलोमीटर तक के क्षेत्र में तेज गति सर्च आपरेशन जारी है और इसके लिए आठ एलएनटी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीते 31 जुलाई की मध्यरात्रि बादल फटने के कारण आई बाढ़ से समेज गांव में भारी तबाही हुई है। हादसे में कई घर, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र भी बह गया था। हादसे के बाद 36 लोग लापता हो गए। बचाव टीमें पिछले पांच दिन से लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू न प्रभावित परिवार को 50 हजार रुपए की राहत राशि और किराए पर मकान के लिए पांच हजार रुपए देने की घोषणा की है।

### मंडी में बढ़ा ब्यास नदी का जलस्तर

राज्य में हो रही वर्षा से नदी-नाले उफान पर हैं। ब्यास नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने के कारण लारजी पावर हाउस की मशीनें बंद कर दी हैं। डैम प्रबंधन द्वारा लारजी डैम से लगभग 100 क्यूमेक्स अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ने पर बाद में भी अतिरिक्त पानी नदी में छोड़ा जा सकता है। एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि पानी छोड़ने से ब्यास नदी के निचले इलाकों में जलस्तर में बढौतरी हो जाएगी। उन्होंने ब्यास नदी के निचले क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जान-माल की सुरक्षा के लिए नदी के किनारे न जाने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि लोगों को लोगों ब्यास नदी के किनारे न जाने की चेतावनी देने के लिए हूटर बजाए जा रहे हैं और पब्लिक एडैस सिस्टम (ध्वनि प्रसार यंत्रों) के जरिये जगह-जगह अनाउसमैंट की जा रही है।

## धौलपुर में छात्रा को बस में नहीं बिठाने पर उपजा विवाद, स्कूल में चले लाठी डंडे



**धौलपुर , एजेंसी।** राजस्थान के धौलपुर के बसेड़ी थाना इलाके में बयाना रोड स्थित एक निजी स्कूल में मारपीट का मामला सामने आया है। करीब एक दर्जन लोगों ने निजी स्कूल में पहुंचकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। स्कूल के स्टाफ के साथ लाठी डंडों से मारपीट की गई है। मारपीट का वीडियो जिले भर में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है. स्कूल प्रबंधन एवं आरोपियों में झगड़े की वजह छात्रा को बस में नहीं बिठाने की मानी जा रही है।

स्कूल प्रबंधक विवेक मित्तल द्वारा दर्ज कराए गए मामले में बताया गया है कि शनिवार को दो लोग उसके स्कूल में घुस आए, जहां उन्होंने टीचर के साथ अभद्रता की जिसका विरोध करने पर दोनों आरोपी स्कूल बंद करने की धमकी देते हुए वापस लौट गए थोड़ी देर बाद ही 10-12 लोगों के साथ पहुंचे दोनों आरोपियों ने स्कूल में घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद ऑफिस में घुसकर स्कूल का रिकॉर्ड फाड़ दिया। स्कूल स्टाफ रिन्कपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, विशाल, वकील सिंह के साथ लाठी डंडों से मारपीट की गईष जिससे रिन्कपाल के चेहरे व पीठ पर चोट आ गई।

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने स्टाफ रिन्कपाल के कान से सोने की बाली को खींच लिया। जिसके बाद सभी आरोपी स्कूल को बंद करने की धमकी देकर भाग निकले। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। एएसआई फतेह सिंह ने बताया स्कूल प्रबंधन ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खटमल, तरबूज...निजी हमले करने से भी नहीं कतरा रहे उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फडणवीस




**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, विरोधी दलों में आपसी तकरार भी तेज हो रही है। वहीं शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच जुबानी जंग भी तीखी होती जा रही है। दोनों ही एक दूसरे पर निजी टिप्पणी करने से भी चूक नहीं रहे हैं। शनिवार को मुंबई और पुणे की जनसभाओं में उद्धव ठाकरे ने फडणवीस को खटमल और तरबूज तक कह दिया। उन्होंने कहा कि अब उनसे छुटकारा पाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सड़क के गड्ढों में उन्हें फेंक देना चाहिए।

वहीं नागपुर में फडणवीस ने कहा कि उद्धव ने अपना दिमागी संतुलन को दिया है। उन्होंने कहा, उद्धव जी फ्रस्ट्रेट हो गए हैं। जिस तरह के शब्दों का वह इस्तेमाल कर रहे हैं उससे उनके दिमागी हालत का अंदाजा लगता है। उनके शब्दों से औरंगजेब फैनक्लब के नेता के रूप में उनकी पहचान और मजबूत हो रही है। हाल ही में पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) चीफ शरद पवार ने आरोप लगाए थे कि उन्हें बीजेपी की तरफ से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे को झूठे केसों में फंसाने का ऑफर दिया जा रहा है।

इसके बाद उद्धव ठाकर ने यहां तक कह दिया कि या तो तुम (फडणवीस) राजनीति में रहोगे या फिर मैं रहूंगा। उद्धव ठाकरे के ही एक करीबी ने दावा किया है कि अगर उनके परिवार पर बात आती है तो वह अपने विरोधियों पर हमला करने में चूकते नहीं हैं। उनका मानना है बीजेपी उनकी राजनीति खत्म करना चाहती है। वहीं महाराष्ट्र में इस तरह की तीखी बयानबाजी कोई असामान्य नहीं है। एक समय था जब दोनों नेता एक दूसरे को समर्थन देकर सरकार बना रहे थे। 2014 से 2019 के बीच दोनों ही नेताओं में घनिष्ट संबंध थे। शिवसेना ने फडणवीस की सरकार में पूरा विश्वास जताया था। फडणवीस भी उद्धव ठाकरे को मीठा बोलने वाले सहयोगियों में गिनते थे। वहीं 2017 में मुंबई सिविक पोल में 82 सीटें जीतने के बाद भी सिविक बॉडी पर उद्धव को पूरा नियंत्रण दे दिया। मेयर की पोस्ट भी शिवसेना को दे दी।

# जोधपुर में बारिश के बाद रेलवे ट्रैक पर भरा पानी, रद्द की गई कई ट्रेनें




**जोधपुर, एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर-पाली क्षेत्र में रविवार रात से चल रहे बारिश के दौर के चलते कई जगहों पर पटरियों पर पानी भरने से रेल यातायात प्रभावित हुआ है। जोधपुर मंडल से रवाना होने वाली व गुजरने वाली कई रेल सेवाओं को रद्द करना पड़ा है। कई सेवाओं के मार्ग भी बदले गए हैं। पाली-मारवाड़ के रास्ते केरला के पास यार्ड में पानी भरने से जोधपुर से चलने वाली गाड़ियां रद्द की गई है। जोधपुर से अजमेर होते हुए इंदौर के लिए रवाना हुई सवारी गाड़ी को लंबे समय तक सालावास खड़ा रखने के बाद वापस जोधपुर लाकर रद्द कर दिया गया।

सोमवार को जोधपुर से चलने वाली जोधपुर साबरमती, साबरमती जोधपुर को रद्द किया गया हैं। इसी तरह से जम्मू तवी से गांधीनगर जाने वाली ट्रेन सोमवार को दो घंटे से ज्यादा खड़ी रहने के बाद रवाना किया गया। इसके चलते यात्री परेशान हुए। जबकि जोधपुर से बिलाड़ा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन के ट्रैक पर पानी भर गया तो इसे भी रद्द किया गया। डीआरएम पंकज कुमार सिंह के मुताबिक लिंक रैक मिलने में देरी होने से गाड़ी संख्या 04843, जोधपुर-बाड़मेर एक्सप्रेस रेलसेवा भी आज रद्द रहेगी।

**रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से:** गाड़ी संख्या 14821, जोधपुर-साबरमती दिनांक 05.08.24 को रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 12462, साबरमती-जोधपुर दिनांक 05.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04879, बाडमेर-मुनाबाव स्पेशल रेलसेवा दिनांक 05.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04880, मुनाबाव- बाडमेर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04881, बाडमेर-मुनाबाव स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04882, मुनाबाव- बाडमेर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04844, बाडमेर-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी।

**आंशिक रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) :** गाड़ी संख्या 12461, जोधपुर-साबरमती रेलसेवा जो दिनांक 05.08.24 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा केरला तक संचालित होगी यानी यह केरला-साबरमती स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14801, जोधपुर-इंदौर रेलसेवा जो दिनांक 05.08.24 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा सालावास तक संचालित होगी यानी यह रेलसेवा सालावास -इंदौर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22663, चेन्नई -जोधपुर रेलसेवा जो दिनांक 03.08.24 को चेन्नई से प्रस्थान करेगी, वह बोमादडा तक संचालित होगी यानी यह रेलसेवा बोमादडा-जोधपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

**मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) :** गाड़ी संख्या 15013, जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा दिनांक 05.08.24 को जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15014, काठगोदाम- जैसलमेर रेलसेवा दिनांक 04.08.24 को काठगोदाम से प्रस्थान की है।वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 07053, काचीगुड़ा-लालगढ़ रेलसेवा दिनांक 03.08.24 को काचीगुड़ा से प्रस्थान की है, वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग मारवाड़ जं.-अजमेर-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19224, जम्मूतवी-गांधीनगर कैपिटल रेलसेवा दिनांक 04.08.24 को जम्मूतवी से प्रस्थान की है वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग लूनी-समदडी -भीलडी-पाटन-अहमदाबाद होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 16312, कोचुवेली-श्रीगंगानगर रेलसेवा दिनांक 04.08.24 को काचुवेली से प्रस्थान की है वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग मारवाड़ जं-अजमेर-फुलेरा-मेडता रोड होकर संचालित होगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com.epaper


पेरिस ओलंपिक

## ग्रेट ब्रिटेन पर भारत की जीत के बाद दिलीप तिर्की ने कहा, श्रीजेश पर था पूरा भरोसा



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को एक रोमांचक मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने इस जीत के बाद गोलकीपर पीआर श्रीजेश की खूब तारीफ की। इस मैच में तीन क्वार्टर तक एक खिलाड़ी कम खेलने के बावजूद, भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए मैच को शूटआउट तक पहुंचाया। जहां गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने दो शॉट्स बचाकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। यह 1972 के बाद पहली बार है जब भारत लगातार दो ओलंपिक में सेमीफाइनल में पहुंचा है। मैच के 17वें मिनट में अमित रोहिदास को डेंजरस स्टिक टैकल के लिए रेड कार्ड मिला, जिसके बाद भारत को बाकी मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

तिर्की ने मैच के बाद बात करते हुए कहा, अमित रोहिदास को रेड कार्ड मिलने के बाद हम दबाव में थे, यह नहीं होना चाहिए था, क्योंकि उन्होंने जानबूझकर ऐसा नहीं किया। हमने मैच में अच्छा डिफेंड किया और मैच बचा लिया। हमें श्रीजेश पर पूरा भरोसा था कि वह शूटआउट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारतीय हॉकी के दिग्गज ने आगे कहा कि टीम का लक्ष्य अब स्वर्ण पदक जीतना है और सेमीफाइनल में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ने कहा, टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है और यह एक महत्वपूर्ण मैच होगा। हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना है। भारत का अगला मुकाबला 6 अगस्त को अर्जेंटीना और जर्मनी के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।

# चाहे कुछ भी हो जाए मैं नहीं बदलूंगा

## रोहित शर्मा का इरादा साफ, श्रीलंका से हार के बाद दिया बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हम तो भई जैसे है, वैसे रहेंगे ये लाइन वैसे तो हिंदी फिल्म 'वीर-जारा' के गाने की है. लेकिन, फिलहाल. रोहित शर्मा पर फिट बैठती दिख रही है. खासकर उनके उस बयान के बाद तो बिल्कुल सटीक , जो उन्होंने दूसरे वनडे में श्रीलंका से हारने के बाद दी है.

अब सवाल है कि टीम इंडिया के वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने श्रीलंका से दूसरे वनडे में मिली हार के बाद क्या कहा? रोहित के मुताबिक टीम इंडिया की हार हो या जीत हो, उनके इरादे नहीं बदलने वाले. कोलंबो में पहला वनडे टाई होने के बाद 4 अगस्त को भारत और श्रीलंका दूसरे वनडे में आमने-सामने हुए थे.

इस मैच में पहले खेलते हुए श्रीलंका ने भारत के सामने 241 रन का लक्ष्य रखा था. लेकिन, श्रीलंका की स्पिन के आगे भारत की मजबूत बैटिंग लाइन-अप ताश के पत्तों की तरह ढह गई. ऐसा तब हुए जब सिर्फ 13.2 ओवर में ही उसने बिना विकेट खोए 97 रन बना लिए थे. मतलब जो स्टार्ट टीम को चाहिए था, वो उसे मिल चुकी थी. बावजूद इसके श्रीलंका ने भारत को 32 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की लीड ले ली.

### रोहित की ताबड़तोड़ पारी, फिर भी टीम हारी

रोहित शर्मा के 64 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलने के बाद भारत को दूसरे वनडे में हार का सामना करना पड़ा. इससे पहले रोहित ने पहले वनडे में भी अर्धशतक जमाया था और वो मुकाबला टाई हुआ था. टीम इंडिया के तरफ से पहले दो वनडे में सिर्फ रोहित शर्मा के बल्ले का तेवर ही सही मिजाज में दिखा. उन्होंने पिछले दोनों मैचों में भारत को वो शुरुआत दिलाई, जिसकी उसे जरूरत थी. बावजूद इसके टीम जीत नहीं पाई.

### बैटिंग में अप्रोच बदलने का कोई इरादा नहीं- रोहित

ऐसे में जब रोहित शर्मा से दूसरे वनडे में मिली हार के बाद पूछा गया कि क्या उन्हें अपने तेवर खासकर पावरप्ले में बदलने की जरूरत है? इस सवाल का जवाब रोहित की तरफ से ना में रहा. उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी को लेकर अपना अप्रोच बदलने को उनका कोई प्लान नहीं है.

रोहित ने कहा कि मैं अपने इरादे को लेकर कोई समझौता नहीं करूंगा. जिस तरह से मैं खेल रहा हूं. गेंद को हिट कर रहा हूं. वो टीम के लिए फायदेमंद है. इसलिए मैं पावरप्ले को भुनाने की ज्यादा से ज्यादा कोशिश करूंगा ताकि टीम के स्कोर बोर्ड पर ज्यादा से ज्यादा रन लगा सकूं.




## अश्विन की हैट्रिक, टीएनपीएल में टीम को दिलाई पहली खिताबी जीत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कहते हैं कप्तान वो होता है जो फ्रंट से लीड करे. टीएनपीएल में अश्विन ने बिल्कुल वैसा ही काम डिंडिगुल ड्रैगन्स के लिए किया है. 4 अगस्त को खेले फाइनल मुकाबले में इसने लाइका कोवई किंग्स को हराकर टीएनपीएल का खिताब पहली बार जीता.

डिंडिगुल को टीएनपीएल का नया चैंपियन बनाने में वैसे तो पूरा टीम एफर्ट दिखा, लेकिन जो बात कप्तान अश्विन में दिखी वो किसी और में नहीं. अश्विन ने फाइनल में फिफ्टी जड़ते हुए टूर्नामेंट के नॉकआउट स्टेज पर अर्धशतकों की हैट्रिक लगाई. तो गेंद से ज्यादा विकेट ना चटकाते हुए विरोधियों को ऐसे रुलाया कि वो जीत को तरस गए. अब ऐसे कप्तान की टीम को तो जीतना ही था.

**फाइनल में अश्विन की गेंदों पर रन बनाना हो गया मुश्किल**

टीएनपीएल के फाइनल में डिंडिगुल ड्रैगन्स ने कोवई किंग्स को 6 विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए कोवई किंग्स ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 129 रन बनाए. डिंडिगुल ड्रैगन्स की ओर से कसी गेंदबाजी देखने को मिली. संदीप वॉरियर ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए. तो वहीं वरुण चक्रवर्ती का भी गेंदबाजी फीगर ऐसा ही रहा. उन्होंने भी 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए.

अश्विन ने फाइनल में गेंद से विकेट भले ही नहीं लिया. लेकिन, अपनी गेंदों पर कोवई किंग्स के बल्लेबाजों को रनों के लिए तरसा दिया. उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 13 रन दिए. अश्विन ने 12 गेंदें डॉट फेंकी.

**अश्विन ने फाइनल में जड़ा अर्धशतक**

अश्विन डिंडिगुल ड्रैगन्स के सबसे किफायती गेंदबाज तो बन गए थे. पर अभी काम पूरा नहीं हुआ था. क्योंकि, कोवई किंग्स से मिले 130 रन का लक्ष्य हासिल करना अभी बाकी था. सिर्फ 23 रन पर अपने दोनों ओपनर के डग आउट लौटने के बाद अश्विन ने ये काम भी बखूबी किया.

## माहेश्वरी, रायज़ा महिलाओं के स्कीट क्वालीफिकेशन में 14वें और 23वें स्थान पर रहीं

**चेटोरौक्स, एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज माहेश्वरी चौहान और रायजा ढिल्लों क्रमशः 14वें और 23वें स्थान पर रहीं और महिलाओं के स्कीट फाइनल के लिए कट-ऑफ से पीछे रह गईं, जिससे रविवार को पेरिस ओलंपिक में क्वालीफिकेशन स्पर्धा में उनका अभियान समाप्त हो गया। मौजदा एशियाई



चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता माहेश्वरी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे दौर के अंत तक मजबूत दावेदारी में थीं। उनके निरंतर प्रदर्शन ने उन्हें फाइनल के लिए कट-ऑफ अंक तक पहुंचा दिया। फिर भी, आखिरी दौर का दबाव चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। तीन महत्वपूर्ण चूकों के परिणामस्वरूप स्कोर 22/25 हो गया, जिससे उसका कुल स्कोर 118/125 रहा। इससे वह फाइनल में पहुंचने वाले शीर्ष छह निशानेबाजों के बाहर 14वें स्थान पर आ गईं। दूसरी ओर, रायज़ा की पहले दिन की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही। हालाँकि, उसने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया और बाद के राउंड में दृढ़ प्रयास के साथ शुरुआती कमी को पूरा किया। उसके सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, अंतर पूरी तरह से दूर करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ। उसने क्वालीफिकेशन स्पर्धा को 113/125 के स्कोर के साथ 23वें स्थान पर समाप्त किया, और शीर्ष 20 से पीछे रह गईं।

# पदक जीतने तक संन्यास नहीं लूंगी

**पेरिस, एजेंसी।** भारत की सबसे अनुभवी तीरंदाजों में से एक दीपिका कुमारी पेरिस में अपने लगातार चौथे ओलंपिक में खेलने उतरीं। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद उन्होंने खेल में वापसी की। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अप्रैल में शंघाई विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था।

भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी ने पेरिस ओलंपिक में प्रभावित नहीं कर पाने के बाद बड़ा बयान दिया है। लगातार चार ओलंपिक में विफल रहीं दीपिका ने कहा कि वह जब तक ओलंपिक में पदक नहीं जीत लेतीं, तब तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी। कई बार की विश्व कप विजेता अनुभवी तीरंदाज दीपिका का मानना है कि वह 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहेंगी।



### लगातार चौथे ओलंपिक में उतरीं थीं दीपिका

भारत की सबसे अनुभवी तीरंदाजों में से एक दीपिका कुमारी पेरिस में अपने लगातार चौथे ओलंपिक में खेलने उतरीं। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद उन्होंने खेल में वापसी की। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अप्रैल में शंघाई विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में वह प्रभावित नहीं कर सकीं।

दीपिका को महिला व्यक्तिगत वर्ग में दावेदार माना जा रहा था और उन्होंने अच्छी शुरुआत करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन अंतिम आठ मुकाबले में बढ़त लेने के बावजूद दीपिका को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, दीपिका, भजन कौर और अंकिता भकत की महिला जोड़ी भी प्रभावित नहीं कर सकी थी।

### भविष्य में खेल जारी रखूंगी

दीपिका ने कहा, निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेल नहीं छोड़ूंगी।

मैं कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी। मैं और मजबूती से पेश करूंगी। इसमें कई चीजें हैं जैसे तेजी से निशाना लगाना, मुझे इसके बारे में थोड़ा और जानने की जरूरत है और इसके अनुसार खुद को तैयार करना सबसे महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, मैंने ओलंपिक से यही सीखा है कि देर से निशाना लगाना कारगर नहीं होता, आपके पास बड़ी गलतियों की गुंजाइश नहीं होती। आपको इस पर नियंत्रण रखना होता है। मैं यहां से यह सीख लूंगी।

# पेरिस ओलंपिक में अब तक भारत ने बनाए 5 बड़े रिकॉर्ड

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में भारत अब तक 3 कांस्य पदक जीत चुका है। यह तीनों पदक निशानेबाजी में आए हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक में मिला-जुला प्रदर्शन किया है। उन रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं, जो भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक में बनाए हैं।

भारत के लिए मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक हासिल करके इतिहास रचा था। इससे पहले भारत की किसी महिला निशानेबाज ने ओलंपिक शूटिंग में कोई पदक नहीं जीता था। मनु भाकर ने तीसरे नंबर पर आकर न केवल मेडल जीता, बल्कि पेरिस ओलंपिक में भारत का मेडल टैली में खाता भी खोला था। मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट



में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही मनु भाकर भारत की ऐसी पहली खिलाड़ी बन गईं, जिन्होंने एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीते।

मनु भाकर बाद में 25 मीटर एयर पिस्टल महिला इवेंट के फाइनल में नंबर चार पर रहीं। वह एक ही ओलंपिक में तीन शूटिंग फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय निशानेबाज बनीं। शूटिंग में भारत की उपलब्धियों में स्वप्निल कुसाले ने एक और पदक जोड़ा।

स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में कांस्य पदक जीता। स्वप्निल कुसाले 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में ओलंपिक मेडल लाने वाले पहले भारतीय निशानेबाज बने। घुड़सवारी में पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र राइडर अनुश अग्रवाल ने इतिहास रचा। वह ओलंपिक में ड्रेसेज में हिस्सा लेने वाले पहले भारतीय बने। अनुश अग्रवाल अपने घोड़े सर कारमेलो ओल्ड के साथ ड्रेसेज ग्रांड प्रिक्स इंडिविजुअल क्वालीफायर राउंड में नौवें स्थान पर रहे।

## पाक हॉकी दिग्गज की भारतीय टीम को सलाह विजेता की तरह खेलो और स्वर्ण तुम्हारा है

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के प्रदर्शन से प्रभावित पाकिस्तान के महान सेंटर फॉरवर्ड हसन सरदार ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम को एक ही सलाह दी है, 'विजेता की तरह खेलो और तुम्हें स्वर्ण जीतने से कोई नहीं रोक सकता।



लॉस एंजिलिस ओलंपिक 1984 में पाकिस्तान को स्वर्ण पदक दिलाने में सूत्रधार रहे सरदार ने कहा, 'जब हॉकी या क्रिकेट में पाकिस्तान नहीं खेल रहा होता है तो मैं हमेशा भारत का समर्थन करता हूं।

यह भारत की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से है जिसमें काफी सुधार आया है और जो यूरोपीय टीमों को कड़ी टक्कर दे रही है। उन्होंने कहा, 'इस टीम के पास 1980 के बाद ओलंपिक हॉकी में पहला स्वर्ण जीतने का सुनहरा मौका है और मुझे लगता है कि वे जीतेंगे।

टेनिस

## जोकोविच के नाम ओलंपिक गोल्ड के साथ गोल्डन स्लैम भी, ऐसा करने वाले केवल पांचवें खिलाड़ी

**पेरिस, एजेंसी।** जोकोविच ने इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। नोवाक जोकोविच 37 वर्ष की उम्र में 1988 के बाद से ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में सबसे उम्रदराज स्वर्ण पदक विजेता बने। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष एकल स्पर्धा में कार्लोस अल्कारेज



को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने स्पेन के खिलाड़ी को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराकर अपने ओलंपिक करियर में पहली बार स्वर्ण जीता। इसी के साथ वह गोल्डन स्लैम पूरा करने वाले टेनिस के इतिहास में पांचवें खिलाड़ी बन गए।

### क्या होता है गोल्डन स्लैम?

जब कोई खिलाड़ी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के साथ चार ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं (ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन) में भी जीतता है तब उसे गोल्डन स्लैम माना जाता है। जोकोविच के नाम भी गोल्डन स्लैम दर्ज हो गया। स्टेफी ग्राफ एक ही वर्ष (1988) में यह उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं।

### जीत के बाद भावुक हुए जोकोविच

जोकोविच ने इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। नोवाक जोकोविच 37 वर्ष की उम्र में 1988 के बाद से ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में सबसे उम्रदराज स्वर्ण पदक विजेता बने। अल्कारेज के खिलाफ जीत के बाद जोकोविच कोर्ट पर ही गिर पड़े और उनकी आंखें नम हो गईं। मुकाबले के बाद वह अपने परिवार से मिले।

### गोल्डन स्लैम जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी

| खिलाड़ी का नाम | देश | वर्ष |
|---|---|---|
| स्टेफी ग्राफ | जर्मनी | 1988 |
| आंद्रे अगासी | अमेरिका | 1999 |
| राफेल नडाल | स्पेन | 2010 |
| सेरेना विलियम्स | अमेरिका | 2012 |
| नोवाक जोकोविच | सर्बिया | 2024 |



# भारतीय खाने के दीवाने हुए डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जॉन सीना

## जल्द भारत वापस आने की जताई इच्छा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट (डब्ल्यूडब्ल्यूई) के 16 बार के चैंपियन जॉन सीना पिछले महीने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के लिए मुंबई आए थे। इस दौरान उन्होंने भारतीय परंपरा को देखा और देसी खाने का भी लुत्फ उठाया था। जॉन सीना अभी भी उस स्वाद को नहीं भूल सके हैं और उन्होंने भारतीय खाने की जमकर तारीफ की है। जॉन सीना का कहना है कि वह कम समय के लिए भारत आए थे, लेकिन अब जल्द ही यहां वापस आना चाहते हैं।

जॉन सीना ने अनंत-राधिका की शादी के दौरान चखे भारतीय भोजन की यादों को ताजा करते हुए कहा कि उन्हें मसालेदार खाना खाने पर ध्यान देने की जरूरत है। सीना ने कहा, अंबानी की शादी में कई तरह के व्यंजन थे, लेकिन उन्होंने भारतीय खाना और स्ट्रीट फूड भी शानदार रखा था। खाना काफी अच्छा था। मैं काफी कम समय वहां रुका, लेकिन मैं जल्द ही भारत वापस जाना चाहता हूं और कुछ अन्य भारतीय खाने का आनंद लेना चाहता हूं। खाने में मसाला मेरे लिए काफी था, इसलिए जब मैं वापस जाऊंगा तो अपने स्पाइस मीटर को परखने का इंतजार नहीं कर पाऊंगा। मैं जल्द भारत आने के लिए उत्सुक हूं।

### देसी अवतार में दिखे थे जॉन सीना

जॉन सीना अनंत-राधिका की शादी में देसी अवतार में दिखे थे। उन्होंने पारंपरिक शेरवानी पहनी थी और सिर पर साफा भी लगाया था। इस दौरान जॉन सीना अपने सिग्नेचर पोज में फोटो खिंचाने से भी नहीं चूके थे। अनंत-राधिका में शादी में जॉन सीना ने काफी लाइम-लाइट लूटी थी।

### डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा की थी

जॉन सीना ने पिछले महीने अपने डब्ल्यूडब्ल्यूई करियर का अंत करने की घोषणा की थी। जॉन सीना अगले साल डब्ल्यूडब्ल्यूई को अलविदा कहेंगे। सीना ने खुलासा किया था कि वह फिलहाल मंडे नाइट रॉ में बने रहने की योजना बना रहे हैं। यह शो जनवरी 2025 में लॉन्च होने जा रहा है। सीना ने 2001 में डब्ल्यूडब्ल्यूई के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और उसके बाद लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। शुरुआत में उनकी और कर्ट एंगल की फ्यूड काफी चर्चा में रही थी। कर्ट ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

2018 में वह डब्ल्यूडब्ल्यूई से दूर हो गए और कभी कभी दिखते रहे। उन्होंने अपने अभिनय करियर को आगे बढ़ाने के लिए इससे किनारा कर लिया। वह रिकॉर्ड 16 बार के डब्ल्यूडब्ल्यूई के विश्व चैंपियन हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## एक नजर

### परनपुरा में किराना दुकान में हजारों की चोरी

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)। हसपुरा प्रखंड के अहियापुर पंचायत के परनपुरा गांव में बीते शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने एक किराने की दुकान से सामान चुरा लिया। पीड़ित दुकानदार द्वारा हसपुरा थाना में दिये आवेदन के अनुसार हसपुरा पोस्ट ऑफिस रोड निवासी धर्मेंद्र प्रसाद अपने परिवार के जीवकोपार्जन के लिए परनपुरा गांव में किराने का दुकान चलाता है। बताया कि रविवार की सुबह दुकान का दरवाजा खोलने पर दुकान का अधिकतर सामान गायब था और पीछे के दीवाल की खिड़की खुली हुई थी। चोरों ने लगभग 25000 रूपये के सामान सहित गल्ले में रखा 1500 रूपये नगद भी चुरा लिया।

### जमीनी विवाद में मारपीट, एक घायल

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)। हसपुरा प्रखंड के तिलकपुरा गांव में सोमवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर मार पीट हुआ है। थाना में दिए आवेदन अनुसार तिलकपुरा गांव निवासी इंद्रदेव सिंह ने गांव के हीं तीन व्यक्ति अरविन्द महतो, अभिषेक कुमार, अमृतेश कुमार पर नामजद आरोप लगाते हुये कहा की मेरा बेटा सुदर्शन सिंह खेत में काम कर रहा था। इतने में ये तीनों कुदाल एवं लाठी से हमला कर घायल कर दिया। वह वहीं बेहोश होकर गिर गया। हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मवेशी लदे वाहन को पुलिस ने किया जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)। रफीगंज पुलिस ने चार मवेशी लदा पिकअप वाहन को रफीगंज गोह पथ के कलाली मोड़ से जप्त किया। साथ ही वाहन के ड्राइवर अहमदपुर निवासी मो. इरफान को गिरफ्तार कर किया है किंतु इसके साथ वाहन पर रहे शेरा बिगहा निवासी मो. दानिश फरार होने में सफल हो गया। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि मवेशी लदा एक पिकअप में शिवगंज तरफ से रफीगंज जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई ध्रुव कुमार पुलिस बल के साथ घेराबंदी शुरू किया। इस बीच कलाली मोड़ के पास वाहन को पकड़ा गया।

### जमीनी विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़े, पांच घायल

हसपुरा (औरंगाबाद) (का. सं.)। हसपुरा थाना के सोनहथु गांव में सोमवार को जमीनी विवाद में दो पक्ष में मारपीट हो गई। इसमें पांच लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष से ओमप्रकाश गुप्ता, विकास नारायण राव, मिन्ता देवी हैं। जबकि दूसरे पक्ष से राजेंद्र सिंह और धर्मवीर पटेल घायल हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराया गया। तीन लोग गंभीर रुप से घायल होने पर डॉक्टर ने सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया।

### उपभोक्ता अदालत ने दिलवाई बाकी मूलधन

औरंगाबाद (का.सं.)। आज उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग औरंगाबाद ने एक उपभोक्ता वाद में सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता को न्याय दिलवाई है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि शिकायतकर्ता सुषमा सिन्हा पति वरीय अधिवक्ता उदय कुमार सिन्हा,जयती ई 2 वस्तु विहार फेज वन, बिजौली मोड़ औरंगाबाद ने विपक्षी (1) नितिश कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर (2)तनय कुमार ओझा प्रोजेक्ट मैनेजर (3) प्रभात कुमार एकाउंटेंट मार्केटिंग, बिल्डिंग सेंटर प्राइवेट लिमिटेड वस्तु विहार औरंगाबाद,वाद सुचक सुषमा सिन्हा ने वस्तु विहार में डुप्लेक्स भवन बुकिंग किये थे और 5.5 लाख दे चुके थे, परन्तु कोरोना काल में शिकायतकर्ता ने बुकिंग रद्द किया जिसे वस्तु विहार बिल्डिंग सेन्टर प्राइवेट लिमिटेड ने स्वीकार कर कुछ वर्ष में 4 लाख ही लौटाई, वकालत नोटिस भेजने के बाद भी मुलधन का 1.5 लाख वापस नहीं किया था तब शिकायकर्ता ने जिला उपभोक्ता अदालत के शरण ली और आज 1.5 लाख का चेक प्राप्त कर सुलह किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

- युवक की मार्च 2025 में होनी थी शादी

निज संवाददाता



रफीगंज (औरंगाबाद)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के पोल संख्या 506/31 और 506/29 के बीच अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से 25 साल के युवक की मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने आरपीएफ को सूचना दी। जानकारी मिलते ही आरपीएफ एएसआई नितेश कुमार, सिपाही राणा रणधिर सिंह, कपील कुमार सहित अन्य रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे।

घटना के कुछ देर बाद मृतक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के पोगर पंचायत के सिंघी गांव निवासी श्याम नारायण मिस्त्री का बेटा विकास कुमार(25) के रूप में की गई है। मृतक की मां रेणु देवी, चाचा शिवपूजन मिस्त्री सहित अन्य ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की पहचान की। मौके पर जीआरपी सोन नगर से पीटीसी मनोज प्रसाद अपने दल बल के साथ पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विकास रफीगंज गोह पथ के डिहुरी पेंमा गांव में एक दुकान खोलकर बाइक मिस्त्री का काम करता है। वह अपने गांव से तिवारी बीघा होकर दुकान हर दिन जाता था। सोमवार की सुबह करीब 7 बजे घर से दुकान डिहुरी पेंमा जाने के लिए निकाला करीब सुबह 9 बजे हमलोग को सूचना मिली की विकास के साथ घटना घट गया है। जब हमलोग पहुंचे तो देखा कि वह मृत अवस्था में है। परिजनों ने बताया कि आज उसे दुकान में किसी का बाइक सर्विस करना था। इसको लेकर वह तिवारी बीघा में अपना बाइक खड़ा कर रफीगंज बजार करने चला गया। उधर, से लौटने के क्रम में वह ट्रेन की चपेट में आ गया। क्योंकि जो सामान मोबिल और अन्य सामग्री विकास को खरीदना था, वह घटनास्थल से प्राप्त हुआ है। मृतक के पिता शिवरीनारायण मिस्त्री कोलकाता में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रेन की माध्यम से अपने गांव लौट रहे हैं। मृतक विकास की मार्च 2025 में शादी होने की बात चल रही थी। मृतक 3 भाइयों में सबसे बड़ा था। 2 भाई आकाश और सचिन पढ़ाई कर रहा है।

## करंट लगने से किसान की मौत



निज संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। गोह में करंट लगने से सोमवार की सुबह किसान की मौत हो गई। घटना गोह प्रखंड के देवकुंड थाना क्षेत्र के दुलार बिगहा गांव की है। मृतक की पहचान स्व. रमुना यादव के 58 वर्षीय बेटे ललन यादव के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही देवकुंड पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई। परिजनों ने कहा कि सोमवार की सुबह ललन यादव गांव से करीब 200 मीटर की दूरी पर दक्षिण दिशा की ओर शौच करने के लिए निकले थे, काफी समय तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि गांव के ट्रांसफॉर्मर के समीप अचेत अवस्था में पड़े हुए हैं। इसके बाद अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बेटा ऋतिक कुमार, बेटी श्वेता कुमारी, पत्नी मूला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। देवकुंड थाना अध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## इंद्रपुरी डैम से सोननद में छोड़ा गया 5 लाख 21 हजार 964 क्यूसेक पानी



निज संवाददाता

बारूण (औरंगाबाद)। सोननद पर बने रोहतास जिले के इंद्रपुरी बराज से सोमवार की सुबह चार बजे डैम के सभी 69 गेट खोल कर सोननद में 5 लाख 21 हजार 964 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से यह नदी खतरे के निशान से उपर बह रही है। इस कारण औरंगाबाद के बारूण के इलाके में दर्जनों लोग सोन डीला में फंस गए है, जिन्हें सुरक्षित निकालने का सरकारी स्तर से प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि रविवार को बराज के कंट्रोल रूम को इंद्रपुरी बराज पर देर रात पांच लाख क्यूसेक पानी पहुंचने की सूचना मिली। इसके बाद आधी रात से बराज का जलस्तर बढ़ने लगा। सुबह 4 बजे बराज पर 5 लाख 21हजार 964 क्यूसेक पानी पहुंच गया। इसके बाद बराज के सभी 69 गेट को खोलकर अधिक पानी को सोन नद में छोड़ा जाने लगा। सोननद में पानी छोड़े जाने के बाद पांच बजे सुबह से बराज में पानी का घटना शुरू हुआ। इस दौरान बराज से चार लाख 87 हजार 917 क्यूसेक पानी सोननद में छोड़ा गया। इसके बाद सुबह छह बजे पानी में थोड़ी वृद्धि होने पर कुल मिलाकर चार लाख 90 हजार 444 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। आठ बजे सुबह तक चार लाख 76 हजार 231 क्यूसेक पानी सोननद में जा रहा था जबकि नौ बजे से बराज से चार लाख 63 हजार 628 क्यूसेक पानी सोन में जा रहा है। बताया जा रहा है उत्तर प्रदेश के रिहंद डैम से सोन में हैवी डिस्चार्ज किया गया जिसके बाद इंद्रपुरी डैम पर पानी का दबाव बढ़ गया। इस बीच सोन के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को प्रशासन ने अलर्ट किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने की जिला समन्वय समिति की बैठक, संबंधित विभागों को दिए कई निर्देश

कार्यालय संवाददाता



औरंगाबाद। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को जिला योजना भवन के सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के कार्यों एवं उसकी प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत जिला एवं सदर अनुमंडल स्तर पर दायर लंबित परिवादों की समीक्षा की एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने विभाग में लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर इसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा में डीएम ने पाया कि जिले में सीपीग्राम से संबंधित 59 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 283 आवेदन एवं जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम से संबंधित 301 आवेदन लंबित हैं। इसे लेकर जिलाधिकारी ने लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने लोक सेवा के अधिकार(आरटीपीएस) के तहत विभिन्न सेवाओं आवासीय, जाति, आय, ओबीसी, ईडबल्यूएस एवं जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आदि से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की एवं त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। इसके अतिरिक्त पेंशन, पारिवारिक लाभ, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन राशन कार्ड के लंबित आवेदनों की समीक्षा की एवं यथाशीघ्र निष्पादन करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जनजीवन हरियाली के तहत विभिन्न कार्य योजना से संबंधित कार्य की प्रगति एवं उपलब्धियां की समीक्षा की। उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में चेक डैम निर्माण में जिला की उपलब्धि शत प्रतिशत है। नए जल स्रोतों के सृजन में भी जिला ने सराहनीय कार्य किया है। सार्वजनिक कुआं जीर्णोद्धार में शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में भी शत-प्रतिशत कुआं जीर्णोद्धार किया गया है।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने आहर एवं पईन के अतिक्रमण की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में जिले में कुल 11 आहर एवं पईन अतिक्रमण है, जिसमें गोह प्रखंड में 09, रफीगंज-01 तथा हसपुरा में 01 शामिल है। जिलाधिकारी ने संबंधित बीडीओ एवं सीओ को अतिशीघ्र अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने सात निश्चय योजना पार्ट-2 के तहत कल्याणकारी योजनाएं-जैसे सोलर लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई आदि अन्य योजनाओं को ससमय में पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला विधि शाखा में लंबित सीडबल्यूजेसी एवं एमजेसी वादों की विभागवार समीक्षा की एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रतिशपथ पत्र दायर कर जिला विधि शाखा में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मत्स्य विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में मत्स्य बाजार(मछली बाजार) हेतु भूमि की आवश्यकता है। जिलाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारी को प्रखंड मुख्यालय में मत्स्य बाजार हेतु भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। समीक्षा में डीपीओ आईसीडीएस ने बताया कि जिले में 300 आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत हेतु एस्टीमेट बनाने की आवश्यकता है तथा नए भवनों के लिए चिह्नित भूमि की एनओसी की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण को एस्टीमेट बनाने तथा सभी अंचल अधिकारी को चिन्हित भूमि का एनओसी देने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिले के सभी स्कूलों में पंखा एवं समुचित लाइट लगाने के निर्देश दिए। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को शहरों की नाली को निरंतर साफ सफाई कराने का निर्देश दिए। साथ ही साथ सभी बीडीओ एवं सीओ को 10:00 बजे तक कार्यालय हर हाल में आने का निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता लोशिनि. जयप्रकाश नारायण, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, दाउदनगर के एसडीओ मनोज कुमार, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, सदर एसडीपीजीआरओ धर्मेंद्र कुमार, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सभी वरीय उपसमाहर्ता, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी बीपीआरओ एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा की जिला कार्यसमिति की विस्तृत बैठक में बनी विस चुनाव फतह करने की रणनीति

कार्यालय संवाददाता



औरंगाबाद। भाजपा की औरंगाबाद जिला इकाई की विस्तृत जिला कार्यसमिति की बैठक सोमवार को शहर के एक रिसॉर्ट में सुशील मोदी सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने की जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा ने किया। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्ज्वलन, वंदे मातरम गायन एवं आगत अतिथियों को कार्यकर्ताओं द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर की गई। बैठक में बिहार सरकार के मंत्री संतोष सिंह, औरंगाबाद के भाजपा नेता व पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप सिंह, जीवन कुमार एवं प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मैं 1987 से भाजपा से जुड़ा हूं और पार्टी हित में कार्य करता हूं। कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री ने इसकी दिशा दिखाई है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में वह शक्ति है, जो आने वाले दिनों में भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करेंगे। दुनिया में भारत की गूंज सुनाई दे रही है। वही पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मैं 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के द्वारा दिए गए जनादेश को स्वीकार करता हूं और सम्मान करता हूं। कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कभी बैठते नही है बल्कि हमेशा पार्टी के हित में कार्य करते है। मुझे यहां की जनता ने फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। मैं भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता हूं। मुझे देवतुल्य मतदाताओं ने अपना मत रूपी आशीर्वाद देकर चार बार सांसद और एक बार विधायक बनाया है। मैं हमेशा एक जनसेवक के रूप में आप सभी के बीच हमेशा की तरह रहकर कार्य करूंगा। विगत चुनाव का परिणाम हमारे दल एवं हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जनता का अनुराग दर्शाती है। इंडी गठबंधन के अथक अनर्गल प्रलापों, संविधान बचाने की झूठी कसमें सहित सभी प्रलोभनों को नकारते हुए हर समाज और वर्ग के लोगों ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को चुना है। प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता 2025 में होनेवाले विधानसभा चुनाव में एकजुटता के साथ सभी सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए कार्य करेंगे। बिहार को विकास की ओर अग्रसर करना है और बूथ स्तर तक कार्य करते हुए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना है। बैठक में पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह, राजनीतिक प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह, अनिल सिंह, अशोक सिंह, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, औरंगाबाद नप के मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता, अवध किशोर सिंह, जिला महामंत्री मुकेश सिंह, संजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह, सिद्धनाथ मिश्रा, सारिका शेखर, वैभव विशाल टैगोर, जुलेखा खातून, दीपक उपाध्याय, देव के पूर्व उप प्रमुख सह पूर्व जिला महामंत्री मनीष पाठक, जिला कोषाध्यक्ष आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनय सिंह, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह वसु, मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, उदय सिंह, सुबोध सिंह, नगर अध्यक्ष कौशल सिंह, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंच-मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के संयोजक तथा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 13-14 नवंबर को मनेगा पातालगंगा महोत्सव, तैयारी तेज

निज संवाददाता



देव(औरंगाबाद)। देव प्रखंड के बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक में आगामी 13-14 नवंबर को देव में पातालगंगा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही महोत्सव को पर्यटन विभाग के कैलेंडर में शामिल करने तथा महोत्सव के आयोजन हेतु 25 लाख की राशि आवंटित करने की भी मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यदेव यादव ने की जबकि संचालन संयोजक दीपक गुप्ता ने किया। बैठक में महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि पातालगंगा अति प्राचीन ब्राह्मचारियों की तपोभूमि और धार्मिक तीर्थ स्थल है। ऐतिहासिक गरिमा और धार्मिक महिमा के कारण यह स्थल लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है।पाताल गंगा मठ के चालीस एकड़ जमीन है। इसके बावजूद न तो इस स्थल को पर्यटन स्थल का दर्जा दिया गया और न ही अब तक अपेक्षित विकास हो पाया। इसी उद्देश्य से बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 13 एवं 14 नवंबर को दिव्य और भव्य रूप से पातालगंगा महोत्सव आयोजित किया जाए। महोत्सव का उद्देश्य ब्राह्मचारी ज्ञानीनंद बाबा द्वारा प्रकट गंगा और त्रिकोण कुंड में बांझन स्त्रियों क्रो नहाकर पुत्र प्राप्ति के महत्व को देश-दुनिया तक पहुंचाना तथा पाताल गंगा को पर्यटन स्थल केंद्र का दर्जा दिलाना और स्थानीय कलाकारों एवं छात्राओं की प्रतिभा क्रो मंच प्रदान करना है। बैठक में एक अन्य प्रस्ताव में जिलाधिकारी के माध्यम से कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव से महोत्सव को विभाग द्वारा आयोजित महोत्सव के कैलेंडर में शामिल करने तथा इसके आयोजन हेतु 25 लाख रुपए का आवंटन उपलब्ध कराए जाने की मांग करने का निर्णय लिया गया। एक अन्य प्रस्ताव में महोत्सव के रूपरेखा तय करने तथा आयोजन समिति के गठन हेतु अगली बैठक 17 अगस्त को बुलाने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन यहां भव्य मेला लगता है, जिसे कुटिया मेला का नाम से जाना जाता है। यह स्थल बुढ़वा और बूढ़ी का मिट्टी का छोटा छोटा प्रतिमा बिकने के लिए मशहूर है। इस मेले में बिकने वाले सुथनी का सेवन कर श्रद्धालु खाकर खूब आनंद लेते हैं।

बैठक का समापन कार्यक्रम के सह संयोजक उपेंद्र यादव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। बैठक में महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह, सुरेंद्र यादव, कंचनदेव सिंह, संजय पाठक, मनोज परमार, मधुसूदन त्रिवेदी, नैनीश त्रिवेदी, निखिल कुमार, युगेश यादव एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित थे।

# कोर्ट ने दिया डीएम को सम्मन का तामिला कराने का आदेश

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-5 उमेश प्रसाद की अदालत ने सोमवार को दस साल पुराने मदनपुर थाना कांड संख्या-138/14, एसटीआर-313/14 में अभियोजन साक्ष्य पर सुनवाई करते हुए औरंगाबाद के जिलाधिकारी को मदनपुर के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह पर निर्गत सम्मन का तामिला कराकर तामिला कि प्रति न्यायालय में उपलब्ध कराने का आदेश दिया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस वाद के अभियुक्त कारा में निरुद्ध है।.दस साल में मात्र तीन साक्षियों का परीक्षण कराया गया है। मुकदमे के सूचक तत्कालीन बीडीओ मदनपुर अशोक कुमार का स्थानांतरण कहीं अन्यत्र हो गया है। ऐसे में जिलाधिकारी के माध्यम से बीडीओ मदनपुर को तलब किया गया है।

## डोडा के धंधेबाज काराधीन अभियुक्त को कोर्ट ने दिया दोषी करार




कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एडीजे-1 सह स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट के न्यायाधीश पंकज मिश्रा की अदालत ने सोमवार को एनडीपीएस जीआर-7/20 बारूण थाना कांड संख्या-112/20 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन अभियुक्त राजस्थान के चितौड़गढ़ के कपासन निवासी महेंद्र कुमार तेली को एनडीपीएस एक्ट में दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 20 अगस्त निर्धारित किया गया है।अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी बतौर सूचक पुलिस अवर निरीक्षक नरेन्द्र प्रसाद ने 02 जुलाई 20 को दर्ज कराई थी। कहा था कि गुप्त सूचना के आधार पर टेंगरा के पास एक ट्रक से तलाशी कर प्लास्टिक के 96 बोरी में डोडा अफीम बरामद किया गया था, जिसका कुल वजन 15 किवंटल था। प्रभारी स्पेशल पीपी राम नरेश प्रसाद ने बताया कि इस वाद में वाद सूचक नरेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, अजित कुमार शाहा, अर्जुन राम, योगेन्द्र पासवान सहित सात गवाही अभियोजन द्वारा दिलाया गया। अभियुक्त पर आरोप गठन 21 दिसंबर 2020 को हुआ था।

## कोर्ट ने दिया नगर कोतवाल का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश

औरंगाबाद(का.सं.)। औरंगाबाद के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने औरंगाबाद नगर थाना के थानाध्यक्ष का तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने का आदेश कोषागार पदाधिकारी को दिया है। गौरतलब है कि 20 जुलाई 2024 को औरंगाबाद नगर थानाध्यक्ष को कोर्ट ने शोकॉज करते दस दिन के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा था। कोर्ट ने कहा था कि 19 वादों में केस डायरी और आरोप पत्र नही आने से किशोर न्यायालय में मामले लंबित है जबकि वाद दर्ज होने के एक माह के अंदर केस डायरी और आरोप पत्र दाखिल किया जाना चाहिए।यह किशोर न्याय परिषद के उद्देश्यों और किशोरों के हितों की अवमानना है। इसी वजह से कोर्ट ने आज वेतन रोकने का आदेश जारी किया है।

# तीसरी सोमवारी : देवकुंड में हजारों शिवभक्तों ने किया बाबा दुधेश्वरनाथ का जलाभिषेक

- जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला पुलिस समेत जगह-जगह जवानों की व्यवस्था की।
- देवकुंड नगरी में पूरे सावन माह तक मेला लगा रहेगा, जिसमें विभिन्न पूजा और भक्तिमय गतिविधियों का आयोजन किया गया।

निज संवाददाता



गोह (औरंगाबाद)। सावन मास की तीसरी सोमवारी पर देवकुंड नगरी में स्थित बाबा दुधेश्वरनाथ के मंदिर में हर-हर महादेव बाबा दूधेश्वर नाथ की जयकारो से गूंज उठा। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओ की भीड़ महादेव के जलाभिषेक को ले मंदिरों में उमड़ पड़ी। शंखनाद व घंटो की आवाज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओ की भीड़ को देखते हुए सरकारी पूजा 2 बजे रात्रि में ही मठाधीश कन्हैयानंद पुरी के द्वारा सम्पन्न कर लिया गया था।सरकारी पूजा समाप्त होते ही बाबा के दर्शन को ले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूजा-अर्चना को ले श्रद्धालु महिलाओं और युवतियों व बच्चों की भीड़ बाबा दूधेश्वर नाथ के मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। दिनभर श्रद्धालुओं का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में तांता लगा रहा। बाद जैसे-जैसे दिन ढलता गया श्रद्धालुओं की भीड़ कम होने लगी। खासकर सुदूर ग्रामीण इलाके से काफी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ से मंदिर परिसर छोटा पड़ गया। भीड़ के कारण औरंगाबाद व जहानाबाद जाने वाली पथ पर देवकुंड नगरी में आवागन पर भी प्रतिकूल असर देखा गया। सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर वातावरण भक्तिमय बना रहा। इसको लेकर बाजार में रौनक देखी गई। कहते है बाबा दूधेश्वर नाथ की महिमा अपरंपार है। यही वजह है कि जिले ही नही सीमावर्ती जिले अरवल व जहानाबाद से भी काफी संख्या में श्रद्धालु इस माह में प्रत्येक सोमवार को जलाभिषेक व पूजा अर्चना को पहुंचते है। श्रद्धालुओं की माने तो यहां सच्ची मन से मांगी गई हर मुराद भगवान शिव भक्तों की पूरा करते हैं।

हर-हर महादेव व बोल बम के नारों के बीच श्रद्धालुओ ने महादेव की पूजा-अर्चना की और सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पर जवानों की व्यवस्था की गयी थी जिसमें महिला पुलिस की जवान भी शामिल थीं। जलाभिषेक को ले श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिर परिसर से लेकर मुख्य सड़क तक लगभग एक किलोमीटर तक लगी रही। पूरे देवकुंड नगरी के परिक्षेत्र में मेला भी लगा हुआ था जो पूरे सावन माह तक रहेगा। श्रद्धालुओ ने विल्व पत्र, चंदन, भांग धतूरे, दूध व शम्मी पत्रों से महादेव की पूजा की। संध्या समय महादेव की विशेष आरती भी की गयी और बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। कई महिला श्रद्धालुओं ने सोमवारी व्रत भी रखा। वहीं मेले में सुहाग सामग्री, हरी चूड़ियां, बिंदी, घरेलू सामानो की काफी बिक्री हुई। वहीं जलेबी, चाट पकौड़ों की भी दुकानों पर भीड़ लगी रही। परिसर में स्थापित राधा कृष्ण महावीर, सूर्य मंदिरो में पूजा अर्चना को ले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कई मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई वहीं कई मंदिरों में देर रात तक भजन कीर्तन में श्रद्धालु झूमते रहे। मंदिर प्रबंधन की ओर से कई जगह प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गयी थी। श्रद्धांलुओं की भीड़ को देखते हुए अभाविप के कार्यकर्ता रात दो बजे से ही तैनात थे वही ग्राम रक्षा दल के कर्मियों ने भी अपनी ड्यूटी पर तैनात दिखे।

# एनएचएम कार्यकर्ताओं ने दिया धरना सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी



निज संवाददाता

देव (औरंगाबाद)। बेमियादी हड़ताल पर चल रहे एनएचएम कार्यकर्ताओं ने सोमवार को देव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर धरना दिया। धरना के बाद अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार को दिया। गौरतलब है कि एएनएम कार्यकर्ता पिछले 15 दिन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगातार धरना-प्रदर्शन कर समान काम समान वेतन एवं सेवा नियमित करने की मांग कर रहे है। धरना -प्रदर्शन के दौरान अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे दर्जनों कर्मियों ने सीएचसी के प्रांगण में जमकर नारेबाजी भी की। सभी ने मंगल पांडेय मुर्दाबाद नीतीश कुमार मुर्दाबाद, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो हमलोग सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेंगे।हड़ताल में शामिल एनएचएम कर्मी लगातार कार्य का बहिष्कार पर है। उनकी मांग है कि एफआरएएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।